15 अप्रैल 2025
मंगलवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



दरभंगा में आयोजित हुआ एनडीए का कार्यकर्ता सम्मेलन, 24 को बिहार आ रहे पीएम

2



# पशुपति पारस की पार्टी ने एनडीए से नाता तोड़ा

## अलगाव का ऐलान

**केटी न्यूज/पटना**



बिहार की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी ने एनडीए से नाता तोड़ लिया है। आरएलजेपी के सीनियर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस ने पटना में खुद यह ऐलान किया है। उन्होंने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि हम साल 2014 से अभी तक एनडीए के साथ थे लेकिन एनडीए के लोगों ने हमारे साथ अन्याय किया है। पशुपति पारस ने कहा कि हमें एनडीए छोड़ने के लिए विवश किया गया है। पशुपति पारस ने कहा कि अगर महागठबंधन हमें सही समय पर उचित सम्मान देता है तो हम भविष्य में राजनीति के बारे में जरूर सोचेंगे।

एनडीए छोड़ने के अपने फैसले पर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी प्रमुख पशुपति कुमार पारस ने मीडिया से कहा, मैं 2014 से लेकर आज तक एनडीए के साथ था। हम एनडीए के वफादार सहयोगी थे। आपने देखा होगा कि जब लोकसभा चुनाव हुए थे, तो एनडीए के लोगों ने हमारी पार्टी के साथ अन्याय किया क्योंकि यह दलित पार्टी है। फिर भी, राष्ट्रहित में हमारी पार्टी ने चुनाव में एनडीए का समर्थन करने का फैसला किया। 6-8 महीने बाद जब भी बिहार में एनडीए की बैठक हुई, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष ने बयान जारी किया कि वे बिहार में 5 पांडव हैं, उन्होंने कहीं भी हमारी पार्टी का नाम नहीं लिया। इसलिए हम मजबूर थे। हम लोगों के बीच जा रहे हैं और सदस्यता अभियान शुरू कर दिया है। हम सभी 243 सीटों के लिए तैयारी कर रहे हैं। अगर महागठबंधन हमें सही समय पर उचित सम्मान देता है तो हम भविष्य में राजनीति के बारे में जरूर सोचेंगे। उन्होंने भारत सरकार से पूर्व केंद्रीय मंत्री रामविलास पासवान को भारत रत्न देने की मांग की।

बता दें लोकसभा चुनाव से पहले एनडीए से पशुपति पारस अलग हो गए थे। उन्होने केंद्रीय मंत्री के पद से इस्तीफा भी दे दिया था। दरअसल, बीते लोकसभा चुनाव में एनडीए के सीट बंटवारे में एक भी सीट पशुपति पारस की पार्टी को नहीं मिली थी, जबकि चिराग पासवान की एलजेपी (आर) को 5 सीटें मिली थी। जिसके बाद से पशुपति पारस नाराज चल रहे थे। हाल ही में दही-चूड़ा भोज पर उनके घर पर राजद चीफ लालू यादव भी पहुंचे थे, जिसके बाद से उनके महागठबंधन जाने की अटकलें तेज हो गई थीं।

# सम्राट के नेतृत्व में लहरेगा भाजपा का पताका: सैनी

## सियासत गर्मायी

**केटी न्यूज/पटना**



इसी साल बिहार विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में चुनाव से पहले सियासी घमासान मचना शुरू हो गया है। इसी दौरान हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी का एक बड़ा बयान सामने आया है, जिससे अब सियासी गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। बता दें कि एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम सैनी ने कहा कि इस साल बिहार चुनाव में सम्राट चौधरी के नेतृत्व में भाजपा की पताका लहराई जाएगी। वहीं सीएम सैनी जब ऐसा कह रहे थे तब बिहार के उप मुख्यमंत्री और बीजेपी नेता सम्राट चौधरी भी वहीं मौजूद थे। हालांकि राजनीतिक गलियारों में चर्चा हो रही है कि सीएम सैनी ने ऐसा क्यों कहा?

दरअसल, दिल्ली में महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय जागृति महासम्मेलन के आयोजन के दौरान हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा, 'सम्राट चौधरी जी उपस्थित हैं। हरियाणा के बाद इस बार बिहार की बारी है। विजय पताका रुकनी नहीं चाहिए, यह विजय पताका बिहार में भी लहराएगी और हमारे सम्राट चौधरी के नेतृत्व में लहराएगी।

**जदयू ने किया पलटवार:** जदयू ने सीएम सैनी के इस बयान पर नाराजगी जताया है। जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, सैनी जी पहले ही यह स्पष्ट कर चुके हैं कि इस बार बिहार चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। तो फिर इसका क्या मतलब। इस दौरान उन्होंने आगे कहा कि इसका अधिकार तो अमित शाह के पास है। जब अमित शाह जी ने पहले ही कह दिया कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा तो फिर बाकी और लोगों के बयान का क्या मतलब है।

### तेजस्वी बोले... बीजेपी में कौन सीएम नहीं बनेगा, यह तो बता दो

राजद नेता तेजस्वी यादव ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा है। तेजस्वी यादव ने दावा किया सीएम नीतीश कुमार को भाजपा ने हाईजैक कर लिया है। मुख्यमंत्री अचेत अवस्था में हैं। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने कहा, बीजेपी में कौन सीएम नहीं बनेगा? यह तो बता दो... आप उनके (एनडीए नेताओं) बीच दरार क्यों पैदा कर रहे हैं? 2 दिनों के बाद (सीएम के लिए) कोई और नाम सामने आएगा। वे आपस में लड़ते रहेंगे। बिहार के लोग राज्य में महागठबंधन-आरजेडी सरकार लाने जा रहे हैं।

## वक्फ कानून के विरोध में जल रहा प. बंगाल, भारी पुलिस बल तैनात

# दक्षिण 24 परगना में भड़की हिंसा, जमकर तोड़फोड़, पुलिस की गाड़ियों में लगाई आग

- वक्फ कानून के विरोध में निकाली गई रैली को पुलिस ने जब रोका तो उग्र हो गए प्रदर्शनकारी, करने लगे पथराव
- घटना के बाद पूरे भांगर क्षेत्र में तनाव का माहौल

**एजेंसी/कोलकाता**



पश्चिम बंगाल में वक्फ कानून के खिलाफ हिंसा थमने का नाम ही नहीं ले रही है। मुर्शिदाबाद के बाद अब दक्षिण 24 परगना जिले में सोमवार को हिंसा भड़क गई। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ियों में भी आग लगा दी और जमकर तोड़फोड़ की। वहीं प्रशासन ने अब इलाके में भारी पुलिस बल तैनात किया है। जानकारी के अनुसार दक्षिण 24 परगना के भांगर इलाके में सोमवार को इंडियन सेक्युलर फ्रंट द्वारा वक्फ कानून के विरोध में रैली निकाली गई थी। जैसे ही रैली पुलिस बैरिकेडिंग के पास पहुंची, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोका। इस पर आईएसएफ कार्यकर्ता उग्र हो गए और पथराव शुरू कर दिया। स्थिति उस समय बिगड़ गई जब प्रदर्शनकारियों ने एक वैन को आग के हवाले कर दिया। घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को बल का प्रयोग करना पड़ा।

घटना के बाद पूरे भांगर क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया है। प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। वहीं, स्थानीय लोगों में भय और चिंता का माहौल है। अधिकारी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सख्त कदम उठा रहे हैं।

विधायक नौशाद सिद्दीकी ने कहा सत्तारूढ़ पार्टी टीएमसी कह रही है कि वे इस वक्फ संशोधन अधिनियम को यहां लागू नहीं होने देंगे, हम भी यही चाहते हैं। इसलिए हम विरोध कर रहे हैं, लेकिन पुलिस ने हम पर हमला किया है। हम इसकी निंदा करते हैं और हम इसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। विरोध हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है, हमने पुलिस को सूचित किया कि हम एक रैली निकालेंगे।

**मौलवियों से मुलाकात करेंगी सीएम ममता बनर्जी:** पश्चिम बंगाल में कई जगहों पर वक्फ कानून के खिलाफ हो रही हिंसा को लेकर 16 अप्रेल को सीएम ममता बनर्जी इमाम और मौलवियों से मुलाकात करेंगी।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मुर्शिदाबाद हिंसा का मामला

मुर्शिदाबाद में वक्फ कानून के खिलाफ हुई हिंसा का मामला अब सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। बता दें कि इस हिंसा में तीन लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। शीर्ष अदालत के वकील शशांक शेखर झा ने हिंसा और मौतों की जांच के लिए एक विशेष टीम बनाने तथा इस जांच की निगरानी सर्वोच्च न्यायालय से करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट को भी लोगों की जान बचाने और आगे हिंसा रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए।

### सीएम ममता ने की अपील... प्रदर्शन करें लेकिन कानून को अपने हाथों में मत लें

राज्य में हुई हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हर धर्म और जाति के व्यक्ति को प्रदर्शन का अधिकार है लेकिन कानून अपने हाथों में मत लीजिए। उन्होंने प्रदर्शनकारियों से कहा कि कुछ लोग आपको भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं, उनकी तरफ ध्यान मत दीजिए। ममता बनर्जी ने कहा, धर्म के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए। धर्म का अर्थ है भक्ति, स्नेह, मानवता, शांति, सौहार्द, संस्कृति, सद्भाव और एकता। मनुष्य से प्रेम करना किसी भी धर्म की सर्वोच्च अभिव्यक्तियों में से एक है। हम अकेले पैदा होते हैं और अकेले मरते हैं; तो फिर लड़ाई क्यों? दंगे, युद्ध या अशांति क्यों? याद रखें, अगर हम लोगों से प्यार करते हैं तो हम सब कुछ जीत सकते हैं। लेकिन अगर हम खुद को अलग-थलग कर लेंगे, तो हम किसी को भी नहीं जीत पाएंगे। अगर किसी पर हमला होता है। चाहे वह उपेक्षित हो, उत्पीड़ित हो, वंचित हो, हाशिए पर हो या किसी भी धर्म से हो, हम सभी के साथ खड़े हैं। उन्होंने आगे कहा, हर किसी को अनुमति लेकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का अधिकार है। लेकिन मैं सभी से अपील करती हूं कि चाहे वे कोई भी हों, कानून को अपने हाथ में न लें। हमारे पास कानून के रखवाले हैं; हमें उन लोगों की जरूरत नहीं है जो कानून से बाहर काम करते हैं।



# वक्फ की जमीनों का सही उपयोग हुआ होता तो मुसलमानों को पंचर नहीं बनाना पड़ता: मोदी

- पीएम मोदी ने हिसार में हिसार-अयोध्या फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई और टर्मिनल का किया शिलान्यास
- बोले- कांग्रेस ने संविधान को सत्ता पाने का हथियार बना लिया

**एजेंसी/हिसार**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर हिसार में हरियाणा के पहले एयरपोर्ट से हिसार-अयोध्या फ्लाइट को हरी झंडी दिखाई और टर्मिनल का भी शिलान्यास किया। इस दौरान पीएम मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने संविधान को सत्ता पाने का हथियार बना लिया। जब भी उन्हें लगा कि सत्ता उनके हाथ से फिसल रही है, उन्होंने संविधान को रौंद दिया, जैसा उन्होंने आपातकाल के दौरान किया था। संविधान की भावना स्पष्ट रूप से कहती है कि सभी नागरिकों के लिए एक समान नागरिक संहिता होनी चाहिए, जिसे मैं धर्मनिरपेक्ष नागरिक संहिता कहता हूं। लेकिन कांग्रेस ने इसे कभी लागू नहीं किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि कांग्रेस ने बाबा साहब अंबेडकर के साथ क्या किया। जब वे जिंदा थे, तब कांग्रेस ने उनका बार-बार अपमान किया। उन्होंने उन्हें दो बार चुनाव हारा दिया। कांग्रेस उन्हें उखाड़ फेंकना चाहती थी, उन्होंने उन्हें सिस्टम से बाहर रखने की साजिश रची। उनकी मृत्यु के बाद, उन्होंने उनकी यादों को भी मिटाने की कोशिश की। बाबा साहब समानता के पक्षधर थे, लेकिन कांग्रेस ने पूरे देश में वोट बैंक की राजनीति का वायरस फैलाया। पीएम मोदी ने यह भी सवाल किया कि कांग्रेस किसी मुस्लिम को अपना अध्यक्ष क्यों नहीं बनाती और अपने चुनाव के 50 प्रतिशत टिकट मुस्लिम उम्मीदवारों के लिए क्यों नहीं रिजर्व करती।

**वक्फ कानून को लेकर क्या बोले पीएम मोदी:** पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ कुछ कट्टरपंथियों को ही खुश किया है। बाकी समाज बेहाल रहा, अशिक्षित रहा, गरीब रहा। कांग्रेस की इस कुनीति का सबसे बड़ा प्रमाण वक्फ कानून है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि अब नए वक्फ कानून के तहत किसी भी आदिवासी की जमीन को हिंदुस्तान के किसी भी कोने मंर उसकी संपत्ति को ये वक्फ बोर्ड हाथ भी नहीं लगा पाएगा। नए प्रावधानों से वक्फ की पवित्र भावना का सम्मान होगा। मोदी ने कहा कि वक्फ के नाम पर लाखों हेक्टेयर जमीन पूरे देश में है। इस जमीन से गरीबों का, बेसहारा महिलाओं-बच्चों का भला होना चाहिए था। आज ईमानदारी से इसका उपयोग हुआ होता तो मुसलमानों को साइकिल के पंचर बनाने की जरूरत नहीं होती। इससे सिर्फ भू-माफिया को ही फायदा हुआ। ये माफिया इस कानून के जरिए गरीबों की जमीन लूट रहे थे। सैकड़ों विधवा मुस्लिम महिलाओं ने भारत सरकार को चिट्ठी लिखी, तब जाकर सरकार ने यह बदलाव किया है।

# भगोड़ा हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी गिरफ्तार

**एजेंसी/नई दिल्ली**

पंजाब नेशनल बैंक से लोन धोखाधड़ी मामले में आरोपी भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी को बेल्जियम में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब कुछ सप्ताह पहले मीडिया में ऐसी खबरें आई थीं कि भगोड़ा हीरा कारोबारी देश में निवास कार्ड प्राप्त करने के बाद अपनी पत्नी प्रीति चोकसी के साथ देश के एंटवर्प में रह रहा है। भारतीय अधिकारियों द्वारा मेहुल चोकसी की गिरफ्तारी की तत्काल कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई। कैरेबियाई क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने वाले मीडिया आउटलेट एसोसिएटेड टाइम्स ने मार्च में बताया था कि भारतीय अधिकारियों ने बेल्जियम के अधिकारियों से उसके भारत प्रत्यर्पण की प्रक्रिया शुरू करने का अनुरोध किया है।

**पीएनबी धोखाधड़ी मामले में है आरोपी:** 65 वर्षीय मेहुल चोकसी अपने भतीजे नीरव मोदी के साथ मिलकर पीएनबी से 13,850 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा वांछित हैं। नीरव मोदी लंदन से प्रत्यर्पण का इंतजार कर रहा है। उन्होंने कथित तौर पर मुंबई में बैंक की ब्रैडी हाउस शाखा के अधिकारियों को रिश्वत देकर लेटर ऑफ अंडरटेकिंग और विदेशी ऋण पत्र का इस्तेमाल किया। देश के दूसरे सबसे बड़े बैंक पीएनबी में घोटाले के सामने आने से कुछ हफ़्ते पहले जनवरी 2018 में चोकसी भारत से भाग गया था।

# अभिनेता सलमान खान को फिर मिली जान से मारने की धमकी

**एजेंसी/मुंबई**

बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार मुंबई के वर्ली परिवहन विभाग के व्हाट्सएप नंबर पर धमकी भरा संदेश भेजा गया है। इसमें अभिनेता के घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी गई है। साथ ही धमकी देने वाले ने सलमान की कार को बम से उड़ाने की भी धमकी दी है। घटना के बाद वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी फिलहाल धमकी देने वाले की तलाश में जुट गए हैं। संदेश कहां और कैसे भेजा गया? इसकी जांच भी शुरू कर दी गई है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार को ट्रैफिक पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर संदेश मिलने के बाद सीनियर्स को सूचित किया।

## दिल्ली विवि की प्रिंसिपल बोलीं- रूम का तापमान कम करने के लिए यह उपाय किया गया है

# लक्ष्मीबाई कॉलेज की प्रिंसिपल ने कमरे की दीवार को गोबर से पोता

**एजेंसी/नई दिल्ली**



दिल्ली विश्वविद्यालय के लक्ष्मीबाई कॉलेज में कमरों की दीवारों को गोबर से लीपने का एक अजीब मामला सामने आया है. कॉलेज की प्रिंसिपल प्रत्यूष वत्सला ने खुद एक कमरे की दीवार को गोबर से पोता है।

दीवारों को गोबर से लीपने के पीछे का लॉजिक बताया जा रहा है कि गर्मी के दिनों में तपिश से बचने के लिए अगर दीवारों को गोबर से पोत दिया जाए तो गर्मी का असर कम होता है। इसलिए इन दीवारों को गोबर से पोता गया है। लक्ष्मीबाई कॉलेज की एक छात्रा ने बताया कि प्रिंसिपल ने शिक्षकों के ग्रुप में एक वीडियो साझा कर खुद इसकी जानकारी दी थी, जिसके बाद यह वीडियो छात्राओं और कॉलेज के स्टाफ के बीच में वायरल हो गया और फिर सोशल मीडिया पर भी चला गया।

दरअसल, कॉलेज की प्राचार्य प्रो. प्रत्युष वत्सला ने कॉलेज शिक्षकों के ग्रुप में वीडियो साझा करते हुए लिखा कि सी ब्लाक में गर्मी की शिकायत के लिए देसी उपाय किए जा रहे हैं। यहां जिनकी कक्षाएं हैं, उन्हें शीघ्र ही ये कमरे एक नए कलेवर में मिलेंगे। आपका शिक्षण अनुभव सुखद हो, इसका प्रयास चल रहा है। जानकारी के अनुसार लक्ष्मीबाई कॉलेज में पांच ब्लाक हैं। इनमें सी ब्लाक की इमारत पुरानी है। इसके नीचे कैंटीन चलती है और ऊपर क्लासेज चलती हैं।

इस संबंध में प्राचार्या प्रत्यूष वत्सला ने कहा कि यह एक रिसर्च के तहत एनवायरमेंटल स्टडीज विभाग द्वारा किया जा रहा है। यह हीट स्ट्रेस कंट्रोल के तहत एक मड ट्रीटमेंट है। गोकुल में भी ऐसा किया गया है। इसी के तहत हमने भी पुरानी बिल्डिंग के सेकंड फ्लोर के 6 कमरों पर यह प्रयोग किया जा रहा है। इसमें सिर्फ गोबर का इस्तेमाल नहीं हो रहा है बल्कि, गोबर, मिट्टी, रेड सैंड, जिप्सम पाउडर और मुल्तानी मिट्टी को मिलाकर के यह लेप तैयार किया गया है। इसको करने के साथ ही कमरे के टेंपरेचर को नापने के लिए भी वहां उपकरण लगाया गया है। हम यह करने के बाद देखेंगे कि इससे पहले और इसे करने के बाद कमरे के टेंपरेचर में कितना अंतर आया है। कुछ लोग बेवजह की अफवाह फैला रहे हैं।



### दरभंगा में आयोजित हुआ एनडीए का कार्यकर्ता सम्मेलन, 24 को बिहार आ रहे पीएम

# बिहार रोजगार के क्षेत्र में देश के सबसे ज्यादा पोटेंशियल राज्य के रूप में उभरेगा: संजय झा

**केटी न्यूज/पटना**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अप्रैल को बिहार आ रहे हैं। पीएम के कार्यक्रम की तैयारी में केवल भारतीय जनता पार्टी ही नहीं बल्कि पूरा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन जुटा हुआ है। इसके साथ ही आगामी विधानसभा चुनाव में किसी तरह की कोई चूक न हो, इसके लिए एनडीए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहा। दो दिन पहले ही पटना में एनडीए की बैठक हुई थी। अब सोमवार को दरभंगा में एनडीए का कार्यकर्ता सम्मेलन दरभंगा के ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के जुबली हॉल में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन का उद्घाटन जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, बिहार सरकार के मंत्री नीतिन नवीन, संजय सरावगी और समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने किया। इस दौरान एनडीए के सभी जिलाध्यक्षों ने सभी अतिथियों को पाग, चादर और माला पहनाकर स्वागत किया।

जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बिल्कुल उजड़ा हुआ बिहार मिला था, जिसे सुधारने में उन्हें 10 से 15 साल लगे। अब बिहार पटरी पर आने लगा है और इससे लगता है कि जो पलायन हुआ था, वह अब वापस बिहार की तरफ रिवर्स पलायन होगा। बिहार बड़ी उड़ान भरने के लिए तैयार हो रहा है क्योंकि डबल इंजन की सरकार चल रही है। केंद्र सरकार की तरफ से बड़ा सहयोग मिल रहा है, जिससे खासकर मिथिला क्षेत्र का भी काफी विकास हुआ है, खासकर एयर कनेक्टिविटी के मामले में। ऐसे में यदि बिहार के बाद कहीं भी निवेश की बात होगी, तो उसमें मिथिला क्षेत्र और दरभंगा सबसे आगे होंगे।

संजय झा ने कहा कि आगे जो भी बिहार में उद्योग या निवेश होगा, वह सबसे व्यापक पैमाने पर मिथिला और दरभंगा में लगेगा। मखाना बोर्ड या मखाना से जुड़े व्यवसाय का अनुमानित मूल्य 3000 से 5000 करोड़ के बीच है। यह सब कोई सपना नहीं है, इन सभी चीजों पर तेजी से काम हो रहा है। अब अगले तीन-चार वर्षों में उद्योग लगाने का सिस्टम बन गया है, जबकि इससे पहले यहां दिक्कत थी। अब यहां बिजली, पानी, सड़क और कानून व्यवस्था सब दुरुस्त हो गई है। अब निवेश आना शुरू होगा और बिहार सरकार तथा केंद्र सरकार की नीति के तहत उद्योग लगाने का प्रावधान भी चल रहा है। उन्होंने कहा कि अगले तीन साल में बिहार रोजगार के क्षेत्र में देश के सबसे ज्यादा पोटेंशियल राज्य के रूप में उभरेगा।




### आगामी चुनाव सीएम नीतीश कुमार के चेहरे पर ही होगा

एनडीए के सम्मेलन को संबोधित करते हुए संजय झा ने कहा कि अब तो देश के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने खुद कहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चेहरे पर ही होगा। मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मधुबनी में होने वाली रैली को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह रैली भागलपुर से भी ऐतिहासिक होने वाली है।


## वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई रोक नहीं सकता: राज्यपाल

**पटना।** बिहार के महामहिम राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सोमवार को दरभंगा में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने पहले ख्वाजा गरीब नवाज कॉलेज ऑफ नर्सिंग के दीक्षांत समारोह का उद्घाटन किया, फिर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से प्रस्तावित नए भवन का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ भूमि पूजन किया। राज्यपाल ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हमें बिना संतुष्ट हुए निरंतर आगे बढ़ते रहना है। देश में जो सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं, उससे यह संकल्प स्पष्ट नजर आता है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई रोक नहीं सकता। ख्वाजा गरीब नवाज कॉलेज ऑफ नर्सिंग की ओर से आयोजित दीक्षांत समारोह का उद्घाटन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी और पूर्व केंद्रीय मंत्री अली असरफ फातमी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक तकवीम अख्तर ने राज्यपाल को चांदी का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।दीक्षांत समारोह में राज्यपाल ने कॉलेज से उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को उपाधियां और सम्मान पत्र प्रदान किए।

## जेपी गंगा पथ पुल में दरार, मंत्री ने दिए जांच के आदेश

**केटी न्यूज/पटना**

पटना में जेपी गंगा पथ पुल में दरार की सूचना पर बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने जांच के आदेश दिए हैं। सोमवार को दरभंगा पहुंचे मंत्री ने बताया कि उन्हें भी इस संबंध में जानकारी मिली है और उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए विभागीय अधिकारियों को तुरंत जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि दरभंगा से लौटने के बाद मंगलवार को वह स्वयं पटना में पुल का निरीक्षण करेंगे। मंत्री ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि यह दरार नहीं है, बल्कि दो पिलरों के जॉइंट के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, जो तकनीकी दृष्टिकोण से सामान्य है। इसके बावजूद उन्होंने पूरी रिपोर्ट तलब की है और बिहार स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के सीजीएम स्तर के अधिकारियों को जांच के लिए मौके पर भेजा गया है। उन्होंने दोहराया कि पुल की संरचना को लेकर किसी तरह की गंभीर चिंता की बात सामने नहीं आई है, फिर भी एहतियातन जांच की जा रही है। गौरतलब है कि नौ अप्रैल को लोकार्पण के चार दिन बाद ही दीदारगंज के पास जेपी गंगा पथ पुल के पाया नंबर ए 3 पास पर सड़क पर बड़ी दरार देखी गई है। यह दरार गंगा पथ के दोनों ओर स्पष्ट दिख रही है।




## मुजफ्फरपुर में तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर, मां-बेटे की मौत, बेटी गंभीर

**केटी न्यूज/पटना**

मुजफ्फरपुर जिले के हथौड़ी थाना क्षेत्र के बरहेता के पास रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई, जबकि उनकी बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई। बताया जा रहा है कि तीनों लोग गरहां थाना क्षेत्र में आयोजित मेले से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मां और बेटी गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान महिला की भी मौत हो गई, जबकि बेटी की हालत नाजुक बनी हुई है और उसका इलाज जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के बाद कार सवार मौके से फरार हो गए।

आक्रोशित ग्रामीणों ने पीछा कर कार को खेत में पलटा दिया ताकि आरोपी फरार न हो सकें। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार में राजद का झंडा लगा हुआ था और उसमें सवार तीन से चार युवक नशे में धुत थे। इधर, सूचना मिलने पर हथौड़ी और गरहां थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और कार को जब्त कर लिया। पुलिस को कार से सिगरेट और नशे के अन्य सामान भी बरामद हुए हैं। आशंका जताई जा रही है कि नशे की हालत में गाड़ी चलाते हुए इस हादसे को अंजाम दिया गया। मृतकों की पहचान रामपुर हरि थाना क्षेत्र के नरकटिया गांव निवासी 39 वर्षीय ललिता देवी और उनके 19 वर्षीय बेटे अमन कुमार के रूप में हुई है। घायल लड़की ललिता देवी की बेटी है, जिसकी शादी तय हो चुकी थी। परिवार के अनुसार, देर शाम तीनों मेला देखने गए थे और रात करीब 12:30 बजे लौटते समय यह हादसा हुआ। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी के अनुसार, परिजनों के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जाएगी।

## वैशाली में मिनी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन

**पटना।** वैशाली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र स्थित रसूलपुर गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर मिनी शराब फैक्टरी का उद्भेदन किया है। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में देशी शराब, शराब बनाने वाले केमिकल, खाली बोतलें, रैपर, एक पंचिंग मशीन और दो कार जब्त की गई हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि पुलिस ने मौके से 'पुलिस' लिखा हुआ नंबर प्लेट भी बरामद किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जबकि शराब बनाने के काम में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। छापेमारी का नेतृत्व प्रशिक्षु आईपीएस व लालगंज थानाध्यक्ष शैलजा ने किया, वहीं एसआई संतोष कुमार की भूमिका भी सराहनीय रही।




## नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी का चेहरा किसी भी हालत में स्वीकार नहीं: यशवंत कुमार

**पटना।** कांग्रेस के एक नेता ने गठबंधन के खिलाफ बयान देकर राजनीतिक गर्माहट बढ़ा दी है। कांग्रेस पार्टी के लीगल सेल के उपाध्यक्ष यशवंत कुमार ने कहा है कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी का चेहरा उन्हें किसी भी हालत में स्वीकार नहीं है। कांग्रेस नेता ने तो यहां तक कह दिया कि तेजस्वी यादव पर एक आरोप है, जो चुनाव में जीत का बाधा बनेगा। कांग्रेस नेता के इस बयान पर भाजपा नेता नीरज कुमार ने तंज कसते हुए कहा है कि हम लोग शुरू से कहते आ रहे हैं कि कांग्रेस तेजस्वी यादव को कभी भी मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं करेगी। क्योंकि उनका जो काला इतिहास है, उनका पीछा छोड़ नहीं रहा है। बिहार में जो राष्ट्रीय जनता दल का जंगल राज रहा है, इतिहास उसका पीछा छोड़ेगा नहीं।

## वैशाली साइबर थाना की पुलिस ने दो ठगों को किया गिरफ्तार, भारी मात्रा में मिले दस्तावेज

**केटी न्यूज/पटना**

वैशाली साइबर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर काजीपुर थाना क्षेत्र के पहेतिया गांव में छापेमारी कर साइबर ठगी से जुड़े दो युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से बड़ी मात्रा में तकनीकी उपकरण और फर्जी दस्तावेज बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार किए गए आरोपितों की पहचान उमाकांत साहनी के पुत्र निखिल कुमार और दिनेश साहनी के पुत्र मनदीप कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक लैपटॉप, चार मोबाइल फोन, 309 एटीएम कार्ड, 234 सिम कार्ड, एक माइक्रो एटीएम, एक फिंगरप्रिंट स्कैनर, 53 लोगों के आधार कार्ड की छायाप्रतियां, कई डायरी, दस्तावेज और मनरेगा योजना से संबंधित 35 फाइलें बरामद की हैं। साइबर डीएसपी चांदनी सुमन ने थाना परिसर में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी।

मौके पर सदर टू एसडीपीओ ओमप्रकाश भी मौजूद रहे। डीएसपी चांदनी सुमन ने बताया कि दोनों आरोपित मनरेगा योजना के अंतर्गत मजदूरों की राशि निकालकर हड़प लिया करते थे। इसके अलावा ये लोग 'दानवी फाइनेंस सर्विस लिमिटेड' नाम की फर्जी फाइनेंस कंपनी बनाकर आम लोगों से ठगी करते थे। उनके पास इस कंपनी के नाम का कोई वैध लाइसेंस नहीं है।

गुप्त सूचना के आधार पर साइबर थाना की टीम ने काजीपुर थाना के सहयोग से पहेतिया गांव में छापेमारी की। इस दौरान आरोपी मनदीप कुमार पुलिस को देख भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे सशस्त्र बलों की मदद से पकड़ लिया गया। उसकी तलाशी में दो मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, फर्जी फाइनेंस कंपनी से जुड़े दस्तावेज, आधार कार्ड और अन्य कागजात बरामद किए गए। इसके बाद मनदीप की निशानदेही पर निखिल कुमार के घर पर छापेमारी की गई। वहां से दो मोबाइल फोन, 309 एटीएम कार्ड, 234 सिम कार्ड, एक माइक्रो एटीएम डिवाइस, एक फिंगरप्रिंट स्कैनर, मनरेगा की 35 फाइलें, 32 लोगों के आधार कार्ड की छायाप्रतियां और एक डायरी बरामद की गई। पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि वे फर्जी लोन देने के बहाने लोगों से उनके दस्तावेज और आधार कार्ड लेकर ठगी करते थे। इसके अलावा वे फिनो पेमेंट बैंक में मजदूरों के नाम पर खाते खुलवाकर, उसमें मनरेगा की राशि आने पर कुछ रकम मजदूरों को देकर शेष राशि अपने या अन्य खातों में ट्रांसफर कर लेते थे।

### एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने समस्तीपुर पहुंचे महाभारत के भीष्म पितामह

# जितने मंदिर खोले जाते हैं, उतने स्कूल खोले जाएं तो बदल सकती है देश की तस्वीर : मुकेश खन्ना

**केटी न्यूज/पटना**

धारावाहिक महाभारत में भीष्म पितामह का किरदार निभाने वाले अभिनेता मुकेश खन्ना सोमवार को समस्तीपुर पहुंचे। एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बिहार की शिक्षा और राजनीति पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि कभी शिक्षा का गढ़ रहा बिहार आज अपने मूल्यों से भटक गया है। नालंदा जैसी विश्वविख्यात संस्था वाले राज्य में अब परीक्षा के दौरान खिड़कियों से नकल कराते अभिभावक नजर आते हैं, जो बेहद शर्मनाक है। खन्ना ने बताया कि हाल के दिनों में उन्होंने बिहार के कई स्कूलों का उद्घाटन किया है।

इस दौरान उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ा दान बताते हुए कहा कि अगर जितने मंदिर खोले जाते हैं, उतने स्कूल भी खोले जाएं, तो देश की तस्वीर बदल सकती है।



राज्य की राजनीतिक स्थिति पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार आज भी लालू और आलू से ऊपर नहीं उठ पाया है। सड़कें नहीं बनीं, विकास ठप है। उन्होंने याद किया कि एक बार लालू यादव ने बिहार की सड़कों की तुलना हेमा मालिनी के गालों से की थी, जो उन्हें अनुचित लगा। मुकेश खन्ना ने कहा कि बिहार में हर घर में कट्टा है। जनता को भी अब समझदारी दिखानी होगी और सही नेताओं का चुनाव करना होगा। उन्होंने राजनीति को आम जनजीवन पर हावी बताते हुए कहा कि लोगों को पहले खुद सिविलाइज होना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि मेरा देश प्रगति पर है, तो फिर बिहार प्रगति पर क्यों नहीं है? यहां ट्रेनों में लोग लटक-लटककर सफर करते हैं। 50 और ट्रेनें चलाई जाएं, बुलेट ट्रेन जैसी योजनाएं बंद की जाएं जो आम जनता के काम की नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि देश की राजनीति ऐसी हो गई है कि जो प्रधानमंत्री बनता है, उसे पूरे देश का राजा बना दिया जाता है। नहीं तो कोई कोलकाता से कहता है कि हम उसे यहां नहीं आने देंगे। देश किसी के बाप का नहीं है।



# सिर्फ वादा नहीं, समस्याओं का समाधान करने आया हूं, इसलिए स्टांप पेपर पर दे रहा हूं आश्वासनः रवि

◆ बाबा साहेब के तैल्य चित्र पर माल्यापर्ण कर रवि उज्जवल ने शुरू किया जनता एग्रीमेंट पद यात्रा, ग्रामीणों ने की जमकर सराहना, शामिल हुए सैकड़ों लोग

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मैं सिर्फ वादा करने नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं का समाधान करने आया हूं, इसलिए बिना हिचक स्टांप पेपर पर जनता को लिखित आश्वासन दे रहा हूं। मैने बाबा साहेब के आगे सिर झुकाकर तथा उन्हें माला पहना यह यात्रा शुरू की है। उक्त बाते जदयू नेता सह जदयू के डुमरांव विधानसभा के पूर्व प्रभारी रहे रवि उज्जवल ने कही। सोमवार को बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती पर डुमरांव विधानसभा के अंतर्गत नुआंव पंचायत से बाबा साहब के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर अपने बहुचर्चित जनता एग्रीमेन्ट पद यात्रा की शुरूआत किए। पहले दिन वे आधा दर्जन पंचायतों में पहुंचे तथा ग्रामीणों की समस्याएं सुनी व उसके समाधान के लिए स्टांप पेपर पर लिखित एग्रीमेंट किया कि यदि मुझे जनता ने मौका दिया तो साढ़े चार साल में ही आपसे किये वादों को पूरा कर दूंगा नहीं तो आप मुझपर कानूनी कार्रवाई कर सकते है। पदयात्रा का हजारों लोगों का समर्थन मिला। डुमरांव प्रखंड के



नुआंव, सोवां, छतनवार, लाखनडिहरा, नंदन आदि पंचायतों में जाकर लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुनकर स्टांप पर लिखित वादा दिया। ग्रामीणों ने कहा कि ऐसा कोई पहली बार नेता आया है, जो स्टांप पर लिखित वादा कर रहा है। सभी पंचायत में पद यात्रा के दौरान रवि उज्जवल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आपलोग सामान की खरीददारी करते है तो उसकी गारंटी मागते है, तो अब नेताओं के काम की भी गारंटी लिखित लीजिए।

उन्होंने लोगों से कहा कि डुमरांव विधानसभा की जनता देश में एक नई राजनीतिक बदलाव की शुरूआत करें। रवि ने कहा कि यदि मौका मिला तो मैं पांच साल में ही पूरे विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदल कर रख दूंगा। वहीं, ग्रामीणों ने कहा कि अब कोई प्रतिनिधि आया तो उससे हमलोग स्टांप पेपर पर लिखित एग्रीमेन्ट लेंगे, रवि उज्जवल ने ये बहुत बड़ा कदम उठाए है। ये हमलोगों की आंख खोल दिये है, नई सोच की राजनीति है। रवि उज्जवल के इस कदम का लोगों ने जमकर सराहना की और कहा कि अब झूठे वादे कर जनता को मुर्ख बनाने वाले नेताओं की दाल नहीं गलेगी।

## पहले अपने कार्यों का हिसाब दें स्थानीय विधायक

एक सवाल के जबाव में रवि उज्जवल ने कहा कि डुमरांव विधायक डॉ. अजित अजित कुमार सिंह को विधानसभा में सवाल उठाने के बजाय अपने कामों का हिसाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं जनता को जगाने आया हूं। जनता अब सिर्फ उनके सवालों को ही नहीं सुनेगी बल्कि उनसे उनके कामों का हिसाब भी मांगेगी। रवि ने कहा कि आने वाले समय में राजनीति में थोथेबाजी नहीं चलेगी, बल्कि जन प्रतिनिधियों को धरातल पर काम करना होगा। पदयात्रा के दौरान लोगों को इस बात के लिए भी जागरूक किया जाएगा कि वे अपने जनप्रतिनिधियों से उनके कामों का हिसाब ले, इसके बाद ही यह तय करें कि उन्हें वोट देना है कि नहीं। पदयात्रा में साथ चलने वालों में जद (यू) डुमरांव के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बिरेन्द्र कुशवाहा, नावानगर प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष सरदार कुशवाहा, सम्राट अशोक क्लब के जिलाध्यक्ष पप्पु कुशवाहा, गुरूदयाल सिंह, सत्येन्द्र कुशवाहा, मदन प्रसाद, जयप्रकाश सिंह, बबन कुशवाहा, लक्ष्मण कुशवाहा, सत्यनारायण ठाकुर, जगजीवन राम, राजन सिंह, गणेश सिंह, गोपालजी, गोरख चौधरी, अशोक सिंह, प्रो. अखिलेश्वर सिंह, तेज नारायण मौर्य, रामबचन, इदर राम, विद्या दत्त, रंजन मौर्य, गौतम मौर्य, टनटन, अंकित, पियूष, सचिन, रितेश, करिया राम इत्यादि लोग मौजूद थे।

## खबरें फटाफट

### अम्बेडकर जयंती पर निकली भव्य झांकी और जुलूस

**केसठ।** प्रखंड क्षेत्र में सोमवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विभिन्न संस्थाओं और सामाजिक संगठनों की ओर से भव्य झांकियां और जुलूस निकाले गए, जिनमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत पंचायत सरकार भवन के समीप स्थित भीम राव स्थल से डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर झंडे की स्थापना कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में पंचायत मुखिया अरविंद कुमार यादव उर्फ गामा पहलवान और राजद की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष डॉ. विद्या भारती ने संयुक्त रूप से झंडी दिखाकर भीमवाड़ी रथ को रवाना किया। इसी कड़ी में राजद के वरिष्ठ नेता सुनील कुमार यादव उर्फ पप्पू यादव ने भी नया बाजार में भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाई। उन्होंने उपस्थित लोगों को उनके मार्गो पर चलने के लिए शपथ दिलाई। डॉ विद्या भारती ने भी महिला कार्यकर्ताओं ने भीम राव अंबेडकर की जयंती मनाई।

## शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों को दिया जाएगा योजनाओं को लाभ

# 19 से हर बुधवार और शनिवार को प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में लगेगा विशेष शिविर

◆ जिला प्रशासन ने शुरू किया सरकार आपके द्वार, हर टोला-हर परिवार-हर सेवा कार्यक्रम

**केटी न्यूज/बक्सर**





भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर सोमवार को डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत प्रभारी जिलाधिकारी कुमारी अनुपम सिंह की उपस्थिति में दलसागर महादलित टोला, प्रखंड बक्सर में विशेष विकास शिविर का शुभारंभ किया गया। प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष विकास शिविर का उद्देश्य सभी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति टोलो में विशेष अभियान चलाकर लोक कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के व्यक्तियों को योजना का लाभ देना एवं अभियान के दौरान जो छुट गए हो, उन्हे भी ऑन-स्पॉट लाभ दिलाना हैं।

प्रभारी डीएम ने कहा कि 19 अप्रैल से प्रत्येक सप्ताह बुधवार एवं शनिवार को प्रत्येक प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में माईक्रोप्लान के अनुसार सुबह आठ बजे से शिविर का आयोजन किया जाना है। शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों को योजनाओं को लाभ दिया जाएगा। इसके लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसमें जरूरतमंदों की खोज की जा रही है।प्रस्तावित टोलों में विशेष विकास शिविर के पूर्व ही योजनाओं के आच्छादन हेतु संबंधित विभागो से ऑफ लाईन-ऑनलाईन आवेदन प्राप्त करने एवं उसका निष्पादन कराने के लिए प्रभारी जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी व कर्मी को निदेशित किया गया। उन्होंने कहा कि छुटे हुए लाभुक का आवेदन शिविर में ऑन स्पॉट प्राप्त कर उसका निष्पादन करना आवश्यक है। प्रभारी जिलाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को प्रभावी अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। शिविर के माध्यम से राशन कार्ड, उज्जवला योजना, औपचारिक शिक्षा हेतु विद्यालय में दाखिला, लाभुको को ऑगनबाड़ी केन्द्र से जोड़ना, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से आच्छादन, आधार कार्ड निर्माण, कुशल युवा प्रोग्राम व कौशल विकास कार्यक्रम अन्तर्गत प्रशिक्षण, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, ई-श्रम कार्ड, बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कल्याण बोर्ड में निबंधन, आयुष्मान भारत कार्ड, स्वास्थ्य कार्ड, हेल्थ कैंप, प्रधानमंत्री आवास योजना से आच्छादन, वास-भूमि, बासगीत पर्चा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बुनियाद केन्द्र से संबंधित योजनायें हर घर नल-जल योजना का आच्छादन, मुख्यमंत्री ग्रामीण पक्की गली नाली निश्चय योजना, मनरेगा जॉब कार्ड से आच्छादन, प्रधानमंत्री जन-धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से आच्छादन, बिजली कनेक्शन, जीविका समूह, सतत जीविकोपार्जन योजना से आच्छादन, ग्रामीण कार्य विभाग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, लोहिया स्वच्छता अभियान, सामुदायिक शौचालय, व्यक्तिगत शौचालय आदि योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा। मौके पर बीडीओ साधु शरण पांडेय सहित अन्य मौजूद थे।

## एक नजर

### शॉर्ट सर्किट से गेहूं की फसल में लगी आग, साढ़े तीन बीघे की फसल राख

**चौगाई।** मुरार थाना क्षेत्र के ओझा बारांव गांव के बधार शॉर्ट सर्किट से लगी आग में दो किसानों के करीब साढ़े तीन बीघे की गेहूं की खड़ी फसल जल गई है। हालांकि, ग्रामीणों के साहस, सुझबूझ व एकजुट प्रयास से शीघ्र आग पर काबू पा लिया गया। आग पर काबू पाए जाने के बाद ही फायर वाहन मौके पर पहुंचा। अगलगी की इस घटना में ग्रामीण विजय ओझा के दो बीघा व धन बिहारी पासवान का डेढ़ बीघा खेत का गेहूं जल गया है। वहीं, ग्रामीणों ने लाठी-डंडे, पानी तथा ट्रैक्टर के सहारे आग पर काबू पाया। इस दौरान स्थानीय गांव निवासी शिक्षक विजय सिंह व उनके पुत्र रूदल सिंह ने अपने जान की परवाह छोड़ फसल को बचाने में सराहनीय प्रयास किए। ग्रामीणों का कहना है कि यदि आग पर जल्दी काबू नहीं पाया गया होता है तो यह आग कई अन्य किसानों के खेत को अपने आगोश में ले लेता। बहरहाल घटना के बाद अंचल प्रशासन नुकसान के आंकलन में जुट गया है। गौरतलब है कि गर्मी बढ़ने के साथ ही जिले में अगजनी की घटनाएं बढ़ गई हैं। पिछले साल भी खेतों में आग लगने की कई घटनाएं हो चुकी हैं बावजूद इसके प्रशासन की ओर से इसे रोकने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा सका है।

### राजद कार्यकताओं ने मनाई बाबासाहेब की जयंती

**डुमरांव।** डुमरांव के नगर भवन के सभागार में राजद कार्यकताओं ने संविधान निर्माता बाबा साहेब की जयंती मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद के नगर अध्यक्ष मुन्ना खां व संचालन मनोज कुमार ठाकुर ने की। इस दौरान पार्टी कार्यकताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया और उनके व्यक्तित्व पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकताओं ने कहा कि भारत के संविधान निर्माण में बाबा साहेब ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। जिसे आज पूरा देश अनुकरण कर रहा है। संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आजीवन सदियों से शोषित वंचित दलित व पिछड़े समाज के सर्वांगीण विकास के लिये संघर्ष करते रहे। इस दौरान सदस्यों ने कहा कि बाबासाहेब ने भारतीय समाज में व्याप्त छुआ-छूत जैसे भेदभाव को समानता का अधिकार देकर सभी भारतीय को संवैधानिक रूप से एक कर दिया। वे एक समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, कानूनीवादी, इतिहासकार, संपादक तथा मानवशास्त्री थे। मौके पर पूर्व प्रदेश महासचिव अखिलेश यादव, मेहंदी हसन, पवन खरवार, राजेश कुमार, धर्मेंद्र यादव, डॉ. हरेंद्र, भुवर सिद्दीकी, संजय यादव, राजकुमार राम व गुड्डू खां मौजूद रहे।

## कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति ने डॉ. अंबेडकर जयंती समारोह किया आयोजित



**केटी न्यूज/बक्सर**

बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति, जिला शाखा बक्सर द्वारा सोमवार को दक्ष प्रजापति भवन नई बाजार बड़ी मस्जिद के पास में एक भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का सफल आयोजन किया गया। इस समारोह में वर्ष 2025 की मैट्रिक और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि, साइबर क्राइम इंस्पेक्टर राम रतन प्रजापति द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। इसके बाद डॉ. भीमराव अम्बेडकर के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात कृषि वैज्ञानिक डॉ. देवकरण प्रजापति ने जबकि संचालन उपेंद्र प्रजापति ने किया। मुख्य अतिथि राम रतन ने अपने उद्बोधन में डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जिस प्रकार बाबा साहेब ने कठिन परिस्थितियों में शिक्षा अर्जित कर समाज में उच्च स्थान प्राप्त किया, उसी प्रकार आप सभी बच्चों को भी बाधाओं को पार कर शिक्षा को प्राथमिकता देनी होगी। शिक्षा ही समाज को आगे ले जाने का सबसे सशक्त माध्यम है। कार्यक्रम में बुद्धिजीवियों और समाजसेवियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## नावानगर में तेज आंधी-पानी के साथ ओलावृष्टि ने तोड़ी किसानों की कमर

**केटी न्यूज/नावानगर**



स्थानीय प्रखंड क्षेत्र में सोमवार की दोपहर को तेज आंधी-पानी के साथ ओलावृष्टि ने किसानों की कमर तोड दिया है। खेतों में पककर तैयार गेहूं, चना व सरसों की फसलों के साथ सब्जी फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। प्रखंड क्षेत्र के सोनवर्षा पंचायत के स्थानीय गांव व आसपास के गांवों के किसानों के अनुसार क्षेत्र गेहूं की खेती व्यापक पैमाने पर होती है। अभी खेतों में 75 फीसदी से अधिक फसल लगे हुए थे। जिनकी कटाई होनी शेष थी। पर पिछले सप्ताह हुई बेमौसम बारिश, आंधी से किसान फसल को लेकर काफी चिंतित थे। रही सही कसर सोमवार दोपहर को ओलावृष्टि ने कर दिया। यूं कहा जाए कि ओलावृष्टि से खेतों में लगी गेहूं की फसलों को बर्बाद कर दिया। ओलावृष्टि से पके हुए गेहूं के दाने झड़ गए। वहीं सब्जी की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा। स्थिति ऐसी है कि तेज आंधी पानी के साथ ओलावृष्टि से किसानों के मेहनत पर पानी फिर गया है। क्षेत्र के हजारों एकड़ खड़ी गेहूं चना व सरसों की फसल धराशाई हो गई है और इसका सीधा नुकसान किसानों को पहुंचा है। इस क्षेत्र लिए लोगों के आजीविका का एकमात्र साधन कृषि ही है। किसान नेता मंटू पटेल, कलामुद्दीन, बीडीसी अजय गुप्ता, मुखिया प्रतिनिधि नंदकुमार, अरुण पांडेय, मनटन पाण्डेय समेत सैकड़ों किसानों संबंधित विभाग से फसल क्षति का आकलन कराकर मुआवजा देने की प्रक्रिया करने की मांग की है।

## बहुजन समाज के लोगों ने बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने की आमजनों से की अपील

# बोले अनिल कुमार... डबल इंजन की सरकार संविधान विरोधी, शोषित वंचितों से करती है भेदभाव

**केटी न्यूज/बक्सर**



देश के संविधान शिल्पकार बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर आज बक्सर में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान बहुजन समाज के लोगों ने शोभा यात्रा में भाग लेकर बाबा साहब के विचारों को आत्मसात करने की अपील आमजनों से की। मौके पर बसपा प्रभारी अनिल कुमार ने बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहब बहुजन हितैषी थे। उन्होंने बहुजनों के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। आज देश में संविधान लागू हुए 75 वर्ष हो गए है, लेकिन आज भी बहुजन बदहाली की जिन्दगी जीने को मजबूर हैं।

शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं आवास जैसे बुनियादी मुद्दे के लिए हम आज भी संघर्ष कर रहें हैं। बाबा साहेब के संविधान ने हम बहुजनों को पढ़ने- लिखने, नौकरी, मान-सम्मान एवं सामाजिक समानता प्रदान किया, आज उस संविधान को देश और प्रदेश की सरकार बदलने के प्रयास में लगी है. वर्तमान सरकार शोषित, दलित वंचित, पिछड़ों - अति पिछड़ों के साथ भेदभाव कर रही है. उन्होंने कहा कि हम शोषित, दलित, वंचित का अधिकार खा करके यह सरकारें आगे नहीं बढ़ सकती है। बाबा साहब ने हमें संविधान में जो संवैधानिक हक और अधिकार दिया है उसे देना पड़ेगा. आज वक़्त आ गया है कि हम सब एकजुट होकर संविधान के सुरक्षा के प्रति संकल्पित हो। तभी हम अपने महापुरुषों के सपने का सामाज, सपने का भारत बना पाएंगे। शोभा यात्रा किला मैदान से शुरू होकर पीपी रोड, सिंडिकेट, गोलंबर, मेन रोड शहर, ठठेरी बाजार, ज्योति चौक, अम्बेडकर चौक होते हुए मठिया मोड़ तक निकाली गई. अम्बेडकर चौक पर प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार एवं बसपा नेताओं ने बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। मौके पर जिलाध्यक्ष सुभाष गौतम, प्रदेश महासचिव अभिमन्यु कुशवाहा, मिथलेश कुमार, दीपक राजा, जनार्दन राम समेत पार्टी के कार्यकर्ता, समर्थक, महिला एवं पुरुष के साथ सैकड़ों की संख्या में बाबा साहब को मानने वाले लोग मौजूद रहे।






# बकायेदार राशि को शीघ्र कराएं जमा, नहीं तो होगी सख्त कार्रवाई : डीएम

- जिले में 245.49 करोड़ रूपए के लंबित है 12387 नीलाम पत्र वाद, डीएम ने संबंधित अधिकारियों से मामलों के तेजी से निष्पादन का दिया निर्देश

केटी न्यूज/बक्सर



जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने जिले के वैसे देनदार जिनके द्वारा बैंको के ऋण को चुकता नहीं किया है तथा सरकारी विभाग के बकाया राशि का भुगतान नहीं किया है, उनसे शीघ्र बैंक या संबंधित विभाग का पैसा जमा करने की अपील की है और कहा है कि ऐसा नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि नीलाम पत्र पदाधिकारियों के न्यायालय में अब तक कुल 12387 नीलाम पत्र वाद लंबित है, जिसमें कुल सन्निहित राशि 245.49 करोड़ रुपए है। नीलाम पत्र वाद में सन्निहित राशि की वसूली के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले के विभिन्न नीलाम पत्र पदाधिकारियों द्वारा बक्सर जिला क्षेत्र के बकायदारों के विरूद्ध कुल 356 कुर्की जब्ती वारंट एवं 582 गिरफ्तारी वारंट निर्गत किया गया है। कुर्की जब्ती वारंट एवं गिरफ्तारी वारंट के निष्पादन व क्रियान्व्यन के लिए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक शुभम आर्य के संयुक्त निर्देश पर संबंधित थानाध्यक्ष द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 14 अप्रैल तक कुल 21 कुर्की जब्ती एवं 50 गिरफ्तारी वारंट का निष्पादन के क्रम में देनदारों को गिरफ्तार कर संबंधित नीलाम पत्र पदाधिकारियों के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार देनदारों से बकाये राशि की वसूली की गयी है तथा जिन बकायदारों द्वारा राशि जमा नहीं किया गया उन पर नियमानुसार विधिसम्मत अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता एवं डुमरांव तथा अनुमंडल पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव को निर्देशित किया गया है कि अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत थानाध्यक्षों से समन्वय स्थापित कर निर्गत कुर्की जब्ती वारंट एवं गिरफ्तारी वारंट के निष्पादन के लिए आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि अधिक से अधिक वादों को निष्पादित व राजस्व की वसूली किया जा सकें।

साथ ही जिलाधिकारी ने सभी बकायदारों से अपील भी किया है कि अपने बकाये राशि को जल्द से जल्द संबंधित बैंक या संबंधित विभाग में जमा कर दें नहीं तो उनपर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि उन बकायदारों को भी चिन्हित किया जा रहा है कि जिन्होंने इस जिले से ऋण लिया था। परंतु बाद में दूसरे जिला या राज्य में चले गये है। वैसे बकायदारों का भी चिन्हित करते हुए नोटिस भेजा जा रहा है। उनके खिलाफ सख्त कदम उठाया जा रहा है।

## एक नजर

### प्रथम श्रेणी से मैट्रिक पास करने वाले छात्रों को संस्कृत शिक्षण केन्द्र डुमरी ने किया सम्मानित



**डुमरांव।** संस्कृत शिक्षण केन्द्र डुमरी में एक समारोह आयोजित कर इस वर्ष के मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उतीर्ण करने वाले गांव के छात्रों को मेडल, ट्राफी व प्रशसस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मैट्रिक परीक्षा में 467 अंक लाने वाली अनन्या कुमारी, 443 अंक लाने वाली मानवी कुमारी, प्रिंस कुमार 435, रौनक एवं सागर 425 अंक, राजू प्रसाद 425 अंक, अभिनव एवं राहुल कुमार 408 अंक, आशीर्वाद, धर्मराज, प्रियांशु, नैना कुमारी को भी सम्मानित किया गया। उन्हें शिक्षक उमाशंकर कुमार ने मेडल, प्रशस्तिपत्र तथा ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर वर्ष मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उतीण होने वाले गांव के छात्रों को सम्मानित किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं को सम्मानित करने से उनका उत्साह बढ़ता है तथा जीवन में और बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। इसी सोंच के साथ इस सम्मान समारोह का आयोजन प्रत्येक वर्ष किया जाता है।

### सतुआन के साथ पवित्र धार्मिक मास वैशाख आरंभ, जंगलीनाथ महादेव को किया गया जल अर्पण



**डुमरांव।** शुद्ध, पवित्र और धार्मिक मास वैशाख का सतुआन के साथ सोमवार से आगाज हो गया। मानव समाज के कल्याण के लिए शिव की कृपा बनी रहे, इसके निमित्त आज से टपक विधि से शिव का जल अर्पण किया जाता है। इसके लिए शिवालयों में शिवलिंग के ऊपर जल से भरा हुआ घड़ा लटका दिया गया है। शहर के बाबा जंगलीनाथ महादेव मंदिर के प्रांगण में शिव लिंग के ऊपर मंदिर समिति के संतोष कुमार उर्फ बब्लू केशरी, राजू गुप्ता सहित अन्य सदस्यों द्वारा जलधारा स्थापित कर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की गई। यह पर्व भगवान सूर्य के मेष राशि में आने पर मनाया जाता है। लोगों ने सुबह में स्नान-ध्यान कर कुलदेवता की पूजा किया। इसके बाद सत्तू-गुड़ और आम को प्रसाद के रूप में अर्पित कर ग्रहण किया। मंदिर और शिवालयों में भी पूजा पाठ कर शिवलिंग के उपर जलकलश स्थापित किए गए। मान्यता है कि इस दिन से मौसम बदल जाता है। यह पर्व वसंत ऋतु का अंत और ग्रीष्म ऋतु का प्रारंभ भी माना जाता है। आचार्य पं. विंध्याचल ओझा ने बताया कि चैत्र शुक्लपक्ष के दौरान आनेवाली संक्रांति के दिन सतुआन पर्व मनाने का विधान है। इस पर्व में सुबह से ही स्नान-दान का महत्व है। शिव मंदिर में शिवजी पर जल पात्र रखा जाएगा। सत्तू, आम आदि का दान किया जाएगा।

### कार व बाइक की टक्कर, में बाइक सवार युवती समेत दो घायल

**बक्सर।** बक्सर-इटाढ़ी मार्ग पर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गुरुदास पुर मठिया के पास कार व बाइक की आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार युवक व युवती गम्भीर रूप से घायल हो गए। आसपास के जुटे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। जहा युवक की हालत गम्भीर होने से चिकित्सकों ने बेहतर उपचार हेतु वाराणसी रेफर किया गया। इस घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस क्षतिग्रस्त बाइक व कार को जब्त कर घटना की जांच में जुट गई। तथा घायलों के स्थिति का जायजा में लगी है।

## खबरें फटाफट

### अश्लील गीत बजाना पड़ा महंगा, दर्ज हुआ एफआईआर

**बक्सर।** अश्लील और द्विअर्थी गीत बजाने पर एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी के निर्देश पर एक डीजे संचालक समेत दो लोगों पर तिलक राय के हाता थाना में 296(79) बीएनएस के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने मौके से एक पिकअप वाहन और डीजे साउंड सिस्टम को जब्त कर लिया है। एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि यह कार्रवाई पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर की गई है। मुख्यालय ने हाल ही में निर्देश जारी करते हुए कहा था कि सार्वजनिक स्थानों पर अश्लील और द्विअर्थी गीतों के माध्यम से समाज में गलत संदेश देने वालों के खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएं। इसी आदेश के तहत तिलक राय के हाता थाना क्षेत्र में यह कार्रवाई की गई है।
मिली जानकारी के अनुसार एक पिकअप वाहन पर लगे डीजे पर चालक और डीजे संचालक द्वारा अश्लील और द्विअर्थी गाने बजाए जा रहे थे, जिससे विधि व्यवस्था में बाधा और पुलिस मुख्यालय के नियमों का माखौल उड़ रहा था। स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस मौके पर पहुंची और गाने बंद करवाते हुए डीजे संचालक सहित दो व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया। वहीं, पुलिस ने पिकअप वाहन और साउंड सिस्टम को जब्त कर लिया है, जिससे आगे जांच में सहायता मिल सके। इस मामले में तिलक राय के थाना क्षेत्र निवासी सूर्यदेव यादव पिता भगवान यादव और पवन यादव पिता नकुल यादव पर प्राथमिकी अंकित की गई है। एसडीपीओ ने कहा कि समाज में अश्लीलता फैलाना एक गंभीर अपराध है और पुलिस प्रशासन इस पर सख्ती से नजर रख रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा और जो भी व्यक्ति कानून का उल्लंघन करता पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विदित हो पिछले कुछ समय से डीजे शहरों के साथ-साथ ग्रामीण इलाकों में होने वाले कार्यक्रमों में बजने लगा है। डीजे की तेज आवाज से कई लोगों को परेशानी होती है।

## कॉम्बैट कुश्ती चैंपियनशिप 2025 का आयोजन, विजेताओं को मिला मेडल व प्रमाणपत्र

# पूरे राज्य में गठित की जाएगी कांबैक्ट कुश्ती की जिला स्तरीय कार्यकारिणी : डॉ. रमेश सिंह





- देर रात तक चलते रही कुश्ती प्रतियोगिता
- सोमवार को खेला गया फाइनल राउंड, मौजूद रहे सैकड़ो दर्शक
- तालियां बजा की पहलवानों के दांव पेंच की हौसला अफजाई

केटी न्यूज/डुमरांव

बिहार राज्य कांबैक्ट कुश्ती संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय स्टेट चैंपियनशीप प्रतियोगिता सोमवार को पुरस्कार वितरण के साथ संपन्न हो गई। यह आयोजन डुमरांव के संत जॉन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में कराया गया था। जिसकी अध्यक्षता कांबैक्ट कुश्ती संघ बिहार के अध्यक्ष डॉ. रमेश सिंह ने किया। प्रतियोगिता के समापन पर विजेताओं को पुरस्कार, मेडल व प्रमाण पत्र देकर कांबैक्ट एसोसिएशन बिहार के अध्यक्ष डॉ. रमेश सिंह ने सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि यह कुश्ती की बिल्कुल नई विधा है तथा इसमें खिलाड़ियों को चोटिल होने का डर नहीं रहता है। उन्होंने कहा कि कुश्ती की यह विधा बहुत कम समय में पूरे देश में लोकप्रिय हो रही है। उन्होंने कहा कि बिहार में कांबैक्ट कुश्ती के प्रति पहलवानों का रूझान बढ़ा है। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में शामिल होकर महिला व पुरूष पहलवानों ने इस विधा के प्रति अपनी दिलचस्पी दिखाई है।

वहीं, कॉम्बैट एसोसियन बिहार के सचिव अरुण कुमार सिंह ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को कई महत्वपूर्ण जानकारी दिए। वहीं, कॉम्बैट एसोसिएशन बिहार के कोषाध्यक्ष सह अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी मूंजी पासवान ने खिलाड़ियों की बेहतर भविष्य के लिए संघ से कई घोषणाएं किए। प्रतियोगिता में बिहार के कई जिलों से बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिए जिसका नेतृत्व जिले से आए हुए जिला सचिव जिला अध्यक्षों ने किया। प्रतियोगिता में भारतीय कॉम्बैक्ट फेडरेशन के टेक्निकल कमेटी के अध्यक्ष चिंतामणि ने बताया कि कॉम्बैक्ट कुश्ती एक ऐसा कुश्ती है, जहां पर किसी भी प्रकार का कोई इंजरी नहीं हो सकता है। इंजरी को देखते हुए भारतीय कॉम्बैक्ट संघ के अध्यक्ष प्रवीण कुमार एवं महासचिव संजय राय ने इसमें कई बदलाव कर इतिहास बनाया। उन्होंने कहा कि कॉम्बैक्ट कुश्ती पूरे भारत में पॉपुलर हो रही है। जिसे देखते हुए कई राज्य सरकारों ने एवं केंद्र के सरकारों ने भी स्वीकृति प्रदान करने की राह पर महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है।





### बिहार राज्य कांबैक्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष बने डॉ. रमेश सिंह

**डुमरांव।** कांबैक्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों की एक बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से डॉ. रमेश सिंह को एसोसिएशन का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। वहीं, सेक्रेटरी बिहार आईजी टीम के पूर्व कोच अरूण सिंह पहलवान को तथा कोषाध्यक्ष मुनजी पासवान को बनाया गया। अध्यक्ष बनने के बाद डॉ. सिंह ने कहा कि उनका प्रयास बिहार में इस खेल को बढ़ावा देना होगा। इसके लिए सभी जिलों में इसकी कार्यकारिणी गठित करवा सघन प्रतियोगिताएं करवाई जाएगी। उन्होंने कहा कि कुश्ती की यह शैली युवा व किशोर पहलवानों के बीच बहुत कम समय में आकर्षण का केन्द्र बन गई है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही कुश्ती की इस विधा को पूरे बिहार को सबसे लोकप्रिय खेल बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्टेट चैंपियनशीप के विजेताओं को नेशनल चैंपियनशीप में पार्टिशिपेट कराया जाएगा। डॉ. सिंह ने कहा कि आने वाले दिनों में बिहार पूरे देश में कॉबैक्ट कुश्ती का नेतृत्व करेगा। यह प्रयास किया जाएगा कि खिलाड़ियों की प्रतिभा को खोजकर बाहर निकाला जाए। यहां के खिलाड़ी अंतराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के जाए। वहां से मेडल लेकर आए।

## हूटर बजा रहे चालक का एसडीपीओ ने काटा चलान

केटी न्यूज/डुमरांव



नियमों को ताक पर रख वाहन चलाने वालों तथा हूटर बजाने वालों के खिलाफ डुमरांव एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी काफी सख्त हो गए है। इसी क्रम में सोमवार को आरा बक्सर फोरलेन स्थित दलसागर टोल प्लाज के पास एक वाहन चालक द्वारा अनावश्यक हूटर बजाने पर एसडीपीओ ने उसे रोक तुरंत उसका चालान काटा तथा हूटर उतरवा ही उसे वहां से जाने दिया। एसडीपीओ की इस कार्रवाई से जहां बिना परमिशन हूटर बजाने या परिवहन नियमों का माखौल उड़ाने वालों में हड़कंप मचा हुआ है। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करते हुए इस तरह से हूटर लगाना कानूनन अपराध है, जिसे लेकर एसडीपीओ ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित वाहन का चालान कटवाया। अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि वाहन चालक टोल टैक्स पर हूटर बजा रहा था। उसके पास हूटर से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज मौजूद नहीं था। जिसके आधार पर चालान किया गया।




## भूमि पूजन में शामिल हुए सैकड़ो ग्रामीण, वैदिक मंत्रोच्चार, जयकारे से भक्तिमय बना रहा माहौल

# अरियांव में बनेगा मां काली का शक्तिपीठ मंदिर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ भूमि पूजन

केटी न्यूज, डुमरांव।



कोपवां की तर्ज पर अरियांव गांव में भी मां काली का भव्य मंदिर बनेगा। मंदिर निर्माण के लिए सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार व जयकारे बीच भूमि पूजन किया गया। इस दौरान मानों पूरा गांव उमड़ पड़ा था। भूमि पूजन में शामिल ग्रामीण मां काली के मंदिर से पैदल निकलकर ढोल नगाड़ा के साथ निकले तथा गांव के बीच बाजार में स्थित भगवान शंकर के मंदिर में पूजा अर्चना के साथ वहां से मां के मंदिर निर्माण के लिए जो ईंट रखा हुआ था, वहां ग्रामीण एक-एक ईंट अपने सर पर उठाकर मां के मंदिर निर्माण के लिए निर्धारित जगह तक ले गए। जहां विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार व हवनादि के बाद पूरे विधि विधान से पहली ईंट रखी। इस दौरान मां काली के जयघोष गांव का माहौल भक्तिमय बन गया था। मां काली के मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन को ले सुबह से ही ग्रामीणों के चेहरे पर प्रसन्नता झलक रही थी। इस दौरान ग्रामीण महिलाओं ने भी जमकर मांगलिग गीत गाकर माहौल का खुशनुमा बना दिया। भूमि पूजन के दौरान ग्रामीण श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। ग्रामीण सह मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष बब्लू सिंह ने बताया कि इस मंदिर का निर्माण समस्त ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा हे। उन्होंने कहा कि इस मंदिर का निर्माण कोपवां काली मंदिर के तर्ज पर कराया जाएगा। इसकी भव्यता व नक्काशी दूर-दूर तक प्रसिद्ध होगी। वहीं, मंदिर निर्माण व मूर्ति स्थापना के बाद इस मंदिर को शक्तिपीठ बनाने के लिए विशेष पूजा का आयोजन कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर निर्माण शुरू होने से ग्रामीणों में उत्साह कायम है। इस दौरान मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष बबलू सिंह, बिपिन सिंह, सोनू सिंह, राम बहादुर सिंह, टिंकू सर, झोरा सर, पकौड़ी अंसारी, अंकित सिंह, टूना यादव, विशाल सिंह (गोलू), धनेश्वर सिंह, आलोक सिंह समेत सैकड़ो माता बहन भी इस भूमि पूजन में अपनी सहभागिता निभाई।

राजनीतिक दल व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मनाई बाबासाहब की जयंती

# माले ने संविधान बचाने की लड़ाई को तेज करने का लिया संकल्प

♦ अमेरिका के सामने देश की संप्रभुता को गिरवी रखने का काम कर रही है मोदी सरकार : जवाहर लाल




**केटी न्यूज/आरा**

संविधान निर्माता बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के अवसर पर आज भाकपा-माले आरा नगर कमेटी की ओर से हरदास प्रसाद जैन धर्मशाला जेल रोड आरा संविधान, लोकतंत्र, धार्मिक आजादी व वर्तमान राजनीतिक चुनौतियों विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित किया। इस दौरान डा. भीम राव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। विचार गोष्ठी के मुख्य वक्ता भाकपा-माले केंद्रीय कमेटी सदस्य व जिला सचिव जवाहरलाल सिंह कहा कि फासीवादी भाजपा के शासन में संविधान व लोकतंत्र पर बढ़ रहे हमलों के खिलाफ लड़ाई को तेज करने का संकल्प लिया। साथ ही, अमेरिका के सामने देश की संप्रुभता गिरवी रखने का काम कर रही मोदी सरकार व भाजपा की नकली देशभक्ति का भंडाफोड़ करते हुए प्रगतिशील राष्ट्रवाद का झंडा बुलंद करने का आह्वान किया। आगे उन्होनें कहा कि देश के अंदर संविधान पर हर रोज हमले हो रहे हैं और देश को हिंदू राष्ट्र में बदल देने का चौतरफा उन्माद सुनाई पड़ रहा है। यह लोकतंत्र से मेल नहीं खाता हिंदू राज को हर कीमत पर रोका जाना चाहिए।

भाकपा-माले केंद्रीय कमेटी सदस्य व पूर्व विधायक मनोज मंजिल ने कहा कि बाबा साहब और कम्युनिस्ट आंदोलन की विरासत को बुलंद करते हुए और संविधान की प्रस्तावना में निहित मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व को समाज के हर कोने तक पहुँचाने संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होने और प्रगतिशील राष्ट्रवाद का झंडा बुलंद करने का आह्वान किया गया। विचार गोष्ठी का संचालन नगर सचिव सुधीर सिंह ने किया।

## भाजपा ने मनाया संविधान निर्माता बाबासाहेब की जयंती

**आरा।** भाजपा ने भारत रत्न बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकरका जयंती समारोह पूरे जिले में भाजपा के जिला अध्यक्ष दुर्गा राज नेतृत्व मनाई गई। समाहरणालय परिसर स्थित बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया वहां संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि आज विपक्षी पार्टियों संविधान की दुहाई दे रही है और जिस कांग्रेस के साथ गलबहिया करके गठबंधन बनाई है। उसी कांग्रेस ने बाबा साहेब के सपनों को चकनाचूर करने का कार्य किया है, और बाबा साहब को हमेशा प्रताड़ित करने का कार्य किया है। बाबा साहब के मृत्यु के बाद कांग्रेस की सरकार ने उनके अंत्येष्टि के लिए नई दिल्ली में जगह भी उपलब्ध नहीं कराई। केंद्रीय मंत्री होने के बावजूद राजकीय सामान के साथ उनके अंत्येष्टी नहीं की गई और उनके शव को मुंबई अंत्येष्टी करने के लिए भेजी गई और जिस विमान से उनका शव गया और उस किराया भुगतान करने के लिए उनके पत्नी को थमा दिया गया। दूसरी ओर इसी कॉग्रेस ने 1975 में देश मे आपातकाल लगाया गया और लोगो को अधिकारों से वंचित किया गया और कई लोगों को जेल में बंद कर यातना दिए। वही कांग्रेस के सरकार को हमेशा भाजपा विरोध करती आयी है और कांग्रेस ने भाजपा के विरोध से हताश होकर कई राज्यों की सरकारों को धारा 356 के तहत बर्खास्त कर दी। कांग्रेस देश के लोकतंत्र को गला घुटने का कार्य किया और आज लोकतंत्र और संविधान की हत्या की बात कर रहा है।

## बाबासाहेब ने समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का संदेश दिया

**आरा।** राष्ट्रीय जनता दल, भोजपुर जिला इकाई ने, सामाजिक न्याय के प्रणेता बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती मनायी गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष वीरबल यादव ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ राजद कार्यकताओं ने बाबा साहब के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के साथ हुआ। उसके बाद आयोजित सभा में वीरबल यादव, प्रधान, रामबाबू पासवान, आलोक रंजन सहित अन्य वक्ताओं ने बाबा साहब के जीवन, उनके संघर्षों, सामाजिक समानता और संवैधानिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वीरबल यादव ने अपने संबोधन में कहा कि, बाबा साहब डॉ. भीम राव आंबेडकर ने अपने जीवन के माध्यम से हमें समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व का संदेश दिया। उनका संविधान आज भी भारत के लोकतंत्र की रीढ़ है। हम सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलकर सामाजिक न्याय और समानता के लिए कार्य करना चाहिए। वहीं रामबाबू पासवान ने बाबा साहब के दलित, शोषित और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए कहा कि उनकी विचारधारा आज भी समाज को दिशा प्रदान करती है। आलोक रंजन ने बाबा साहब के शिक्षा और मंत्र को अपनाने का आह्वान किया ।

## भीम शक्ति संवाद कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

**आरा।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134वीं जयंती के पावन अवसर पर भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी ने भीम शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष अशोक राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। संचालन जिला प्रवक्ता डॉ अमित कुमार द्विवेदी तथा धन्यवाद ज्ञापन सत्यप्रकाश राय ने की। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी ने हर घर झंडा, हर घर तिरंगा अभियान की सफलता हेतु नियुक्त पर्यवेक्षक माननीय प्रमोद कुमार ओझा एवं भीम शक्ति संवाद कार्यक्रम के प्रदेश पर्यवेक्षक राजेश कुमार सिंह उपस्थिति रहे। कार्यक्रम के दौरान हर घर झंडा हर घर तिरंगा के प्रदेश पर्यवेक्षक डॉ प्रमोद ओझा ने सभी कार्यकताओं के बीच झंडा वितरण किया।

## रेलवे ट्रैक से मिले शव के सहारे अपहरण की गुत्थी सुलझाने की कोशिश में सीबीआई

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर जिले के सिन्हा थाना क्षेत्र के महुली घाट से पिछले करीब 20 माह से लापता बड़हरा के कोल्हरामपुर गांव निवासी शिक्षक कमलेश राय के अपहरण की गुत्थी सुलझाने सीबीआई की टीम सोमवार को फिर आरा पहुंची। सीबीआई की ओर से इस बार कुल्हड़िया के पास रेलवे ट्रैक से मिले एक युवक के शव के जरिए कांड की गुत्थी सुलझाने की कोशिश की गयी। इसके लिए रेलवे ट्रैक से मिले शव की पहचान करने का प्रयास किया गया। इसे लेकर टीम कुल्हड़िया, आरा रेल थाना और आरा सदर अस्पताल भी गयी। सीबीआई के बिहार-झारखंड के ज्वाइंट डायरेक्टर राजीव रंजन के निर्देश पर आरा पहुंची पांच सदस्यीय टीम पहले कोईलवर के कुल्हड़िया गांव गयी और मुखिया सहित आस-पड़ोस के लोगों से रेलवे ट्रैक से मिले शव के बारे में जानकारी ली। सीबीआई के अधिकारियों के अनुसार मुखिया सहित अन्य ग्रामीणों की ओर से शव की पहचान से इनकार किया गया और बताया गया कि युवक किसी दूसरे गांव का था। इसके बाद टीम आरा सदर अस्पताल पहुंची और पोस्टमार्टम संबंधित फाइल का अवलोकन किया गया। बाद में सीबीआई टीम आरा रेल थाना पहुंची और रेलवे ट्रैक से मिले शव के बारे में जानकारी ली। घंटों छानबीन के बाद सीबीआई टीम वापस लौट गयी। टीम में केस के आईओ इंस्पेक्टर सुनील कुशवाहा सहित अन्य अधिकारी शामिल थे। 28 फरवरी 2024 को केस दर्ज कर कांड की गुत्थी सुलझाने में जुटी है सीबीआई अगवा शिक्षक कमलेश कुमार (30 वर्ष) बड़हरा थाना क्षेत्र के कोल्हरामपुर गांव निवासी राजेश कुमार के पुत्र हैं। वह आरा में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करते थे और एक कोचिंग संस्थान में पढ़ाते थे। 13 जुलाई 2023 को कमलेश कुमार अपनी ससुराल आरा के मौलाबाग से एक महिला रिश्तेदार के दाह-संस्कार में भाग लेने सिन्हा थाना क्षेत्र के महुली घाट गये थे। शाम में महुली घाट से यह बोलकर निकल गये थे कि उन्हें एक काम से बड़हरा जाना है। इसके बाद से वह नहीं लौट सके। काफी खोजबीन करने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला था। मोबाइल भी बंद बता रहा था। बाइक भी अब तक नहीं मिली। इसे लेकर 14 जुलाई को बड़हरा थाने में अपहरण की प्राथमिकी कराई गई थी। हालांकि मामले में कोई कार्रवाई नहीं होते देख उनके पिता की ओर से पटना हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की गयी थी। इस पर कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए सीबीआई से जांच कराने का आदेश दिया था। उस आधार पर 28 फरवरी 2024 को सीबीआई ने केस रजिस्टर किया था।

## कोथुआ के बुजुर्ग का उदवंतनगर में मिला शव

**भोजपुर।** भोजपुर के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कसाप गांव स्थित दुर्गा मंदिर के समीप सोमवार की सुबह एक बुजुर्ग का शव बरामद हुआ है। मृत बुजुर्ग के शरीर पर किसी भी प्रकार का कोई निशान नहीं पाया गया है। इस कारण अचानक तबीयत बिगड़ जाने के कारण उनके मौत होने की आशंका जताई जा रही है। मृत बुजुर्ग अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के कोथुआ गांव निवासी 60 वर्षीय ललन सिंह थे। चचेरे भाई ददन सिंह ने बताया कि रविवार की शाम वह अपने घर से निकले थे। उसी बीच उनकी मौत हो गई। सोमवार की सुबह कसाप गांव के कुछ लोगों द्वारा उनके चचेरे भाई का शव मिलने की सूचना दी गई। उस आधार पर वे लोग उदवंतनगर थाना पहुंचे, तो पुलिस ने कहा कि शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। तब परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और उनके शव को दाह-संस्कार के लिए वापस गांव ले गए।

सरकार की दोहरी नीति और कानून खत्म होना चाहिए

# मुखिया संघ का ऐलान... सरकार की नीतियों के खिलाफ आज सड़क पर उतर करेगा प्रदर्शन

**केटी न्यूज/आरा**



बिहार सरकार और भारत सरकार की नीतियों के खिलाफ आज मुखिया संघ ने एक निजी होटल में पीसी की। ग्राम पंचायत की बदतर स्थिति को लेकर सरकार पर जमकर निशाना साधा है। संदेश प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, बागा पंचायत के मुखिया उपेंद्र ओझा समेत समेत अन्य पंचायतों के मुखिया मौजूद थे। मनोज ने कहा कि सरकार की दोहरी नीति और कानून खत्म होना चाहिए। मनरेगा में भी मुखिया के अधिकारों में कटौती की जा रही है। साढ़े 3 महीने बीत जाने के बाद भी मजदूरों का भुगतान नहीं हो रहा है, लेकिन मुखिया अपने दम पर पंचायत में काम कर रहे हैं। मजदूरों की मजदूरी 245 रुपए से बढ़कर 500 रुपए होनी चाहिए। जनता के बीच में काफी समस्या है, विधवा, विकलांग और वृद्ध को इतनी महंगाई में 400 रुपए का पेंशन दिया जाता है। विधायक और सांसद को लाखों रुपए का वेतन दिया जाता है।गरीब आदमी को कोई पूछने तक नहीं आता है। मुखिया संघ के माध्यम से बिहार और भारत सरकार से मांग करते हैं कि इसको बढ़ाकर 2 हजार रुपए किया जाए। 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन समस्तीपुर में होने जा रहा है।उसी दिन पंचायती राज्य दिवस पूरे देश में मनाया जाता है। प्रधानमंत्री खिलाफ हमारा चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत हो गई है। अगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो 15 अप्रैल को पूरे बिहार के सभी प्रखंड मुख्यालयों में सड़क पर उतरकर सरकार को घेरने का काम करेंगे। उसके बाद भी अगर सरकार नहीं मानती है तो 17 अप्रैल को पटना में मुखिया संघ की ओर से विरोध-प्रदर्शन होगा। फिर भी सरकार की नींद नहीं खुलती है तो 24 अप्रैल को काला बिल्ला लगाकर हम लोग प्रधानमंत्री की सभा में जाएंगे। अधिकारों को वापस करने के लिए आवाज उठाएंगे। मुखिया संघ के अध्यक्ष मनोज कुमार यादव ने कहा कि बिहार सरकार और भारत सरकार की ओर से ग्राम पंचायत के हक व अधिकारों में लगातार कटौती की जा रही है। पार्लियामेंट और बिहार विधानसभा में जो बिल पास होता है उसे तुरंत लागू कर दिया जाता है।






## संक्षिप्त समाचार

### धनबाद में राम मंदिर से लौट रही महिला से लूट

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र में चेन स्नैचिंग की एक वारदात सामने आई है। कुसुम विहार में बाइक सवार दो बदमाशों ने राम मंदिर से लौट रही एक महिला के गले से सोने की चेन छीन ली। पीड़िता पिंकी कुमारी ने बताया कि वह हनुमान जयंती के अवसर पर मोहल्ले की अन्य महिलाओं के साथ कुसुम विहार राम मंदिर में पूजा करने गई थीं।देर शाम जब वह घर लौट रही थीं, तभी कुसुम विहार मोड़ के पास दो बदमाश बाइक पर आए। उन्होंने महिला के गले से चेन झपटी और बलियापुर रोड स्थित बालाजी पेट्रोल पंप की तरफ फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। पिंकी कुमारी के अनुसार चोरी की गई सोने की चेन करीब 12 ग्राम की थी, जिसकी कीमत लगभग एक लाख रुपए है। घटना की सूचना मिलते ही सरायढेला पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर अपराधियों की पहचान करने में जुटी है। पुलिस के अनुसार धनबाद शहर में पिछले कुछ समय से चेन स्नैचिंग की घटनाएं बढ़ी हैं। इस मामले में पुलिस जल्द ही अपराधियों को पकड़ने का दावा कर रही है।

### तीन लॉ कॉलेजों समेत नौ डिग्री कॉलेजों की संबद्धता नवीनीकरण के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

**धनबाद, एजेंसी।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में शनिवार को डीएसडब्ल्यू डॉ पुष्पा कुमारी की अध्यक्षता में हुई संबद्धता समिति की बैठक में तीन लॉ कॉलेजों के बीए–एलएलबी पाठ्यक्रम, चार संध्याकालीन कॉलेजों और पांच डिग्री कॉलेजों की संबद्धता नवीनीकरण के प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। मंजूरी प्राप्त लॉ कॉलेजों में धनबाद लॉ कॉलेज, इमामुल हई खान लॉ कॉलेज बोकारो और असर्फी लॉ कॉलेज शामिल हैं। इन कॉलेजों के बीए–एलएलबी कोर्स की संबद्धता एक सत्र के लिए नवीनीकृत करने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। साथ ही, एनपी संध्याकालीन कॉलेज बोकारो, बोकारो थर्मल संध्याकालीन कॉलेज, शमसुल हक संध्याकालीन कॉलेज और तैयब मेमोरियल संध्याकालीन कॉलेज के संबद्धता नवीनीकरण प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गयी। इसके अतिरिक्त, पांच डिग्री कॉलेज, जो वर्तमान में अस्थायी संबद्धता प्राप्त हैं और जिनकी संबद्धता इस वर्ष समाप्त हो रही है, उनके प्रस्तावों की समीक्षा के उपरांत नवीनीकरण की मंजूरी दी गयी। अब विश्वविद्यालय द्वारा इन सभी कॉलेजों के नवीनीकरण प्रस्तावों को राज्य सरकार को भेजा जायेगा। राज्य सरकार से अंतिम स्वीकृति मिलने के बाद संबंधित कॉलेजों को संबद्धता प्रदान की जायेगी। बैठक में प्रॉक्टर डॉ कौशल कुमार, रजिस्ट्रार डॉ डीके सिंह सहित सभी डीन एवं अन्य समिति सदस्य उपस्थित थे।

### हजारीबाग में यज्ञ जुलूस पर पथराव के बाद आगजनी:जीटी रोड किया जाम

**हजारीबाग, एजेंसी।** हजारीबाग में रविवार देर रात दो पक्षों में जमकर पत्थरबाजी हुई। इसमें कई लोगों के घायल होने की सूचना है। बताया जा रहा है कि बरकट्ठा के झुरझुरी में यज्ञ चल रहा था। यज्ञ के खत्म होने के बाद नगर भ्रमण किया जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही जुलूस तरबेचवा स्थित मस्जिद के पास पहुंचा, पथराव शुरू हो गया।पत्थरबाजी की जानकारी मिलते ही नगर भ्रमण पर निकले लोगों के पक्ष में कई और लोग भी मौके पर पहुंच गए। घटना बरकट्ठा की है। इलाके में अंधेरा होने की वजह से असामाजिक तत्व कुछ ज्यादा ही सक्रिय हो गए थे। मौके पर घरों में रखे पुआल और दूसरी चीजों में आग लगा दिया गया। आगजनी अलग–अलग जगहों पर की गई। हालांकि इस आगजनी में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। नाराज लोगों ने जीटी रोड जाम कर दिया। इसे जीटी रोड में वाहनों की लंबी लाइन लग गई।घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाने की पुलिस सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे। नाराज लोग मानने को तैयार नहीं थे। देर रात काफी मशक्कत के बाद जीटी रोड का जाम खुला। वहीं इलाके को छावनी में बदल दिया गया। लोगों को कहना है कि गाना बजाने को लेकर विवाद शुरू हुआ था। इधर, हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा– इलाके में अतिरिक्त सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया है। स्थिति नियंत्रण में है। पुलिस कानून तोड़ने वालों पर कार्रवाई करेगी। सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है।

**धनबाद के छात्र तुहीन ने किया कमाल,**

# जापान में प्रदर्शित करेगा अपने आविष्कार का मॉडल

**धनबाद, एजेंसी।** कोयलांचल का छात्र तुहीन भट्टाचार्य तकनीक का गुर सीखने जापान जाएगा। भारत सरकार के द्वारा छात्र को जापान भेजा जा रहा है। तुहीन डीएवी कोयला नगर के 12वीं कक्षा का छात्र है। उसने एक ऐसा प्रॉजेक्ट डेवलप किया है, जिससे वाहनों से होने वाली कोयला चोरी पर काफी हद तक अंकुश लग सकेगा। कोयला चोरी होने पर या वजन कम होने पर रास्ते में ही वाहन रुक जाएगा। कोल कंपनियों के द्वारा वाहनों में इसके उपयोग से काफी हद तक कोयला चोरी पर लगाम लग सकता है। कोयला चोरी रुकने से सरकार को राजस्व में काफी फायदा होगा।



**प्रोजेक्ट अनुश्रवण ऐसे करता है काम :** इस संबंध में तुहीन ने कहा कि मेरा प्रोजेक्ट ÷अनुश्रवण÷ कोयला की रोकथाम के लिया बनाया गया है। इस प्रोजेक्ट में वेट सेंसर लगाया गया है। वाहन में लोड कोयला अगर कहीं रास्ते में कम होता है, तो इसकी सूचना कंट्रोल रूम को मिल जाएगी। एक लोकेशन से दूसरे लोकेशन तक कोयले के वजन की जानकारी कंट्रोल रूम को मिलती रहेगी। अगर वाहन में लोड कोयला या फिर कोई भी अन्य सामग्री कम होती है यानी चोरी होती है, तो फौरन इसकी सूचना कंट्रोल रूम तक पहुंचेगी। कंट्रोल रूम के निर्देश पर अगर वाहन का ड्राइवर वाहन नहीं रोकता है तो इसके लिए भी सिस्टम लगाया गया है। वाहन स्वतः ही बंद हो जाएगा।

वाहन के ट्रेलर में एक लोड सेल लगाया गया है, जो निरंतर इसकी जानकारी कंट्रोल रूम को देते रहता है। जिस स्थान पर ट्रक पर कोयला या फिर अन्य सामग्री लोड होगा वहीं पर उसका पूरा वजन रिकॉर्ड हो जाएगा। यदि सामान का वजन 10 फीसदी या इससे ज्यादा कम हुआ तो लगातार यह कंट्रोल रूम को सूचना देते रहेगा। इसके बाद कंट्रोल रूम पहले ड्राइवर से संपर्क करेगा और ड्राइवर को ट्रक या फिर अन्य वाहन रोकने के लिए कहेगा। अगर फिर भी ड्राइवर गाड़ी नहीं रोकता है तो इस अवस्था में कंट्रोल रूम के पास एक एआई ट्रिगर रहेगा। ट्रिगर दबाने के साथ ही ट्रक की फ्यूल सप्लाई पाइप कट हो जाएगी। जिसके कारण ट्रक या फिर वाहन कुछ देर बाद वहीं रुक जाएगा। इसके बाद जीपीएस लोकेशन के द्वारा स्थानीय पुलिस या फिर सुरक्षा अधिकारी जांच कर सकेंगे।

**प्रोजेक्ट तैयार करने में दो साल लगे :** तुहीन भट्टाचार्य ने बताया कि इस प्रोजेक्ट को तैयार करने में करीब दो साल लगे हैं। वेट को कैलकुलेट करने के लिए लोड सेल का उपयोग किया गया है। ट्रांसमिशन के लिए आईओटी का इस्तेमाल किया गया है। तुहीन ने बताया कि धनबाद में कोल कंपनियों के द्वारा कोयला का खनन किया जाता है। कोयला चोरी को लेकर हमेशा से ही खबरें आती रहती हैं। कोयला चोरी एक बहुत बड़ी समस्या है। सरकार को कोयला चोरी से राजस्व का नुकसान होता है। कोयला की कमी को पूरा करने के लिए ओवर माइनिंग की जा रही है। जिसके कारण प्रकृति को भी नुकसान पहुंच रहा है। हमारे द्वारा विकसित प्रोजेक्ट का इस्तेमाल कर काफी हद तक कोयला चोरी पर अंकुश लगाया जा सकता है।

**तुहीन की अन्य उपलब्धि :** बता दें कि तुहीन इससे पहले 2023 में एपीजे अब्दुल कलाम इग्नाइट अवार्ड जीत चुका है। अब अनुश्रवण प्रोजेक्ट के लिए भारत सरकार तुहीन को जापान भेज रही है। जापान में नई तकनीक के बारे में जानकारी दी जाएगी। इस प्रोजेक्ट को और कैसे बेहतर बनाया जाए इसकी ट्रेनिंग दी जाएगी। डीएवी कोयला नगर स्कूल के अटल टिंकरिंग के इंचार्ज टीचर बीके सिंह के दिशा निर्देशन में तुहीन ने इस प्रोजेक्ट पर काम किया। इस संबंध में बीके सिंह कहते हैं कि तुहीन काफी प्रतिभावान छात्र है। बड़े ही लगन के साथ वह हर कार्य करता है। उसका चयन जापान के लिए हुआ है। जापान में वह तकनीकी गुर और बेहतर सीख सकेगा।

**स्कूल के प्राचार्य ने की तुहीन की तारीफ :** वहीं स्कूल के प्राचार्य एनएन श्रीवास्तव ने कहा कि यह विद्यालय के लिए एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। तुहीन भट्टाचार्य एक होनहार छात्र है। 2022 में भी इंस्पायर अवार्ड से वह सम्मानित हो चुका है। राष्ट्रीय स्तर पर उसका चयन जापान के एक कार्यक्रम के लिए हुआ है।

## यहां सभी धर्म के लोग एक साथ रहते हैं लेकिन कुछ लोगों की मंशा गलत: मंत्री संजय यादव

**गोड्डा, एजेंसी।** हज यात्रा को लेकर प्रशिक्षण शिविर में जिले भर से हज के लिए नामित लोग पहुंचे। इस दौरान राज्य सरकार के मंत्री संजय प्रसाद यादव ने भागीदारी दी। उन्होंने कहा कि हमारे देश की ये खूबसूरती है कि यहां सभी धर्म के लोग आपसी सहिष्णुता और भाईचारे के साथ रहते हैं। यहां ईद और होली समेत सभी धर्म के लोग अपना त्योहार एक साथ मनाते हैं।




**ये देश भाईचारे पर रहना चाहता है: मंत्री संजय यादव :** ऐसे में राज्य भर से लगभग 1500 और गोड्डा से लगभग 45 लोगों का बुलावा मक्का मदीना से आया है, जो वहां जाकर देश दुनिया के साथ ही झारखंड के हर जिला और शहर कस्बे के लिए अमन चैन की दुआं करेंगे, जिससे राज्य में शांति और खुशहाली आये। इस दौरान मंत्री संजय यादव ने कहा ये देश भाईचारे का है लेकिन कुछ लोग इसमें खलल डालना चाहते हैं। हम उनकी यह इच्छा पूरी नहीं देंगे। यहां सभी लोग मिल जुलकर एक साथ रहते हैं और हम सभी अमन पसंद है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि इनकी कुशल यात्रा के लिए सरकार हमेशा से सजग रही है। इन्हे रांची और फिर कोलकाता से फ्लाइट के माध्यम से भेजा जाएगा।

इस मौके पर राज्य अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य हाजी एकरारुल हसन मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि इनकी रवानगी मई महीने में होगी।

इसके साथ ही उन्होंने यात्रा के नियम कायदे की जानकारी हज यात्रियों को दी। उन्होंने बताया कि किन किन जरुरी समान के साथ आवश्यक दस्तावेज की उन्हें दरकार होगी। राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष प्राणेश सोलोमन भी मौजूद रहे। उन्होंनें सभी को यात्रा की शुभकामनाएं देने के साथ बताया कि अल्पसंख्यक आयोग हज यात्रियों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहता है। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी धर्म के लोग एक दूसरे मिलकर त्योहार मनाते है और उनकी आस्था का सम्मान करते हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन के लोग मौजूद रहे, साथ ही अनुभवी हाजियों द्वारा उन्होंने अपने अनुभव लोगों के साथ साझा किए।

## स्वास्थ्य मंत्री अचानक पहुंचे धनबाद सदर अस्पताल: खामियां देख भड़के, सिविल सर्जन को लगाई फटकार

**धनबाद, एजेंसी।** झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था भले ही स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी बेहतर करने का दावा करते हो लेकिन धरातल में स्थिति एकदम अलग है. स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी अचानक जिला सदर अस्पताल पहुंचे. उन्होंने सदर अस्पताल का निरीक्षण किया और सभी खामियों को दूर करने के निर्देश दिए. इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री के औचक निरीक्षण से अस्पताल प्रबंधन में खलबली मच गई. गायनी विभाग के रजिस्टर का अवलोकन किया.



जब स्वास्थ्य मंत्री निरीक्षण कर रहे थे तब गायनी विभाग के डॉक्टर ड्यूटी से गायब मिले. उन्होंने शौचालय के सामने महिला मरीज को बेड देने पर अस्पताल प्रबंधक को फटकार लगाई।

**अस्पताल की लचर व्यवस्था को देख भड़के मंत्री :** अस्पताल में कार्यरत 26 डॉक्टर में 2 से 3 डॉक्टर ही ड्यूटी पर उपस्थित पाए गये. इसे लेकर स्वास्थ्य मंत्री ने सिविल सर्जन को सभी की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. उन्होंने अस्पताल के नदारद डॉक्टरों पर निजी अस्पताल संचालन करने का आरोप लगाया और अस्पताल की व्यवस्था बिगाड़ने के लिए गायब चिकित्सकों को जिम्मेदार ठहराया. सदर अस्पताल की लचर व्यवस्था को देखकर मौके पर स्वास्थ्य मंत्री भड़क उठे. उन्होंने मौके पर ही सिविल सर्जन को फटकार लगाते हुए कार्यशैली में सुधार करने के निर्देश दिए।

**गायब डॉक्टरों के खिलफ होगी सख्त कार्रवाई :** वहीं स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सदर अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधा बहुत खराब है, निरीक्षण में खामियां मिली है. वह खुद स्वास्थ्य मंत्री हैं लेकिन उन्होंने स्वीकार किया है कि सदर अस्पताल में व्यवस्था अच्छी नहीं है. स्वास्थ्य मंत्री ने समय रहते अनुभवी सिविल सर्जन को कार्यशैली ठीक करने के निर्देश दिए हैं. इस दौरान उन्होंने नदारद रहने वाले सभी डॉक्टरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के संकेत दिए हैं. स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि जो डॉक्टर निजी अस्पतालों का संचालन कर रहे हैं, उन सभी का तबादला करेंगे. क्योंकि स्वास्थ्य सेवा में किसी भी प्रकार की कोताही को बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## धनबाद रेल मंडल को मिला 30 हजार करोड़ कमाने का लक्ष्य

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद रेल मंडल को वित्तीय वर्ष 2025-2026 में 205 मिलियन टन कमाई का लक्ष्य दिया गया। साथ ही धनबाद डिवीजन के लिए 30 हजार करोड़ रुपए कमाई का लक्ष्य तय किया गया। धनबाद मंडल मुख्यालय के सभागार में कोल कंपनियों व अन्य स्टेक होल्डर कंपनियों के साथ बैठक के बाद पूर्व मध्य रेलवे के जीएम छत्रसाल सिंह ने यह लक्ष्य निर्धारित किया।बैठक में हिस्सा लेने के लिए महाप्रबंधक ईसीआर के अधिकारियों की टीम के साथ धनबाद पहुंचे थे। जीएम ने बीसीसीएल, एनसीएल, सीसीएल, गोदावरी, डीवीसी, एनटीपीसी, संगीता सेल्स, महावीर कोल, टाटा वेस्ट बोकारो, एसीसी सिंदरी, हर्ल सिंदरी, पीवियूएनएल, बीकेबी, पकरी बरवाडीह, केराधारी सहित अन्य कंपनियों के प्रतिनिधियों से पिछले वित्तीय वर्ष की लोडिंग पर विस्तार से बातचीत की। जीएम ने सभी कंपनियों को लोडिंग के लिए हरसंभव अनुकूल माहौल देने का भरोसा दिया।

बैठक में कोयला या अन्य सामग्री के लदान के दौरान होने वाली परेशनियों पर भी बिंदुवार चर्चा की गई। महाप्रबंधक ने सभी कंपनियों से इस वित्तीय वर्ष में 10 प्रतिशत अधिक लोडिंग का अनुरोध किया। साथ ही ट्रेनों का समय पालन 95 प्रतिशत तक करने पर बल दिया गया।पिछले वित्तीय वर्ष में धनबाद डिवीजन ने 193.9 एमटी लोडिंग के साथ 25,410 करोड़ रुपए का राजस्व अर्जित किया था और देश का नंबर एक रेल मंडल बनने का गौरव हासिल किया था। जीएम ने धनबाद डिवीजन की शानदार उपलब्धि के लिए डीआरएम कमल किशोर सिन्हा सहित मंडल की पूरी टीम को बधाई दी। बैठक के बाद रात में धनबाद ऑफिसर्स क्लब में डीआरएम कमल किशोर सिन्हा को विदाई दी गई। इस दौरान पीसीओएम डॉ मनोज सिंह, पीसीसीएम इंदू रानी दुबे, सीपीटीएम वीरेंद्र कुमार, एडीआरएम ऑपरेशन विनीत कुमार, एडीआरएम इंफ्रा अमित कुमार, सीनियर डीसीएम मोहम्मद इकबाल, सीनियर डीओएम अंजय तिवारी के अलावा मुख्यालय और मंडल के कई अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्य चुनाव आयुक्त ने की झारखंड के बीएलओ दीदियों की तारीफ, बोले- ट्रेनिंग प्रोग्राम में बनेंगी ट्रेनर

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के रांची जिला स्थित दशम जैसे दुर्गम क्षेत्र में कार्य करने वाली बीएलओ (शिक्षिका, आंगनबाड़ी सेविका) निर्वाचन से जुड़े राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में ट्रेनर की भूमिका निभाएंगी।

भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने निर्वाचन में उनके बेहतर कार्यों को देखते हुए रविवार को इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा है कि दशम जलप्रपात जैसे दुर्गम क्षेत्र की बीएलओ दीदियां भारत में कार्यरत सभी बीएलओ के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।इन्होंने ऐसे दुर्गम क्षेत्र के कठिनाइयों को सामना करते हुए हर घर तक अपनी पहुंच बनाई और मतदान प्रतिशत भी बेहतर किए हैं। झारखंड की बीएलओ ने साबित किया है कि जहां न पहुंचे रवि, वहां पहुंचे बीएलओ दीदी।




मुख्य चुनाव आयुक्त ने रविवार को दशम में बीएलओ के साथ संवाद कार्यक्रम के बाद मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक पहल किया गया, जिसके तहत देश के विभिन्न राज्यों के बीएलओ को दिल्ली बुलाकर प्रशिक्षण देने का कार्य किया जा रहा है।

दशम जलप्रपात की बीएलओ दीदियों को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में एक ट्रेनर के रूप में भाग लेने के लिए बुलाया जाएगा। इससे देश के अन्य बीएलओ भी इनकी कार्यशैली को जान सकेंगे एवं इनसे प्रेरित हो सकेंगें।

उन्होंने बताया कि झारखंड की चुनावी प्रक्रिया में जुड़े हुए हर स्तर के पदाधिकारियों से मिलने का अवसर प्राप्त हुआ। झारखंड में एक लाख से भी अधिक चुनाव से जुड़े कर्मचारी निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी से कार्य करते हैं।

उन्होंने कहा कि चुनाव के तीन मुख्य घटक होते हैं- पहला चुनाव आयोग का संस्थागत ढांचा, दूसरा मतदाता सूची और तीसरा मतदान एवं मतगणना।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग का संस्थागत ढांचा, जिसमें चुनाव के समय केवल 500 लोगों की संस्था वाला चुनाव आयोग डेपुटेशन पर अन्य लोगों को समाहित करते हुए दुनिया की सबसे बड़ी संस्था बन जाती है और 10.5 लाख मतदान केंद्रों पर एक जैसी प्रक्रिया में मतदान सम्पन्न कराती है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि मतदान के साथ-साथ मतदाता सूची को बनाने के लिए सभी 10.5 लाख बीएलओ एवं राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट साथ में सामंजस्य स्थापित करते हुए कार्य करते हैं।

इससे पूर्व बीएलओ के स्वागत संबोधन में झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि पिछले चुनावों में दुर्गम क्षेत्र के बीएलओ ने बहुत मेहनत से काम किया है एवं बारीकी से मतदाता सूची के निर्माण का कार्य किया है।

उनके द्वारा क्यू मैनेजमेंट में भी बेहतर योगदान दिया गया है, जिससे मतदान की प्रक्रिया को गति प्रदान हो सकी। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, रांची के ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल, संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, देवदास दत्ता आदि उपस्थित थे।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने पूरे देश के मतदाताओं से मतदान की अपील करते हुए कहा कि राष्ट्र सेवा के लिए प्रथम सीढ़ी मतदान है।मतदान करने के लिए मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जुड़वाएं। कोई भी भारत का नागरिक जो 18 वर्ष से अधिक का हो छूटना नहीं चाहिए और जब भी मतदान का समय आए अपने मत का दान अवश्य करें।

# रांची में धराया एमपी का पादरी गिरोह, चोरी की वारदातों को अंजाम देकर मचा रखा था आतंक

**रांची, एजेंसी।** राजधानी में बंद घरों में एमपी का चोर गिरोह चोरी की वारदातो को अंजाम दे रहा था। डीआईजी सह एसएसपी चन्दन कुमार सिन्हा की स्पेशल टीम ने इस गिरोह के शातिर चोरों को गिरफ्तार करते हुए चोरी के कई कांडों का खुलासा किया है।

**क्या है पूरा मामला :** रांची पुलिस ने बंद घरों को निशाना बनाकर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले मध्य प्रदेश के पादरी गैंग का भंडाफोड़ किया है। गैंग के सदस्य छोटे-मोटे कार्य कर बंद घरों की दिन में रेकी करते थे। इसके बाद रात में उसी घर का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते थे। पुलिस की टीम ने इस गैंग के रिसीवर समेत पांच सदस्यों को कोकर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में मध्यप्रदेश के अशोक नगर निवासी शंकर कन्हैया सोलंकी, भोपाल के जुजू आदिवासी और मंगल सिंह पार्डी उर्फ दातित्या के अलावा रामगढ़ के जेवर व्यवसायी मनीष कटारिया व रौशन कुमार शामिल हैं। इन



चोरों के पास से पुलिस ने सवा सात लाख रुपए के जेवरात के अलावा गुलेट, पेचकश समेत अन्य चीजें बरामद किया है।

**सिटी एसपी ने दी जानकारी :** मामले का खुलासा करते हुए रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि रांची के कोकर समेत शहर के अन्य इलाकों में लगातार चोरी की वारदातें हो रही थी। जिसके बाद सदर डीएसपी संजीव बेसरा और थानेदार कुलदीप कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन के आधार पर कोकर से तीनों आरोपियों को पकड़ा। फिर उनकी निशानदेही पर रामगढ़ से पुलिस ने एक जेवर व्यवसायी को गिरफ्तार किया। उसके पास से चोरी का सोना व चांदी बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है। सिटी एसपी ने बताया कि इस गैंग के सदस्य रांची, रामगढ़ समेत राज्यभर में चोरी की घटना को अंजाम दे चुके हैं।

**70 महिला–पुरुष का है मध्य प्रदेश का पादरी गैंग :** मध्यप्रदेश के गुना जिले का पादरी गैंग में 70 सदस्य हैं। इसमें 50 पुरुष और 20 महिलाएं शामिल हैं। रांची समेत देश के कई शहरों में इस गैंग के सदस्य दिन में गुब्बारा, खिलौना, झूला समेत अन्य छोटे-मोटे चीजों की घूम-घूमकर बिक्री करते हैं। इस दौरान वे उस इलाके के बंद घरों की रेकी करते हैं। रात में उसी घर में घुसकर चोरी की वारदातों को अंजाम दिया करते हैं। आरोपियों से पूछताछ में सदर थाने की पुलिस को इसकी जानकारी मिली।

**रामगढ़ में चोरी के जेवर खपाते थे चोर :** सिटी एसपी ने बताया कि गिरफ्तार सोनार मनीष व रौशन चोरी के जेवर खपाने का न सिर्फ काम करते हैं बल्कि वे पादरी गैंग से भी जुड़े हुए हैं। गिरफ्तार पादरी गैंग के सदस्य शंकर, जुजू और मंगल चोरी की वारदात को अंजाम देने के बाद सभी जेवर लेकर मनीष व रौशन के पास रामगढ़ जाते थे। वहां पर आधी कीमत में उसकी बिक्री कर देते थे।

**बूटी बस्ती में फरवरी माह में बंद घर में की थी चोरी :** सिटी एसपी ने बताया कि बूटी बस्ती में स्थित कुलेश ओहदार कुंभ स्नान करने के लिए घर बंद कर प्रयागराज गए थे। इस दौरान चोरों ने 40 लाख का गहना और नकदी की चोरी कर ली थी। एक फरवरी को सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सदर थानेदार कुलदीप ने मामले की जांच की और सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पता चला कि इस वारदात को पादरी गैंग ने अंजाम दिया है। इसके बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोकर से गिरफ्तार किया।



# रिश्ता चाहे कोई भी हो खास होता है

**दुनिया में रिश्ते के बिना प्यार का अहसास ही नहीं हो सकता। इसे निभाने के लिए शुरुआत भी अलग तरीके की होना चाहिए। फिर चाहे वो दोस्ती हो या फिर रिश्तेदारी।**

खुशियों का अहसास अपनो से ही होता है। इसे हमेशा के लिए गहरा करने के लिए कुछ खास बातों की तरफ ध्यान देना बहुत जरूरी है ताकि आने वाला हर पल हसीन रहे। अगर किसी कारण रिश्तों में गलतफहमियां आ भी जाए तो एक दूसरे पर यकीन इतना गहरा हो कि कोई दूसरा आपमें अपनी जगह बना न सके। लेकिन इसके लिए कुछ बातों का खास ख्याल रखना भी बहुत जरूरी है ताकि प्यार से संजो कर रखा गया यह रिश्ता जिंदगी की जरूरत बन जाए।

## एक दूसरे को जानना जरूरी

आप किसी से प्यार करते हैं तो इसके लिए एक बात को जान लेना बहुत जरूरी है आपको उसकी आदतों के बारे में जानना होगा। इससे आप खुद को और अपने बढ़ते रिलेशनशिप को कुछ समय दे पाएंगे। जो भविष्य में आपके लिए परेशानी नहीं बनेगा।

## रिलेशनशिप से बनें पहचान

दोस्ती को आगे बढ़ाने के लिए कुछ बातों को समझना बहुत जरूरी है। जैसे दोस्ती इस तरह की हो जो आपकी पहचान बनें। इस बात का ध्यान रखें कि कहीं ऐसा तो नहीं कि आप दोस्ती में खोते जा रहे हैं। यह बदलाव आपके लिए खतरनाक हो सकता है।

## कभी शक भी जायज

जहां यकीन है वहां शक होना भी कभी कभी जायज होता है। पार्टनर पर जरूरत से भी ज्यादा यकीन कर लेने से भी कई बार रिश्ता खराब होने का डर रहता है। थोड़ा बहुत शक करना या फिर पजेसिव होने से पार्टनर को भी पता चलता है कि आप उनके लिए कितने जरूरी हैं।

## एक-दूसरे को दें वक्त

एक-दूसरे के साथ समय बिता कर उसके बारे में बहुत कुछ जानने को मिलता है। कई बार ज्यादा देर तक बनाई गई दूरी भी रिश्ते में खट्टास पैदा कर सकती है। ऐसे में समय की कमी के कारण अगर पार्टनर के साथ नराजगी है तो एक-दूसरे को समय जरूर दें। कहीं न कहीं आपके रिश्ते में मजबूती आनी शुरू हो जाएगी। कोशिश करें एक- दूसरे के साथ समय बिताएं।



# कुछ इस तरह सेट करें मंथली बजट

**हर व्यक्ति अपनी पसंद व स्किल्स के अनुसार ही काम का चयन करता है और इसलिए हर किसी का काम व इनकम अलग होती है। जहां कुछ लोग 9 से 5 की जॉब करते हैं और उनकी फिक्स सैलरी होती है। वहीं कुछ लोग ऐसे होते हैं, जो किसी जॉब में नहीं होती। बल्कि उनका काम कुछ ऐसा होता है कि उनकी इनकम ऊपर-नीचे होती रहती है। मसलन, अगर आपका अपना कोई काम है, तो आप महीने में होने वाली आमदनी को सुनिश्चित नहीं कर सकते। इसी तरह, अगर आप बतौर फ्रीलासंर फुल टाइम वर्क करते हैं, तो आपकी आमदनी आपको मिलने वाले प्रोजेक्ट्स पर निर्भर करेगी।**

इस तरह के कामों में आमदनी कभी बहुत अधिक तो कभी बहुत ही कम होती है। इस तरह सैलरी फिक्स ना होने का सबसे बड़ा नुकसान यह होता है कि आपके लिए घर का खर्च उठाना कभी-कभी मुश्किल हो सकता है। चूंकि, आपकी आमदनी फिक्स नहीं है तो उसके अनुसार आप अपनी सैलरी को सही तरह से मैनेज नहीं कर सकती हैं। अगर ऐसा है, तो ऐसे में आप अपना मंथली बजट सेट करने के लिए इन आसान टिप्स की मदद लें

## अनुमानित आय का करे आकलन

यह सच है कि आपकी कोई फिक्स इनकम नहीं है, लेकिन फिर भी आप खुद को मिलने वाले काम के अनुसार अपनी आय का एक अनुमान तो लगा ही सकती हैं। अगर आपकी आय ऊपर-नीचे होती भी होगी, तो उसमें पांच-दस हजार का अंतर आता होगा। इसलिए, आप पिछले एक वर्ष की आय का अंदाजा लगाते हुए यह जानने का प्रयास करें कि आपकी महीने में लगभग कितनी इनकम होती है। जब आप अपनी आय का आकलन करेंगी, तभी आप बजट सेट कर सकती हैं।

## जरूरी खर्चों की बनाएं लिस्ट

अब वक्त है जरूरी खर्चों की लिस्ट तैयार करने का। मसलन, बच्चों की फीस से लेकर ईएमआई, घर का किराया व बिजली बिल आदि जरूरी खर्चों की एक लिस्ट तैयार करें। इससे आपके लिए यह समझना आसान हो जाएगा कि वास्तव में कितने खर्चे ऐसे हैं, जो आपको हर महीने करने ही होंगे और उसके अनुसार आपकी इनकम कितनी है।

## निकालें सेविंग्स का एक हिस्सा

जब आप जरूरी खर्चों व इनकम के बीच के अंतर के बारे में जान जाते हैं, तो आपको बची हुई इनकम का एक हिस्सा सेविंग्स के लिए निकालना होगा। आपके द्वारा की गई सेविंग्स आपकी इनकम के आधार पर कम या ज्यादा हो सकती है। लेकिन आप सेविंग की आदत को कभी भी ना छोड़ें। चूंकि आपकी इनकम कभी भी एक जैसी नहीं रहती है और इसलिए आपके लिए सेविंग्स करना बेहद आवश्यक हो जाता है।

## बनाएं इमरजेंसी मनी बैंक

यह इमरजेंसी मनी बैंक उस वक्त के लिए बनाना आपके लिए आवश्यक है, जब आपकी इनकम बहुत कम हो जाती है और आपके लिए अपनी आय से जरूरी खर्चों को कर पाना भी काफी मुश्किल हो जाता है। उस वक्त यह इमरजेंसी मनी बैंक काम आता है। अगर इस वक्त आपका काम अच्छा चल रहा है, तो इसका अर्थ यह नहीं है कि आप बेफिजूल खर्चों में पैसों को बर्बाद कर दें। आपको अपना मंथली बजट यूं सेट करना चाहिए कि आप अपनी इनकम का एक हिस्सा एंटरटेनमेंट के लिए तो एक हिस्सा इमरजेंसी मनी बैंक के लिए रखें। यह छोटा सा मनी बैंक आप खुद घर में ही बना सकते हैं या फिर ऐसे किसी स्कीम में इनवेस्ट कर सकते हैं, जहां पर आपके पैसे धीरे-धीरे कुछ हद तक बढ़ते रहे और जब भी आपको उसकी जरूरत हो, आप उसे निकाल सकें।

## ऐप की लें मदद

यह मंथली बजट बनाने का सबसे आसान लेकिन प्रभावी तरीका है। आजकल ऐसे कई ऐप हैं, जिन्हें आप अपने फोन में इंस्टॉल कर सकते हैं। इसके बाद, आप उसमें हर माह की आय लिख सकती हैं और मंथली बजट लिमिट एड कर सकती हैं। उसके बाद आप हर दिन होने वाले खर्चों को उसमें एड करती जाएं। इससे आपको यह समझ में आएगा कि आप सबसे अधिक खर्चा कहां कर रही हैं और क्या आप अपने मंथली बजट के अनुसार खर्चे कर रही हैं। इस तरह आपके लिए बजट में रहना आसान होगा और अपनी आय व खर्चों को ट्रैक करने में भी आपको मदद मिलेगी।







# घर-परिवार की जरूरतों और भविष्य को देखते हुए बचत बहुत जरूरी

महिलाएं चाहती हैं कि घर परिवार में संपन्नता रहे, परिवार के सदस्यों को रुपये-पैसे की कमी ना आए, इसके लिए महिलाएं अपनी खर्चों में भी काफी कटौती करती हैं। इसके बावजूद अक्सर ऐसा होता है कि महीने के आखिर तक आते-आते पैसे खत्म हो जाते हैं और सेविंग्स भी नहीं हो पातीं। घर-परिवार की इमरजेंसी की जरूरतों और भविष्य को देखते हुए महिलाओं के लिए बचत करना बहुत जरूरी है।

अगर आपको ऐसा लगता है कि आपके खर्च बहुत ज्यादा हैं और इसी वजह से आपकी सेविंग्स नहीं हो पातीं, तो आपको नए नजरिए से सोचने की जरूरत है। आपकी आमदनी चाहें भले ही कम क्यों ना हो, अगर आप घर का बजट सही तरीके से बनाएं, तो आप थोड़ी-थोड़ी सेविंग्स करके भी बड़ी बचत कर सकती हैं। आइए जानते हैं महीने का बजट बनाने के कुछ ऐसे तरीके, जिनसे आपका घर का फाइनेंस अच्छे तरीके से मैनेज होगा, जरूरी खर्चों के लिए पैसे रहेंगे और आप सेविंग्स करने में भी कामयाब होगीं।

- बजट बनाने में सबसे पहले अपने बड़े और जरूरी खर्चों की लिस्ट बना लें, जैसे मकान का किराया, बिजली का बिल, बच्चों की स्कूल फीस, ट्यूशन फीस, घर का राशन, होम लोन की ईएमआई, क्रेडिट कार्ड का बकाया आदि।
- बजट बनाने में खाने-पीने की चीजों पर कटौती नहीं करें। अगर आप अनाज जैसे कि दाल, गेंहू, चावल, मसाले आदि थोक की दुकान से खरीदेंगी तो पैसे की बचत के साथ-साथ अच्छी क्वालिटी का सामान भी खरीद सकती हैं। मुमकिन हो तो सुपर मार्केट के बजाय लोकल मार्केट से ही अच्छा सामान खोजने की कोशिश करें। साथ ही मॉल में छोड़े-बड़े सामान पर मिलने वाले ऑफर और सेल का भी आप फायदा उठा सकती हैं।
- घर का बजट बनाते हुए उसमें अपने, अपने परिवार के बड़ों और बच्चों के खर्च जरूर शामिल करें। आप चाहें तो उनसे इस बारे में एक बार बात भी करें और उसी के आधार पर सबके लिए बजट निर्धारित कर लें।
- बिजली और गैस का यूज जरूरत के हिसाब से करें। ऐसा इसलिए क्योंकि छोटी-छोटी बचत भी आपके लिए अच्छी सेविंग्स का साधन बन सकती हैं, बजट को और मजबूत बना सकती हैं।
- बजट बनाते समय अपनी इनकम और खर्चे का रिकार्ड साथ में रखें, क्योंकि इसी के आधार पर आप सेविंग्स के लिए अपना टार्गेट सेट कर सकती हैं और एक अच्छा बजट बना सकती हैं। इसके लिये एक निर्धारित फॉर्मेट बना लें और उस पर अपनी इनकम और होने वाले खर्चों को उसमें जोड़ते जाएं।
- अपनी पसंद वाली छोटी और बड़ी चीजों की एक लिस्ट अलग से बनायें, जिन चीजों की जरूरत ज्यादा है, उन्हें प्रायोरिटी पर रखें। कभी-कभी मजे-मजे में अनावश्यक फिजूलखर्ची भी हो जाती है और इससे बाद में परेशानी होती है। इसे देखते हुए जब भी पार्टी करने जाएं या आउटिंग पर जाएं तो उसके लिए अपने खर्च की लिमिट पहले से ही सोच लें।
- बजट को बोझ समझकर मन छोटा ना करें। शुरूआत में आपको इससे प्रेशर फील हो सकती है, लेकिन इससे होने वाली बचत से आपको बाद में बड़े फायदे हो सकते हैं।
- बजट बनाने से आप अपने खर्चों पर असरदार तरीके से काबू रख सकती हैं और फाइनेंशियली मजबूत हो सकती हैं।
- बजट बनाते हुए अलग-अलग खर्चों के लिए अलग लिफाफे रखें, ताकि फाइनेंस के मामले में आप पूरी तरह से ऑर्गनाइज रहें। इससे आपको महीनेभर खर्च की चिंता करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।
- इमरजेंसी की जरूरतों के लिए एक लिफाफा अलग से बनाएं और इसमें भी कुछ रुपये अलग से रखें, क्योंकि इमरजेंसी सिचुएशन कभी भी आ सकती है और इससे आपका महीने का बजट पूरी तरह से बिगड़ सकती है।





# शादी के बाद आ रही है मायके की याद तो अपनाएं ये उपाय

**शादी के बाद लड़की की जिन्दगी काफी हद तक बदल जाती है। वह अपने पति के साथ सात फेरे लेने के बाद उन्हीं के घर में रहने लग जाती है। यह एक ऐसा दौर होता है, जब एक स्त्री को नए रिश्तों और नए परिवार के साथ तालमेल बिठाना होता है। हालांकि, पूरी तरह से नए व अनजान लोगों के बीच अक्सर लड़की को अपने माता-पिता, भाई-बहन व घर की याद सताती है। शादी के शुरूआती दिनों में अक्सर लड़कियां होम सिक फील करती हैं और ऐसे में वह बार-बार अपने मायके जाने की इच्छा रखती हैं। हालांकि, हर दिन ऐसा करना संभव नहीं है। तो ऐसे में अब आपको कुछ ऐसे तरीके अपनाने की जरूरत है, जिसके कारण आपको अपने मायके की याद कम से कम आए और आपके लिए अपने नए घर में मन लगाना अधिक आसान हो जाए।**

## वीडियो कॉल पर करें बात

हो सकता है कि शादी के शुरूआती दिनों में आपका बार-बार मायके जाना शायद आपके ससुराल पक्ष के लोगों को पसंद ना आए। चूंकि, अब आपको हर किसी की खुशी का ख्याल रखना होता है, तो ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप वीडियो कॉल पर अपनी फैमिली से बात करें। जब आप उनसे वीडियो कॉल पर बात करेंगी तो आपको ऐसा लगेगा कि वह आपके साथ ही हैं। इससे आपके लिए उनकी याद कम सताएगी।

## मंगवाए फेवरिट फूड

हम सभी को अपनी मम्मी के हाथों का बना कोई ना कोई फूड आइटम खाना बेहद पसंद होता है। मसलन, मां के हाथ के लड्डू या नमकपारों का स्वाद अगर आपको हमेशा से ही अच्छा लगता है, तो आप मम्मी से कह सकती हैं कि वह आपके लिए इसे बनाकर भेजें। जब वह आपकी फेवरिट आइटम आपको भिजवाएंगी तो आप ससुराल में होते हुए भी उनकी या उनके खाने को मिस नहीं करेंगी। इस तरह आप उनसे दूर होते हुए भी उनके साथ को महसूस कर पाएंगी।

## ना रहें अकेली

यह देखने में आता है कि शादी के बाद शुरूआती दिनों में विवाहित स्त्री अपना अधिकतर समय अपने कमरे में ही बिताती है। चूंकि इस समय पर उस पर घर की बहुत अधिक जिम्मेदारियां नहीं होती हैं और वहीं वह नए लोगों के साथ बहुत अधिक कंफर्टेबल नहीं होती है, इसलिए वह कमरे में रहना ही अधिक पसंद करती हैं। लेकिन अगर आप ऐसा करती हैं, तो इससे आपको अपने मायके की याद और भी अधिक सताएगी। इसलिए कोशिश करें कि आप कमरे में अकेले रहने के स्थान पर अपने ससुराल पक्ष के लोग जैसे सास या ननद के साथ अधिक से अधिक वक्त बिताने की कोशिश करें जब आप ऐसा करती हैं, तो आपको नए लोगों के साथ तालमेल बिठाने में आसानी होती है और उनके साथ रिश्ते मजबूत होते हैं। जब ऐसा होता है, तो आपको मायके की याद कम सताती है।

## मिल आएं कुछ देर

अगर आपका मायका पास में ही है और आपके लिए एक-दो घंटे के लिए वहां जाना संभव है, तो ऐसे में आप अपने पति के साथ मायके में कुछ देर के लिए जा सकती है। अपनों से मिलने की खुशी कुछ और ही होती है। भले ही आप उनसे एक घंटे के लिए मिलने जाएंगी, लेकिन परिवार के हर सदस्य को देखकर और उनके साथ वक्त बिताकर आपको काफी अच्छा लगेगा।

# 719 प्रतिशत उछल गया यह छोटकू शेयर

## विजय केडिया के पास हैं इसके 24,00,000 शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सिविल कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री से जुड़ी स्मॉलकैप कंपनी ओम इंफ्रा के शेयर शुक्रवार 11 अप्रैल को उछाल के साथ 117.50 रुपये पर बंद हुए हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के शेयरों ने पिछले पांच साल में 719 पर्सेंट का जोरदार रिटर्न दिया है। ओम इंफ्रा के शेयर इस अवधि में 14 रुपये से बढ़कर 117 रुपये के पार जा पहुंचे हैं। दिग्गज इनवेस्टर विजय केडिया का ओम इंफ्रा पर बड़ा दांव है। केडिया के पास इस स्मॉलकैप कंपनी के 24 लाख शेयर है। कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 227.90 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 94 रुपये है।




**दो साल में 200 प्रतिशत से ज्यादा उछल गए हैं ओम इंफ्रा के शेयर–** ओम इंफ्रा के शेयर पिछले दो साल में 202 पर्सेंट चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयर 13 अप्रैल 2023 को 38.86 रुपये पर थे। इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी के शेयर 11 अप्रैल 2025 को 117.50 रुपये पर बंद हुए हैं। पिछले तीन साल में ओम इंफ्रा के शेयरों में 168 पर्सेंट का उछाल देखने को मिला है। चार साल में ओम इंफ्रा के शेयर 403 पर्सेंट चढ़ गए हैं। हालांकि, पिछले एक साल में कंपनी के शेयर करीब 11 पर्सेंट लुढ़क गए हैं।

# 8 पैसे से 118 रुपये पर पहुंचा स्टॉक, दिल खोलकर बोनस शेयर देती है संवर्धन मदरसन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ऑटो पार्ट्स बनाने वाली ग्लोबल कंपनी संवर्धन मदरसन अपने निवेशकों को दिल खोलकर बोनस देती है। संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल लिमिटेड ने 15 नवंबर 2000 से अब तक 9 बार बोनस शेयर दिए हैं। आखिरी बार कंपनी ने 1:2 के अनुपातमें बोनस दिया था, जिसका एक्स–डेट 3 अक्टूबर 2022 था। यानी, अगर आपके पास 2 शेयर थे, तो आपको 1 फ्री शेयर मिला।

**147,675 पर्सेंट का रिटर्न–** संवर्धन मदरसन के शेयर 1 जनवरी 1999 को महज 8 पैसे के थे। दिसंबर 2002 तक ये शेयर 41 पैसे पर पहुंचे और 2010 तक करीब 12 रुपये तक पहुंच गए। शुक्रवार को 118.22 रुपये तक पहुंचकर इसने अपने धैर्यवान निवेशकों को 147,675 पर्सेंट का रिटर्न दिया है। इसका 52 हफ्ते का हाई 216.99 रुपये और लो 107.25 रुपये है। शुक्रवार को कंपनी के शेयर 6 प्रतिशत से ज्यादा उछले और 120 प्रति शेयर के स्तर को छू गए। हालांकि, बाद में कुछ मुनाफावसूली के साथ शेयर 4.61 प्रतिशत की बढ़त के साथ 118.22 पर बंद हुए। यह उछाल तब आया है, जब कंपनी ने दुनिया भर में बढ़ती महंगाई और अस्थिरता के बीच खर्च कम करने और कारोबार को और कुशल बनाने का फैसला किया है।



**इस साल शेयर 24 प्रतिशत गिरा, लेकिन अब रिकवरी के संकेत–** इस महीने शेयर 107.3 के निचले स्तर से 10 प्रतिशत से ज्यादा उछल चुका है। हालांकि, इस साल अब तक शेयर में 24 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई है।

# हर पांच में एक आईफोन भारत में बना

## एपल को अमेरिका में उत्पादन के लिए करना होगा इंतजार




**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईफोन बनाने वाली एपल हर पांच में से एक फोन भारत में बना रही है। अप्रैल, 2024 से मार्च, 2025 के बीच एक साल में इसने भारत में 1.90 लाख करोड़ रुपये या 22 अरब डॉलर मूल्य के फोन का निर्माण किया है। यह उसके पहले के साल की तुलना में 60 फीसदी अधिक है। साथ ही, यह चीन से दूर कंपनी के निरंतर विविधीकरण का नतीजा भी है। हालांकि, एपल का मानना है कि फिलहाल अमेरिका में ऐसे हालात नहीं हैं, जहां वे तत्काल आईफोन का उत्पादन शुरू कर सकें।

यह वृद्धि दर्शाती है कि आईफोन निर्माता और उसके आपूर्तिकर्ता चीन से भारत की ओर रुख कर रहे हैं। यह प्रक्रिया तब शुरू हुई जब कोरोना के कारण लगे कठोर लॉकडाउन ने एपल के सबसे बड़े प्लांट में उत्पादन को प्रभावित किया। भारत में निर्मित आईफोन का बड़ा हिस्सा दक्षिण भारत में स्थित फॉक्सकॉन के कारखाने में असेंबल किया जाता है। विस्ट्रॉन कॉर्प को खरीदने और पेगाट्रॉन कॉर्प के संचालन को नियंत्रित करने वाली टाटा समूह की इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण कंपनी भी इसमें महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

### ट्रंप प्रशासन की जवाबी टैरिफ से छूट

ट्रंप प्रशासन ने शुक्रवार देर रात स्मार्टफोन और कंप्यूटर सहित इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों को जवाबी टैरिफ से छूट दे दी। यह एपल और एनवीडिया कॉर्प जैसी कंपनियों के लिए अच्छी खबर है। हालांकि यह छूट ट्रंप द्वारा चीन पर लगाए गए अलग से 20 फीसदी शुल्क पर लागू नहीं होती है, जिसका इस्तेमाल बीजिंग पर नकेल कसने के लिए दबाव बनाने के लिए किया गया था।

### चीन पर शुल्क से भारत को फायदा

भारत में बने आईफोन पर अभी अमेरिका कोई शुल्क नहीं लगा रहा है। चीन पर चूंकि अमेरिका ने भारी भरकम शुल्क लगा दिया है, इसलिए एपल जैसी कंपनियों को अपनी आपूर्ति श्रृंखला में बदलाव को तेज करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। इसका सीधा फायदा भारत को होगा। हालांकि, करीब 200 आपूर्तिकर्ताओं और चीन पर अत्यधिक निर्भरता के कारण अन्य देशों में जाने में कई साल लग सकते हैं।

### अमेरिका में आईफोन बनाने में लगेगा समय

ट्रंप की अमेरिका में आईफोन बनाने की महत्वाकांक्षा के बावजूद एपल द्वारा जल्द वहां उत्पादन शुरू करने की संभावना नहीं है, क्योंकि उपकरणों के उत्पादन के लिए आवश्यक सुविधाओं और श्रम की कमी जैसे प्रमुख कारक हैं। एपल के सीईओ टिम कुक के मुताबिक, एपल की उत्पादन क्षमता का केवल 10 फीसदी चीन से बाहर ले जाने में आठ साल लगेंगे। एपल अब अपने पूरे आईफोन रेंज को भारत में ही असेंबल करता है। भारत के स्मार्टफोन बाजार में एपल की हिस्सेदारी लगभग 8 फीसदी है। वित्त वर्ष 2024 में इसकी बिक्री लगभग 8 अरब डॉलर तक पहुंच गई।

# 14 पर आ गया जयप्रकाश पावर का शेयर

## कभी 75 पैसे थी कीमत, निवेशकों की है पैनी नजर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** ट्रंप टैरिफ के ऐलान के बाद से ही भारतीय शेयर बाजार में भारी उतार-चढाव देखने को मिल रहा है। बीते सोमवार को कारोबार के दौरान बाजार में करीबन 4000 अंकों की बड़ी गिरावट देखी गई थी। इसके बाद मंगलवार को कुछ रिकवरी हुई। बुधवार को फिर से बाजार गिर गया था और गुरुवार को महावीर जयंती के मौके पर बाजार बंद था। हालांकि, बीते शुक्रवार को शेयर बाजार में अच्छी तेजी देखी गई। भारत समेत विभिन्न देशों पर लगाए उच्च सीमा शुल्क को तीन महीनों के लिए टालने के अमेरिकी सरकार के फैसले से स्थानीय शेयर बाजारों में तेजी रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक



सेंसेक्स 1,310.11 अंक यानी 1.77 प्रतिशत उछलकर 75,157.26 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,620.18 अंक बढ़कर 75,467.33 तक पहुंच गया था। इससे निवेशकों की संपत्ति 7.85 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई। इस बीच एक पावर कंपनी के शेयर भी फोकस में रहे। यह शेयर - जयप्रकाश पावर का है।

### कंपनी के शेयरों के हाल

जयप्रकाश पावर के शेयर कारोबार के दौरान 3 प्रतिशत तक चढ़कर 14.80 रुपये पर पहुंच गए थे। कंपनी के शेयरों का 52 वीक हाई प्राइस 23.77 रुपये और 52 वीक का लो प्राइस 12.35 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 9,951.22 करोड़ रुपये का है। पिछले एक साल में शेयर में 16 फीसदी की गिरावट आई है। पिछले छह महीने में कंपनी के शेयर 32 प्रतिशत और इस साल अब तक 20 प्रतिशत तक टूट चुके हैं। हालांकि, पांच साल की लंबी अवधि में शेयर में करीबन 2,000 प्रतिशत तक की तेजी आई है। पांच साल पहले कंपनी के शेयर की कीमत केवल 70 पैसे थी।

### कंपनी का कारोबार

बता दें कि जेपी समूह की प्रमुख पावर कंपनी है। इसकी स्थापना 21 दिसंबर, 1994 को हुई थी।

यह बिजली परियोजनाओं की योजना, विकास, कार्यान्वयन और संचालन करता है। कंपनी हाइड्रो और कोयला स्रोतों का उपयोग करके बिजली का उत्पादन करती है। समूह के पास हाइड्रो और थर्मल पावर सेक्टर में बिजली उत्पादन का विविध पोर्टफोलियो है। यह 400 मेगावाट विष्णुप्रयाग हाइड्रोपावर स्टेशन (उत्तराखंड) का संचालन करता है और इसने 300 मेगावाट बस्पा द्वद्व और 1000 मेगावाट करछम वांगटू हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्लांट (हिमाचल प्रदेश) का निर्माण किया है।

## रेलवे स्टॉक आईआरएफसी अगले कुछ महीनों में दे सकता है तगड़ा रिटर्न

# अभी 46 प्रतिशत मिल रहा सस्ता




**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय रेलवे फाइनेंस कॉर्पोरेशन के शेयर जून 2024 में एनएसइ पर 229 रुपये प्रति शेयर के अपने ऑल-टाइम हाई पर था। पिछले 10 महीनों में आईआरएफसी के शेयर 229 रुपये से गिरकर 124 रुपये प्रति शेयर तक पहुंच गए हैं। यानी इस अवधि में इनमें लगभग 46 प्रतिशत की गिरावट है। हालांकि, मोदी कैबिनेट द्वारा 18,658 करोड़ रुपये के 4 रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिलने के बाद पिछले सप्ताह रेलवे पीएसयू शेयरों में कुछ वैल्यू खरीदारी देखी गई।

लाइव मिंट की खबर के अनुसार विशेषज्ञों का मानना है कि आईआरएफसी शेयर लंबी अवधि में भारी रिटर्न दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि आईआरएफसी रेलवे इंफ्रा कंपनियों को वित्तीय सेवाएं प्रदान करता है, इसलिए रेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर सरकार के फोकस का लाभ इन कंपनियों तक पहुंचेगा, जो अपने प्रोजेक्ट्स के लिए आईआरएफसी से वित्त जुटाएंगी। इसलिए, मौजूदा वैल्यूएशन पर आईआरएफसी एक बेहतर निवेश विकल्प है।

**आईआरएफसी शेयर क्यों खरीदें–** फाइनोक्रैट टेक्नोलॉजीज के संस्थापक गौरव गोयल ने कहा, पिछले साल रेलवे और संबंधित वित्तीय पीएसयू शेयरों में भारी खरीदारी देखी गई। कई शेयरों का वैल्यूएशन उनकी विकास दर से अधिक हो गया, जिसके बाद 40-50 प्रतिशत की गिरावट आई।निवेशक ऐसे मौकों पर मजबूत मूलभूत वाली कंपनियों में निवेश करते हैं। प्रॉफिटमार्ट सिक्योरिटीज के अविनाश गोरक्षकर ने सलाह दी, 18,658 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स की मंजूरी से आईआरएफसी को लाभ होगा, क्योंकि रेलवे कंपनियां उससे ऋण लेंगी। लंबी अवधि के निवेशकों के लिए यह शेयर समृद्धि बना सकता है।

### आईआरएफसी का टार्गेट प्राइस

लक्ष्मीश्री इन्वेस्टमेंट के अंशुल जैन ने तकनीकी विश्लेषण बताते हुए कहा, 33 हफ्तों में 46 प्रतिशत गिरावट के बाद आईआरएफसी शेयर में तेजी के संकेत हैं। साप्ताहिक चार्ट पर हायर लो और बुलिश कैंडल मजबूत खरीदारी दिखाते हैं। 140 रुपये के स्तर को पार करने पर अगले 9-12 महीनों में यह 160-165 रुपये तक पहुंच सकता है।

मेहता इक्विटीज के प्रशांत तापसे ने कहा, सरकारी समर्थन, कम जोखिम वाले बिजनेस मॉडल और हेल्दी डिविडेंड यील्ड के कारण आईआरएफसी लंबी अवधि में बेहतर प्रदर्शन करेगा।

## साइबर क्राइम रोकने के लिए बैंक फर्जी अकाउंट को करेंगे जब्त

# बिना पैन खुले खातों की कड़ी निगरानी

**मुंबई।** फर्जी खातों के जरिए साइबर धोखाधड़ी को रोकने के लिए बैंकों ने अवैध लेनदेन में शामिल खातों (म्यूल अकाउंट) को जब्त करने का अधिकार सरकार से मांगा है। उनका कहना है कि अधिकारियों से अनुमति लेने में कीमती समय बर्बाद किए बिना तेजी से कदम उठाने के लिए ऐसा जरूरी है। भारतीय बैंक संघ के एक कार्यसमूह ने अपनी रिपोर्ट में इसका प्रस्ताव रखा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि धोखेबाज बैंकिंग सिस्टम के जरिए अवैध रूप से धन की हेराफेरी करने के लिए फर्जी खातों का उपयोग करते हैं। बैंक हर साल ऐसे हजारों खातों को जब्त करते हैं, लेकिन धोखेबाज सिस्टम में खामियों का फायदा उठाकर जल्दी से नए खाते बना लेते हैं। इनसे निपटने के लिए बैंक बिना समय गंवाए और प्राधिकरणों की अनुमति लिए अवैध ट्रांजैक्शन में शामिल ऐसे खातों को तुरंत बंद करने की शक्ति मांग रहे हैं। कार्यसमूह ने कहा है कि इसके मद्देनजर, हम भारतीय रिजर्व बैंक को सुझाव दे सकते हैं कि वह आगे इस पर विचार करे।

**अभी खाता जब्त करने का अधिकार नहीं–** वर्तमान में बैंक अपनी आंतरिक सतर्कता प्रणाली के आधार पर ऐसे खातों को अस्थायी रूप से फ्रीज या ब्लॉक करते हैं। हालांकि, धन शोधन रोधक अधिनियम के अनुसार उनके पास अदालत या कानून प्रवर्तन एजेंसियों से मंजूरी लिए बिना ग्राहक खातों को जब्त करने का अधिकार नहीं है।

**बिना पैन खुले खातों की कड़ी निगरानी–** बैंकों ने प्रस्ताव दिया है कि स्थायी खाता संख्या (पैन) की अनुपस्थिति में मतदाता पहचान पत्र और फॉर्म 60 का उपयोग करके खोले गए बैंक खातों की कड़ी निगरानी हो।



### क्या होते हैं म्यूल खाते

ये ऐसे बैंक खाते होते हैं, जो गैरकानूनी गतिविधियों से पैसा हासिल करने और उसे आगे भेजने का जरिया बनते हैं। भारत में ये खाते अक्सर ऐसे लोग खोलते हैं, जो कुछ पैसे, कमीशन या शुल्क लेकर दूसरे व्यक्ति को अपना बैंक इस्तेमाल करने देते हैं। इनका संचालन असल खाताधारक के स्थान पर कोई और व्यक्ति करता है। ये खाते किसी अन्य व्यक्ति के केवाईसी दस्तावेजों का उपयोग करके खोले जाते हैं।

**पहचान आसान नहीं–** हाल ही में हुई एक अध्ययन में पाया गया कि एक भारतीय बैंक में 10 में से 9 म्यूल खाते पकड़े नहीं गए। इन म्यूल खातों में शुरुआती गतिवधि भारत के भीतर ही शुरू होने के बावजूद बैंक इसे पकड़ नहीं पाया।

# रेपो दर में कटौती का उठाएं फायदा, ऐसे कम करा सकते हैं होम लोन की किस्त

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महंगाई पर नियंत्रण के बाद अब आरबीआई का ध्यान आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करने पर है। इसी उद्देश्य को लेकर केंद्रीय बैंक ने रेपो दर में 0.25 फीसदी कटौती की घोषणा की है। इस तरह, आरबीआई फरवरी से अब तक रेपो दर में 0.50 फीसदी की कटौती कर चुका है। रेपो रेट वह दर है, जिस पर आरबीआई दूसरे बैंकों को छोटी अवधि के लिए कर्ज देता है। इन दरों में बदलाव का असर बैंक की ब्याज दरों पर भी पड़ता है। यानी कि जब रेपो रेट कम होता है, तब इससे आम ग्राहकों को कर्ज की ईएमआई में राहत मिलती है।

जब रेपो रेट घटता है, तो बैंक भी अपने लोन प्रोडक्ट यानी कर्ज की ब्याज दरों में कटौती करते हैं और नए कर्जदारों को कम ब्याज पर ऋण मिल सकता है। लेकिन, इसका मतलब यह नहीं है कि पुराने ग्राहक जिनका पहले से लोन चल रहा है, उन्हें इससे कोई फायदा नहीं होगा। ध्यान रहे कि अगर आपका लोन फिक्स्ड रेट पर है तो रेपो दर में बदलाव का असर आपके कर्ज पर नहीं पड़ेगा जब तक कि आप अपना लोन फिक्स्ड रेट से फ्लोटिंग रेट में नहीं बदलवा लेते। लेकिन, होम लोन अक्सर लंबी अवधि के लिए फ्लोटिंग रेट सिस्टम पर आधारित होते हैं और रेपो दर से जुड़े होते हैं। अगर आरबीआई ने रेपो दर कम किया है तो आपकी फ्लोटिंग रेट वाले होम लोन की ब्याज दरें भी कम हो जाएंगी। लेकिन, हो सकता है कि इसमें थोड़ा समय लग जाए। इसका कारण यह है कि लोन देते समय बैंक ग्राहकों के साथ एक एग्रीमेंट करता है, जिसमें कर्ज की एक रिसेट डेट यानी बदलाव करने की तारीख तय होती है, जो अक्सर तीन महीने में एक बार होती है।

अब मान लीजिए कि आपके होम लोन की रिसेट डेट मार्च में तय थी तो फरवरी में ब्याज दरों में हुई कटौती का फायदा आपको मिल गया होगा, लेकिन आरबीआई की ओर से अप्रैल में रेपो दर में जो कमी की गई, उसका लाभ आपको जुलाई में ही देखने को मिलेगा।

### किस्त घटाने के लिए करना होगा आवेदन

अब यदि आप सोच रहे है कि आपके मौजूदा होम लोन की मासिक किस्त खुद-ब-खुद कम हो जाएगी तो ऐसा नहीं होगा। बैंक ग्राहकों को कर्ज देते समय उस वक्त पर प्रभावित ब्याज दरों के आधार पर ईएमआई तय करते हैं। आप जो ईएमआई अदा करते हैं, उसका एक हिस्सा ब्याज के रूप में बैंक ले लेता है और दूसरा हिस्सा आपके कर्ज राशि में समायोजित होता है।




अब जब ब्याज दरें कम हुई हैं तो ईएमआई से पहले के मुकाबले अधिक राशि आपके बकाया लोन में समायोजित की जाएगी, जिससे आपके लोन की अवधि कम हो सकती है और आपका लोन समय से पहले चुकता हो सकता है। लेकिन, यदि आप चाहते हैं कि आपकी लोन की अवधि कम न हो, लेकिन ईएमआई कम हो जाए तो आपको बैंक में आवेदन करना होगा। सामान्य तौर पर यह माना जाता है कि ईएमआई कम न कराई जाए, ताकि भविष्य में ब्याज दरें बढ़ जाए तो उस वक्त आपके कर्ज पर इसका विपरीत असर ना पड़े। साथ ही, आपका लोन समय से पहले पूरा हो सके।

### ईएमआई पर कितना होगा असर

मान लीजिए, किसी ग्राहक ने 30 लाख का होम लोन 20 साल की अवधि के लिए लिया है। अगर ब्याज दर 9 फीसदी है, तो उनकी मासिक किस्त यानी ईएमआई 26,992 रुपये होगी। लेकिन, रेपो दर में कुल 0.50 फीसदी की कटौती होने के बाद (जैसा फरवरी और अप्रैल की कटौती को मिलाकर हो सकता है) अगर होम लोन की ब्याज दर घटकर 8.50 फीसदी रह जाएगी, जिससे ईएमआई भी कम होकर 26,035 रह जाएगी। यानी हर महीने 957 रुपये की बचत। पूरे 20 वर्षों में यह बचत 2,29,680 रुपये तक पहुंच सकती है।

### नए ग्राहकों को सलाह, फिक्स्ड दर पर न लें कर्ज

अगर आप होम लेने का विचार कर रहे हैं तो बैंकों की ब्याज दरों की तुलना करें। बैंक ग्राहकों को रेपो दर के साथ कुछ अतिरिक्त भार लगाकर ब्याज दरें तय करते हैं। यह अतिरिक्त भार विभिन्न बैंकों में अलग-अलग हो सकता है। कुछ बैंक पहले कुछ वर्षों के लिए फिक्स्ड रेट पर लोन देते हैं, जो बाद में फ्लोटिंग रेट में तब्दील हो जाता है। ऐसे वक्त पर जब ब्याज दरों में कटौती का सिलसिला शुरू हुआ है व आगे और घटने की संभावना है, तो फिक्स्ड रेट पर लोन लेना नुकसानदायक हो सकता है। साथ ही, कोशिश रहे कि ईएमआई आपकी मासिक आय के 30 फीसदी से अधिक न हो।

## संक्षिप्त समाचार

### न दिल में जगह, न दीवारों पर; फिर उठा अंबेडकर जयंती पर तस्वीर वाला मुद्दा, आप का निशाना



**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में रेखा गुप्ता के मुख्यमंत्री पद के रूप में कमान संभालते ही बाबा साहेब अंबेडकर की तस्वीर वाले मुद्दे ने खूब जोर पकड़ा था। आम आदमी पार्टी का आरोप था कि बीजेपी सरकार बनते ही सीएम के पीछे लगी डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तस्वीर हटा दी गई। मामला दिल्ली विधानसभा तक पहुंचा था। बाद में बीजेपी ने खुद वीडियो बनाकर बताया था कि कोई तस्वीर नहीं हटी है, बस जगह बदल गई है। आज अंबेडकर जयंती के मौके पर आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने फिर तस्वीर वाला मुद्दा उठाया। कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर को लेकर बीजेपी वालों के न दिल में जगह है और न ही दीवारों पर। यह दुख और शर्म की बात है। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए पूर्व मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बीजेपी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने तय किया था कि आप दफ्तर में, सीएम आवास में, मंत्रियों के आवास में और हर सरकारी कार्यालय में भीमराव अंबेडकर की फोटो होगी। केजरीवाल की हर प्रेस कॉन्फ्रेंस में आपन देखा होगा कि उनके पीछे बाबा साहब की तस्वीर होती थी। सब जगह संदेश जाता था कि यह सरकार बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलने वाली है। दिल्ली में बीजेपी की सरकार बनते ही उन तस्वीरों को हटा दिया गया। सौरभ भारद्वाज ने आगे कहा कि हम यह उम्मीद करते थे कि बीजेपी बाकी राज्यों में अंबेडकर साहब की फोटो नहीं लगाएगी, लेकिन उन्होंने तो दिल्ली में सभी जगहों से उनकी तस्वीर हटा दी। अब आप देख सकते हैं कि जब रेखा गुप्ता सीएम हाउस से प्रेस कॉन्फ्रेंस करती हैं तो उनके पीछे बाबा साहेब की तस्वीर नहीं होती। कुर्सी वही है, दीवार और उसके रंग वही हैं,बाबा साहेब की तस्वीर गायब हो गई है। न तो बीजेपी वालों के दिल में अंबेडकर के लिए जगह है और न ही दीवारों पर।

### एक बच्चे की कीमत 10 लाख, दिल्ली में मासूमों की तस्करी करता था गिरोह, पुलिस ने किया पर्दाफाश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने बच्चा तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। यह गिरोह गुजरात,राजस्थान और दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय था। पुलिस ने सिंडिकेट के तीन लोगों को अपने कब्जे में लिया है। इस कार्रवाई के दौरान तीन आरोपियों -यास्मीन (30),अंजलि (36) और जितेंद्र (47) को गिरफ्तार किया गया और एक नवजात लड़के को आरोपियों के चंगुल से बचाया गया है। एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुएदिल्ली पुलिस की एक टीम ने एक ऑपरेशन शुरू किया जो 20 दिनों से अधिक चला। इसमें संदिग्धों से जुड़े 20 से अधिक फोन नंबरों का विश्लेषण शामिल था। गिरफ्तार आरोपियों को 8 अप्रैल को उत्तम नगर इलाके से तब पकड़ा गया जब वे एक बंद कार में बच्चे को छोड़कर चले गए थे। यह गिरोह गुजरात और राजस्थान के गरीब परिवारों को अपना निशाना बनाता था और दिल्ली-एनसीआर के अमीर और बेऔलाद जोड़ों को बच्चों की तस्करी करता था। इसके लिए वे एक बच्चे के बदले 5 से 10 लाख रुपये तक लेते थे। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी सरोज नाम की एक संदिग्ध महिला के कहने पर काम करते थे, जो अभी फरार है। द्वारका के पुलिस उपायुक्त अंकित सिंह ने एक बयान में कहा,अंजलि पहले भी ऐसे अपराधों में शामिल रही है। उसे पहले केंद्रीय जांच ब्यूरो ने मानव तस्करी के एक मामले में गिरफ्तार किया था। बचाए गए बच्चे की देखभाल की जा रही है और उसके असली माता-पिता का पता लगाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस इस गिरोह के बाकी सदस्यों और उनके पूरे नेटवर्क को भी ढूंढने में लगी है,जिसके कई राज्यों में फैले होने का शक है।

# नई फिल्म सिटी से जेवर एयरपोर्ट तक लाइट रेल चलाने की तैयारी

### 14.6 चक्का बनेगा ट्रैक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में सेक्टर-21 स्थित नई फिल्म सिटी से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक पब्लिक रैपिड ट्रांजिट (पीआरटी) चलाने की तैयारी है। पहले चरण में इसके लिए सिर्फ 14.6 किलोमीटर का ट्रैक बनेगा, यह ट्रैक एलिवेटेड होगा या सतह पर बनेगा इसका फैसला डीपीआर पर शासन की मुहर लगने के बाद होगा। फिलहाल सीमेंस कंपनी ने फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार कर ली है।

प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि फिल्म सिटी से एयरपोर्ट की सीधी और आसान कनेक्टिविटी के लिए 14.6 किलोमीटर के नए रूट पर पहले पॉड टैक्सी चलाने का प्लान था, लेकिन ग्लोबल टेंडर निकाले जाने के बाद भी इस परियोजना में मानकों के अनुसार कंपनियों ने रुचि नहीं दिखाई। इसके बाद गाजियाबाद से एयरपोर्ट तक बनने वाले 72.4 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड ट्रैक पर ही नमो भारत ट्रेन और मेट्रो के साथ ही लाइट रेल ट्रांजिट (एलआरटी) चलाने पर सहमति बनी। इसकी डीपीआर को तैयार कर उत्तर प्रदेश सरकार और बाद में केंद्र सरकार के पास भेजी गई, लेकिन केंद्र सरकार ने नमो भारत व मेट्रो के साथ उसी ट्रैक पर एलआरटी चलाने के प्रस्ताव को नामंजूर करते हुए डीपीआर को लौटा दिया। अब एक बार फिर पीआरटी चलाने की तैयारी हो रही है। नए रूट पर पीआरटी चलाने के लिए प्राधिकरण ने सीमेंस कंपनी को संभावना तलाशने की जिम्मेदारी दी। कंपनी ने इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट अब तैयार कर ली है। वहीं, लंदन की कंपनी अल्ट्रा पीआरटी लिमिटेड से भी फिजिबिलिटी रिपोर्ट को तैयार कराया गया है। अब इस पर अधिकारी मंथन करेंगे और शासन स्तर पर गठित पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप बिल्ड इवेलुएशन कमेटी के समक्ष रखा जाएगा। अंतिम निर्णय कमेटी के माध्यम से ही लिया जाएगा।

**तीसरे चरण में आगरा तक चलेगी :** लाइट रेल को पहले चरण में फिल्म सिटी से जेवर एयरपोर्ट तक चलाने की योजना है, जबकि दूसरे चरण में जेवर से वृंदावन तक और तीसरे चरण में वृंदावन से न्यू आगरा तक चलाने की योजना भी तैयार की गई है। इससे एयरपोर्ट की आगरा तक कनेक्टिविटी हो जाएगी, हालांकि यह कितना संभव हो जाता है इसका निर्णय कमेटी व तैयार होने वाली डीपीआर के बाद ही लिया जा सकेगा। फिलहाल इसके लिए सिर्फ संभावना तलाशने का काम चल रहा है। अधिकारियों ने दावा किया है कि पॉड टैक्सी के मुकाबले लाइट ट्रेन ज्यादा कारगर है। वर्तमान में पॉड टैक्सी को कुछ ही देशों की कंपनियां बनाती हैं। ये 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हैं। वहीं, बात की जाए लाइट ट्रेन की तो इसे दुनिया में 100 कंपनियां बनाती हैं। कम लागत होने के साथ ही ये 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलती हैं। यमुना विकास प्राधिकरण सेक्टर-9 में इंडिया इंटरनेशनल सेंटर और हेबिटेट सेंटर बनाने की भी तैयारी है। शहर में आंतरिक ट्रांसपोर्ट में इस्तेमाल करने के लिए हल्की स्पीड वाला यह ऐसा पब्लिक ट्रांसपोर्ट है, जिसमें दो-तीन बोगी होती हैं। लगभग पॉड टैक्सी की स्पीड या उससे थोड़ा सा ज्यादा स्पीड से यह चलता है। यह एक प्रकार से बैटरीचालित अर्बन लाइट ट्रांसपोर्ट सिस्टम है।

# नोएडा के रियल एस्टेट कंपनी पर ईडी की छापेमारी, लाखों की नकदी जब्त; बैंक खाते फ्रीज



**नईदिल्ली, एजेंसी।** ईडी ने नोएडा के एक रियल एस्टेट कंपनी और उसके प्रमोटरों के खिलाफ छापेमारी की। मामला मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़ा है। ईडी ने कहा कि कंपनी निवेशकों को कब्जा देने में विफल रही और निवेश की गई राशि हड़प ली। ईडी ने रविवार को कहा कि उसने नोएडा स्थित एक रियल एस्टेट कंपनी और उसके प्रमोटरों के खिलाफ छापेमारी के बाद 30 लाख रुपए नकद जब्त किए और कुछ बैंक खातों को फ्रीज कर दिया। कंपनी और उनके प्रमोटरों पर एक कमर्शियल प्रोजेक्ट के निवेशकों को धोखा देने का आरोप है। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि भसीन इन्फोटेक एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड, ग्रैंड वेनेजिया कमर्शियल टावर्स प्राइवेट लिमिटेड और उनके प्रमुख कर्मियों के परिसरों में 10 अप्रैल को तलाशी ली गई। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत की गई कार्रवाई के तहत नोएडा (उत्तर प्रदेश), दिल्ली और गोवा में नौ स्थानों पर छापेमारी की गई। धन शोधन का यह मामला नोएडा पुलिस द्वारा मुख्य आरोपी सतिंदर सिंह भसीन, भसीन इन्फोटेक एंड इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और अन्य के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर से जुड़ा है। ईडी ने कहा कि कंपनी ने ग्रैंड वेनेजिया कमर्शियल कॉम्प्लेक्स नाम से एक रियल एस्टेट प्रोजेक्ट शुरू किया। इस प्रोजेक्ट में फैंसी विज्ञापन और झूठे आश्वासनों के जरिए निवेशकों को लुभाया। ईडी ने आरोप लगाया कि वे निवेशकों को कब्जा देने में विफल रहे और निवेश की गई राशि हड़प ली। ईडी द्वारा उनके खिलाफ लगाए गए आरोपों पर प्रतिक्रिया के लिए कंपनी या उसके प्रमोटरों से संपर्क नहीं किया जा सका। एजेंसी ने कहा कि तलाशी के दौरान कुछ आपराधिक जानकारी, दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, बैंक लॉकर की चाबियां और 30 लाख रुपए नकद जब्त किए गए और कुछ संदिग्ध बैंक खाते फ्रीज किए गए।

# अफगानिस्तान में चार लोगों की गोली मारकर हत्या, तालिबानी नेता बोले- फांसी देना इस्लाम का हिस्सा

**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान में तालिबान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्ला अखुंदजादा ने कहा है कि फांसी देना इस्लाम का हिस्सा है। यह बयान तब आया जब हाल ही में चार लोगों को हत्या के आरोप में गोली मारकर मौत की सजा दी गई थी। यह घटनाएं शुक्रवार को खेल स्टेडियमों में हुई, जो 2021 में तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद एक ही दिन में सबसे ज्यादा फांसी की घटनाएं मानी जा रही हैं। बता दें कि, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इन हत्याओं की निंदा हो रही है। संयुक्त राष्ट्र और कई मानवाधिकार संगठनों ने इन हत्याओं को अमानवीय बताया है।

वहीं तालिबान प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद की तरफ से जारी एक ऑडियो क्लिप में अखुंदजादा ने कहा, हमें सिर्फ नमाज या इबादत तक सीमित नहीं रहना चाहिए। इस्लाम एक पूरा जीवन पद्धति है जिसमें अल्लाह के सारे हुक्म शामिल हैं। इनमें सजाएं देना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि तालिबान का संघर्ष सत्ता या धन के लिए नहीं था, बल्कि इस्लामी कानून को लागू करने के लिए था। उन्होंने यह भी कहा कि पश्चिमी देशों के कानूनों की अफगानिस्तान में कोई जरूरत नहीं है। इधर अफगान सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि चारों दोषियों को हत्या का अपराध साबित होने पर मौत की सजा दी गई थी। पीड़ित परिवारों ने माफ करने से इनकार कर दिया था। यह बयान ऐसे समय आया है जब तालिबान दुनिया के देशों, खासकर पश्चिमी देशों, से रिश्ते सुधारने की कोशिश कर रहा है। अमेरिका ने हाल ही में तालिबान के तीन नेताओं से इनाम हटा दिया है और चार अमेरिकी नागरिकों को रिहा किया गया है।

# दिल्ली में बुधवार से फिर लू का अलर्ट, 42 के पार पहुंचेगा पारा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** पश्चिमी विक्षोभ के चलते भले ही दिल्ली को झुलसाने वाली गर्मी से दो दिन की राहत मिली हो, लेकिन दिल्ली पर लू की दूसरी लहर का खतरा मंडराने लगा है। मौसम विभाग ने बुधवार से फिर लू का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि मंगलवार के बाद दिल्ली में फिर से लू की स्थिति बन सकती है। विभाग ने बुधवार और गुरुवार के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही अधिकतम तापमान 42 डिग्री के पार पहुंचने का अनुमान जताया है।

इस मौसम में अभी तक 8 अप्रैल को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो इस सीजन का सबसे ज्यादा तापमान है। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में रविवार की सुबह से ही तेज चमकदार सूरज निकला रहा। दिन चढ़ने के साथ ही धूप भी तीखी और तेज हो गई। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में रविवार दिन का अधिकतम तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जोकि सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है, जबकि न्यूनतम तापमान 19.8 डिग्री सेल्सियस रहा जोकि सामान्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस कम है। यहां पर आर्द्रता का स्तर 66 से 29 फीसदी तक रहा।

राजधानी में अप्रैल के अभी तक के दिनों का औसत अधिकतम तापमान 37.7 डिग्री सेल्सियस है। अप्रैल में सफदरजंग में औसत अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री सेल्सियस रहता है। ऐसे में अप्रैल औसत अधिकतम तापमान से एक डिग्री ज्यादा गर्म है। वर्ष 2022 में अप्रैल खासा गर्म था। तब औसत अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस रहा था।

पिछले दिनों हुई मौसम की गतिविधियों के चलते दिल्ली की हवा साफ-सुथरी बनी हुई है। रविवार को राजधानी की हवा मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक, रविवार को दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 178 के अंक पर रहा। इस स्तर की हवा को मध्यम श्रेणी में रखा जाता है। अगले दो दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता का स्तर इसी के आसपास रहने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण मिली राहत राजधानी दिल्ली में इस बार जनवरी महीने से ही मौसम असामान्य तौर पर गर्म है। जनवरी, फरवरी और मार्च का महीना सामान्य से ज्यादा गर्म रहा है। हालांकि, सामान्य से ज्यादा होने के बावजूद इन महीनों में अधिकतम तापमान असहनीय नहीं हुआ था। लेकिन, अप्रैल का सप्ताह बीतते-बीतते दिल्ली झुलसाने वाली लू की चपेट में आ गई। तेज धूप और गर्म हवा के थपेड़ों के चलते दिल्ली के लोगों का घरों से बाहर निकलना मुहाल हो गया। तीन दिन की लू के बाद पश्चिमी विक्षोभ से दिल्ली के लोगों को राहत मिली।

# यूक्रेन-ग्रीनलैंड रिपोर्ट पर फूटा ट्रंप का गुस्सा



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को अमेरिकी टेलीविजन पर प्रसारित होने वाली समाचार पत्रिका सीबीएस द्वारा अपने कार्यक्रम '60 मिनट्स में यूक्रेन और ग्रीनलैंड पर कार्यक्रम प्रसारित करने के तुरंत बाद सीबीएस और '60 मिनट्स पर तीखा हमला करते हुए कहा कि टेलीविजन नेटवर्क नियंत्रण से बाहर हो गया है और उनके पीछे पड़ने के लिए उसे ''बड़ी कीमत चुकानी होगी। राष्ट्रपति ने अपने 'ट्रुथ सोशल पर कहा, ''लगभग हर हफ्ते '60 मिनट्स में... अपमानजनक और बदनाम करने वाले तरीके से ट्रंप का नाम लिया जाता है, लेकिन इस सप्ताहांत का प्रसारण उन सभी कार्यक्रमों से ऊपर है। उन्होंने संघीय संचार आयोग के अध्यक्ष ब्रेंडन कार से ''उनके गैरकानूनी और अवैध व्यवहार के लिए अधिकतम जुर्माना और दंड देने का आह्वान किया। नेटवर्क ने इस बारे में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। ट्रंप ने पिछले साल डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस के साथ एक साक्षात्कार को संपादित करने के तरीके को लेकर '60 मिनट के खिलाफ 20 अरब डॉलर का मुकदमा दायर किया है। राष्ट्रपति का दावा है कि हैरिस को अच्छा दिखाने के लिए कार्यक्रम को संपादित किया गया था। हालांकि चैनल ने इस बात से इनकार किया है। ऐसी खबरें हैं कि ट्रंप के वकील और 'सीबीएस की मूल कंपनी समझौता वार्ता में शामिल हैं। कार और एफसीसी ने उसी मामले के बारे में सीबीएस न्यूज की समानांतर जांच शुरू की है, जो उन कई मामलों में से एक है जिसमें 'एबीसी न्यूज, 'एनबीसी, 'पीबीएस, 'एनपीआर और 'वॉल्ट डिजनी कंपनी भी शामिल हैं।

कानूनी लड़ाई के बावजूद '60 मिनट ने ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के बाद से उनके प्रशासन की कवरेज में कोई कमी नहीं की है, खासकर संवाददाता स्कॉट पेली ने। पेली ने यूक्रेन की यात्रा की और देश के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ एक साक्षात्कार किया, जहां इस महीने की शुरुआत में रूसी हमले में नौ बच्चे मारे गए थे। रविवार को प्रसारित साक्षात्कार में जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन पर आक्रमण के लिए वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से ''100 प्रतिशत नफरत करते हैं और उन्होंने ट्रंप को अपने देश की यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया ताकि वह देख सकें कि क्या किया गया है।

# शेख हसीना, बहन रेहाना और भतीजी रिजवाना के गिरफ्तारी वारंट जारी

### भ्रष्टाचार मामले में कोर्ट का आदेश



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। भ्रष्टाचार के एक और मामले में पूर्व पीएम शेख हसीना, उनकी बहन शेख रेहाना और भतीजी व ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीकी समेत 50 अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुए हैं।

ढाका मेट्रोपॉलिटन वरिष्ठ विशेष न्यायाधीश जाकिर हुसैन ने भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) द्वारा दायर तीन अलग-अलग आरोपपत्रों पर विचार करने के बाद राजनीतिक शक्ति का दुरुपयोग करके अवैध भूमि अधिग्रहण करने पर यह आदेश जारी किया। एसीसी के सहायक निदेशक (अभियोजन) अमीनुल इस्लाम ने कहा कि न्यायाधीश हुसैन ने गिरफ्तारी आदेशों के निष्पादन पर रिपोर्ट की समीक्षा के लिए 27 अप्रैल की तारीख तय की है।

हाल ही में एसीसी ने भूखंड आवंटन में भ्रष्टाचार के तीन अलग-अलग मामलों में 53 लोगों के खिलाफ अदालत में आरोपपत्र जमा किए हैं। 10 अप्रैल को इसी अदालत ने राजुक प्लॉट आवंटन से संबंधित एक अलग भ्रष्टाचार मामले में हसीना, उनकी बेटी साइमा वाजेद पुतुल और 17 अन्य के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। इससे पहले 13 जनवरी को एसीसी ने रेहाना के खिलाफ अधिकार का दुरुपयोग करके पुर्बांचल न्यू टाउन प्रोजेक्ट में 10 प्लॉट हासिल करने का मामला दर्ज किया। इस मामले में भी पूर्व पीएम हसीना और रेहाना की बेटी ब्रिटिश सांसद ट्यूलिप रिजवाना सिद्दीक सहित 15 आरोपियों के नाम शामिल किए गए थे। मामले की जांच के बाद एसीसी ने 10 मार्च को 17 व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने इसी दिन रेहाना के बेटे रादवान मुजीब सिद्दीकी के खिलाफ तीसरा मामला दर्ज किया। उन पर राजनीतिक प्रभाव का इस्तेमाल करके प्लॉट हासिल करने का आरोप है। इससे पहले बांग्लादेश के अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने हसीना, उनके राजनीतिक सहयोगियों, वरिष्ठ नागरिक और सैन्य अधिकारियों के खिलाफ मानवता के खिलाफ अपराध और जबरन गायब होने जैसे आरोपों पर दो गिरफ्तारी वारंट जारी किए थे। बुधवार को एसीसी ने मुजीब शताब्दी समारोह के लिए हसीना, उनकी छोटी बहन शेख रेहाना और एक पूर्व अधिकारी द्वारा 4,000 करोड़ टका की बर्बादी की नई जांच शुरू की है।

# सिंगापुर में आम चुनाव की तैयारी तेज, पीएम वोंग की पार्टी पीएपी उतारेगी भारतीय मूल के उम्मीदवार

**सिंगापुर सिटी, एजेंसी।** सिंगापुर में आम चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। इसे लेकर प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) ने कहा है कि वह चुनाव में भारतीय मूल के उम्मीदवारों को उतारेगी। पीएम वोंग ने भारतीय समुदाय के युवाओं के साथ संवाद में यह एलान किया।

वोंग ने व्यापार, उद्योग और सार्वजनिक सेवाओं सहित कई क्षेत्रों में भारतीय समूह के योगदान को स्वीकार किया। उन्होंने युवाओं से कहा कि आप एक छोटा समुदाय हो सकते हैं, लेकिन निश्चित रूप से सिंगापुर में आपका योगदान और प्रभाव बिल्कुल भी छोटा नहीं है। आप पहले से ही सिंगापुर की भावना को दर्शाते हैं। आपकी कहानी सिंगापुर की कहानी है। यह छोटी है, लेकिन आपके वजन से ऊपर है।

पीएम वोंग ने कहा कि सिंगापुर को कई भारतीय सिविल सेवकों से लाभ हुआ है। जैसे डॉ जनिल जो वरिष्ठ स्वास्थ्य राज्य मंत्री भी हैं। आगामी चुनाव के लिए पीएपी से नए भारतीय उम्मीदवार होंगे। उन्होंने कहा कि यहां भारतीय समुदाय बहुत विविधतापूर्ण है और समुदाय ने एक अलग संस्कृति में विकसित होते हुए भी अपनी परंपराओं को बनाए रखा है।

उन्होंने कहा कि सिंगापुर के भारतीयों के लिए, आपके मूल्य, आपके मानदंड, आपके सोचने का तरीका, भारत में भारतीयों से अलग हैं। यह कुछ ऐसा अनमोल है जिसे हमने यहां बनाया है। यह एक सिंगापुरी रवैया, मानसिकता, जीवन शैली है। उन्होंने कहा कि आप अपनी जातीय जड़ों पर गर्व कर सकते हैं और साथ ही सिंगापुरी होने पर भी गर्व कर सकते हैं। यही सिंगापुरी होने का हमारा मतलब है। इस तरह हम कोशिश कर सकते हैं, भले ही एक छोटे से लाल बिंदु के रूप में हम सुनिश्चित कर सकते हैं कि हम मजबूत और एकजुट रहें। हम एक दूसरे के साथ सद्भाव बनाए रख सकते हैं।



संवाद में भारतीय मूल के वरिष्ठ डिजिटल विकास और सूचना राज्य मंत्री जेनिल पुथुचेरी ने भी 130 युवाओं के साथ बात की। डॉ. जेनिल ने कहा कि भारतीय समुदाय का छोटा आकार है। हम सभी के साथ निकट संपर्क में रह सकते हैं, हमारे पास जो कनेक्शन, नेटवर्क, दोस्ती, विश्वास है उसका लाभ उठा सकते हैं। यह एक छोटा और संभावित रूप से बहुत अधिक घनिष्ठ समुदाय होने का एक फायदा है। हालांकि सिंगापुर में अधिकांश युवा एक ही चिंता साझा करते हैं, लेकिन भारतीय समुदाय नस्ल, धर्म और भाषा के मुद्दों को अलग तरह से दर्शाता है।

**जल्द हो सकता है चुनाव का एलान:** सिंगापुर में आम चुनाव का एलान जल्द हो सकता है। इसे लेकर राजनीतिक दलों ने तैयारी तेज कर दी है। सिंगापुर दैनिक की रिपोर्ट के अनुसार 2024 में भारतीयों ने सिंगापुर के नागरिकों का 7.6 प्रतिशत प्रतिनिधित्व किया, जबकि मलय और चीनी क्रमशः जनसंख्या का 15.1 प्रतिशत और 75.6 प्रतिशत थे।

आईपीएल 2025

# यॉर्कर किंग बुमराह भी पड़े फीके

# कमबैक हो तो ऐसा! मैच हारी दिल्ली, पर दिल जीत गए नायर



**नई दिल्ली, एजेंसी।** करुण नायर... टीम इंडिया को वो क्रिकेटर जिसने कभी इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक जड़कर सुर्खियां बटोरी थीं. करुण हालांकि उस तिहरे शतक के बाद अपनी चमक खो बैठे और इंटरनेशनल क्रिकेट से आउट हो गए. बाद में खराब फॉर्म की वजह से करुण को कर्नाटक की रणजी टीम और इंडियन प्रीमियर लीग से भी बाहर का रास्ता दिखाया गया. कहते हैं कि सब दिन एक समान नहीं होता है.... करुण नायर एक बार फिर अपने पुराने दिनों में लौट आए हैं और बल्ले से धमाल मचा रहे... करुण ने पहले हालिया घरेलू सीजन में रनों का अंबार लगाया और अब इंडियन प्रीमियर में लीग में जबरदस्त वापसी की है. ऐसी वापसी, जिसे देखकर फैन्स भी दंग रहे.

करुण नायर लगभग 3 साल बाद बाद आईपीएल मैच खेलने उतरे, वो भी दिल्ली कैपिटल्सकी ओर से मुंबई इंडियंस के विरुद्ध. करुण को शुरुआती इलेवन में मौका नहीं मिला था, लेकिन जब दिल्ली ने रनचेज के दौरान पहली ही गेंद पर विकेट खो दिया, तो करुण को बतौर इम्पैक्ट सब बैटिंग के लिए भेजा गया. दिल्ली टीम मैनेजमेंट का ये फैसला सही साबित हुआ. करुण आते ही ताबड़तोड़ शॉट्स लगाकर रनों की बौछार करने लगे. करुण नायर ने देखते ही देखते सिर्फ 22 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी कर ली. ये फिफ्टी उन्होंने पावरप्ले में ही पूरी कर ली. यह आईपीएल में लगभग सात साल बाद उनकी पहली फिफ्टी रही. करुण ने इस दौरान यॉर्कर किंग जसप्रीत बुमराह को भी नहीं बख्शा. छठे ओवर में तो करुण ने बुमराह के खिलाफ 18 रन बटोरे.

करुण नायर जब तक क्रीज पर थे, तब तक दिल्ली की टीम रनचेज में काफी आगे थी. उसका स्कोर एक समय 11.3 ओवर में दो विकेट पर 135 रन था. ऐसा लग रहा था कि करुण अपने आईपीएल करियर का पहला शतक भी बना सकते हैं. लेकिन मिचेल सेंटनर के उस ओवर की अगली गेंद पर ही करुण बोल्ड हो गए. करुण ने सिर्फ 40 गेंदों का सामना किया और 89 रन बनाए. इस दौरान उन्होंने 12 चौके और 5 छक्के जड़े. करुण का ये आईपीएल में सबसे बड़ा स्कोर भी रहा.

करुण नायर के आउट होने के बाद दिल्ली की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई. दिल्ली 206 रनों के टारगेट को चेज करने से थोड़ी दूर रह गई और उसका स्कोर 193 तक ही जा पाया. 19वें ओवर में लगातार तीन रन आउट के चलते भी दिल्ली का गेम बिगड़ा. दिल्ली मैच हार गई. लेकिन करुण की ये इनिंग्स लंबे समय तक याद रखी जाएगी. देखा जाए तो अरसे बाद आईपीएल में बुमराह की किसी बल्लेबाज ने इतनी धुनाई की. बुमराह के खिलाफ करुण नायर ने 9 गेंदें खेलीं और 26 रन बनाए, जिसमें दो छक्के और तीन चौके शामिल रहे. आईपीएल के किसी एक मैच में बुमराह के विरुद्ध किसी भारतीय खिलाड़ी के ये दूसरे सर्वाधिक रन रहे. इस मामले में शिखर धवन पहले नंबर पर हैं, जिन्होंने 2016 के सीजन में इस गेंदबाज के खिलाफ 16 बॉल पर 27 रन बनाए थे.

### आईपीएल में एक ओवर में बुमराह के खिलाफ सबसे ज्यादा रन

| |
|---|
| 26- पैट कमिंस (कोलकाता नाइट राइडर्स), 2022 |
| 20- ड्वेन ब्रावो (चेन्नई सुपर किंग्स), 2018 |
| 18- करुण नायर (दिल्ली कैपिटल्स), 2025* |
| 17- फाफ डु प्लेसिस (चेन्नई सुपर किंग्स), 2021 |

### पावरप्ले में दिल्ली कैपिटल्स के लिए सर्वाधिक रन

| |
|---|
| 78 (24)- जेक फ्रेजर-मैकगर्क- मुंबई इंडियंस, 2024 |
| 50 (20)- जेक फ्रेजर-मैकगर्क - राजस्थान रॉयल्स, 2024 |
| 50 (22)- करुण नायर -मुंबई इंडियंस, 2025* |

### 1077 दिनों के बाद कोई आईपीएल मैच खेलने उतरे

33 वर्षीय करुण नायर 1077 दिनों के बाद कोई आईपीएल मैच खेलने उतरे थे. करुण ने इससे पहले 2022 सीजन के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स का प्रतिनिधित्व किया था. फिर वो 2023 और 2024 के सीजन से नदारद रहे. फिर दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में करुण को केवल 50 लाख रुपये में खरीदा. करुण ने यदि घरेलू क्रिकेट में रन नहीं बनाए होते तो शायद इस मेगा नीलामी में अनसोल्ड रहते. बता दें कि करुण नायर ने पिछले घरेलू सीजन में विदर्भ के लिए खेलते हुए कुल 9 शतक जड़े. करुण ने इस दौरान विजय हजार ट्रॉफी 2024-25 में बेहद धांसू प्रदर्शन किया था. करुण ने 8 पारियों में 389.50 के एवरेज से 779 रन बनाए थे. इसमें पांच शतक और 1 अर्धशतक शामिल रहे. करुण ने 112*, 44*, 163*, 111*, 112, 122*, 88* और 27 के स्कोर बनाए. यानी वो सिर्फ दो पारियों में आउट हुए.करुण नायर की कप्तानी में विदर्भ की टीम फाइनल में भी पहुंची थी, जहां उसे कर्नाटक के हाथों हार का सामना करना पड़ा था. रणजी ट्रॉफी 2024-25 की बात करें, तो करुण ने कुल 9 मैचों में 53.93 की औसत से 863 रन बनाए. इस दौरान उनके बल्ले से चार शतक निकले. करुण के दमदार प्रदर्शन के दम पर विदर्भ तीसरी बार रणजी चैम्पियन बनने में कामयाब रहा था.

### तिहरा शतक जड़कर छा गए थे

करुण नायर दिसंबर 2016 में टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक जड़कर छा गए थे. तब नायर ने इंग्लैंड के खिलाफ मोहाली में 303* रनों की पारी खेली थी. हालांकि उस तिहरे शतक के बाद करुण कुछ टेस्ट मैचों में फ्लॉप रहे, जिसके बाद उन्हें टीम से ड्रॉप कर दिया गया. करुण ने अपना आखिरी टेस्ट मैच मार्च 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था. उसके बाद वो टीम से बाहर हैं. करुण ने भारत की ओर से 6 टेस्ट मैचों में 62.33 की औसत से 374 रन बनाए हैं. करुण भारत के लिए दो वनडे मैच ही खेल पाए हैं, जिसमें उन्होंने कुल 46 बनाए. करुण नायर को भारतीय टीम से बाहर किए जाने का दर्द अब भी है. 10 दिसंबर 2022 को करुण नायर ने एक ऐसा ट्वीट किया था, जिसका चर्चा खूब होती है. इस ट्वीट में उन्होनें लिखा था, डियर क्रिकेट, मुझे एक और मौका दो. करुण का ये ट्वीट बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट टीम की घोषणा के बाद आया था. तब उन्हें कर्नाटक की रणजी टीम में भी मौका नहीं मिला था.



## धीमी ओवर रेट के लिए कप्तान अक्षर पटेल पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के एक मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ धीमे ओवर रेट के कारण दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यह मुकाबला अरुण जेटली स्टेडियम में खेला गया, जहां दिल्ली कैपिटल्स को रोमांचक मुकाबले में 12 रनों से हार का सामना करना पड़ा। आईपीएल की ओर से जारी बयान के अनुसार, अक्षर पटेल को आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 का उल्लंघन करने का दोषी पाया गया। इस अनुच्छेद के अंतर्गत धीमी ओवर गति बनाए रखने पर पहली बार अपराध के लिए कप्तान पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया जाता है। आईपीएल के बयान में कहा गया, चूंकि यह आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के अंतर्गत उनकी टीम का इस सत्र में पहला अपराध था, इसलिए पटेल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अक्षर पटेल इस सत्र में धीमी ओवर गति के लिए दंडित होने वाले एकमात्र कप्तान नहीं हैं। मुंबई इंडियंस के हार्दिक पांड्या, लखनऊ सुपरजायंट्स के ऋषभ पंत और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के रजत पाटीदार पर भी इसी तरह के अपराध के लिए जुर्माना लगाया जा चुका है। मैच की बात करें तो मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 205/5 का मजबूत स्कोर खड़ा किया। जवाब में दिल्ली कैपिटल्स 19 ओवर में 193 रन पर ऑलआउट हो गई। करुण नायर ने 40 गेंदों पर शानदार 89 रनों की पारी खेली, लेकिन उनके प्रयास को बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका। मुंबई इंडियंस के कर्ण शर्मा ने अहम समय पर तीन विकेट चटकाए और मैच का रुख पलट दिया। वहीं, दिल्ली कैपिटल्स की पारी में एक ओवर में तीन रन आउट भी देखने को मिले, जिसने मुकाबले को और रोमांचक बना दिया।

## हिमाचल के चंद ने 59 किलोग्राम वर्ग में जीता स्वर्ण



**शिमला, एजेंसी।** राष्ट्रीय स्तरीय बीच ग्रैपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के चंद ने 59 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि हरियाणा के कुलदीप को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हैनॉल्ट स्कूल में चल रही राष्ट्रीय स्तरीय बीच ग्रैपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों के प्रतिभागियों ने दमदार प्रदर्शन किया। कुल 16 विजेता खिलाड़ियों के नाम सामने आए हैं, जिन्होंने विभिन्न वजन वर्गों में पदक जीते। हिमाचल प्रदेश के चंद ने 59 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि हरियाणा के कुलदीप को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। 130 किलोग्राम भार वर्ग में हरियाणा के सचिन ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि उत्तर प्रदेश के अजयवीर को दूसरा स्थान मिला। 77.7 किलोग्राम वर्ग में दिल्ली के सुजीत ने स्वर्ण पदक जीता और हरियाणा के मोहम्मद अमन ने रजत पदक हासिल किया। 92 किलोग्राम वजन वर्ग में हरियाणा के दीप ने पहला और मिस्देस ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 81 किलोग्राम वर्ग में राजस्थान की पिंकी ने स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली के गौरव कुमार ने 84 किलोग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता। 71 किलोग्राम वर्ग में हरियाणा के यशेन ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि 97 किलोग्राम वर्ग में राजस्थान के दारा सिंह को दूसरा स्थान मिला। उत्तर प्रदेश के दिग्विजय ने 66 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक और छत्तीसगढ़ के सलीम ने रजत पदक हासिल किया।

# ड्रेसिंग रूम में गायब हुआ विराट का बल्ला




**जयपुर, एजेंसी।** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए आईपीएल मैच में विराट कोहली काफी छाए रहे. राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ वह अपनी टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए एक बड़े मैच विनर साबित हुए. हालांकि, मुकाबले के बाद विराट के साथ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ड्रेसिंग रूम में ऐसा कुछ हुआ, जिसे वह चौंक गए. दरअसल, मुकाबले के बाद कोहली को अपना किट पैक करते समय पता चला कि उनका एक बल्ला गायब हो गया है. इस घटना का वीडियो आरसीबी की टीम ने अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है.

दरअसल, विराट कोहली अपने साथ 7 बल्ले लेकर जयपुर आए थे. लेकिन मुकाबले के बाद किट पैक करते समय उनके पास 6 बल्ले ही थे. हालांकि, उनका ये बल्ला चोरी नहीं हुआ था. बल्कि विराट के साथी खिलाड़ी टिम डेविड ने उनके साथ एक प्रैंक किया. टिम डेविड ने पहले ही विराट का एक बल्ला खुद के किटबैग में छिपा लिया था. आरसीबी ने सोशल मीडिया पर जो वीडियो शेयर किया है उसमें कोहली किट पैक करते हुए परेशान नजर आए. वीडियो में वह करते है कि उनका सातवां बल्ला कहीं दिख नहीं रहा. बाद में एक साथी खिलाड़ी की मदद से विराट कोहली को पता चलता है कि उनका बल्ला टिम डेविड के बैग में है.

जिसके बाद कोहली मजाकिया अंदाज में अपने साथियों को गाली देते हुए कहते हैं कि तुम सबको इसके बारे में पता था और वह टिम डेविड के बैग में से अपना बल्ला वापस ले लेते हैं. इस प्रैंक के बाद टिम डेविड ने कहा, 'विराट बहुत अच्छा बल्लेबाजी कर रहे थे. तो हमने सोचा कि देखें उन्हें पता चलने में कितना वक्त लगता है कि उसका एक बल्ला गायब है. उन्हें पता ही नहीं चला, क्योंकि वह अपने खेल से बहुत खुश थे. तो मैंने उन्हें बल्ला वापस दे दिया.'

विराट के लिए ये मुकाबला काफी यादगार रहा. उन्होंने नाबाद 62 रन की पारी खेलकर आरसीबी को 9 विकेट से जीत दिलाई. ये टी20 में उनका 100 अर्धशतक भी था. वह इस मुकाम तक पहुंचने वाले दुनिया के दूसरे और भारत के पहले खिलाड़ी बने. इसके अलावा आईपीएल 2025 में अब उनके 248 रन हो गए हैं और वह ऑरेंज कैप की रेस में 5वें नंबर पर आ गए हैं.

## रोबॉट वाला कुत्ता करेगा आईपीएल में नौकरी! दो टांगों पर खड़ा होकर करता है इंसानों जैसा बर्ताव



इंडियन प्रीमियर लीग लगातार टेक्नोलॉजी में उन्नति कर रही है. अब आईपीएल की ब्रॉडकास्ट टीम में एक नया सदस्य जुड़ गया है. आईपीएल के सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से यह जानकारी दी गई है कि अब एक रोबॉटिक कुत्ता भी ब्रॉडकास्ट टीम का हिस्सा होगा. सामने आए वीडियो में न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर और अब अपनी कमेंट्री के लिए मशहूर डैनी मॉरिसन ने पुष्टि करके बताया कि यह रोबॉटिक डॉग अब आईपीएल की ब्रॉडकास्ट टीम के लिए मैच को रिकॉर्ड करेगा. यह रोबॉटिक डॉग कई स्पेशल फीचरों से लैस है और ब्रॉडकास्टिंग के लिए कैमरा फिट किए गए हैं. इस रोबॉट को डैनी मॉरिसन की बात मानते हुए भी देखा गया. इस डॉग को खिलाड़ियों से हाथ मिलाते देखा गया और यहां तक कि दो टांगों पर खड़े होकर उसने रीस टॉप्ली को चौंका दिया. उसे अंपायर के अंदाज में टीवी रिव्यू जैसा इशारा करते देखा गया और हार्दिक पांड्या भी उसके साथ मस्ती करते दिखे. दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल को अचंभा हुआ और पूछ डाला, क्या है ये? दूसरी ओर मुंबई इंडियंस के गेंदबाज रीस टॉप्ली ने भी हैरान होते हुए पूछा, यह किस किस्म का कुत्ता है.

# अल्कारेज बने मोंटे कार्लो मास्टर्स के विजेता, मुसेटी को हराया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 21 साल के अल्कारेज ने फॉर्म में वापसी करते हुए अपना छठा मास्टर्स 1000 खिताब जीता। चार ग्रैंडस्लैम जीतने वाले अल्कारेज का यह 10वां बड़ा खिताब है।

स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इटली के लौरेंजो मुसेटी को 3-6, 6-1, 6-0 से हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट का अपना पहला खिताब हासिल किया। पिछले साल विंबलडन जीतने के बाद यह स्पेनिश खिलाड़ी की पहली बड़ी जीत है। मार्च में वह मियामी में शुरुआती दौर में बाहर हो गए। इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में हार गए थे। 21 साल के इस युवा खिलाड़ी ने फॉर्म में वापसी करते हुए अपना छठा मास्टर्स 1000 खिताब जीता। चार ग्रैंडस्लैम जीतने वाले अल्कारेज का यह 10वां बड़ा खिताब है।

**एटीपी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर आना तय**

मुसेटी ने दो बार ब्रेक प्वाइंट लिया और अल्कारेज की 11 बेजा गलतियों का फायदा उठाकर पहला सेट जीत लिया, लेकिन उसके बाद अल्कारेज ने दूसरे सेट में लय हासिल कर ली और दो ब्रेक प्वाइंट लेने के बाद पांच गेम लगातार जीतते हुए दूसरा सेट जीतकर बराबरी कर ली। अल्कारेज की अथक गति, संतुलन और शक्ति के आगे मुसेटी परेशान नजर आए। तीसरे सेट में मामला एकतरफा था। स्पेनिश खिलाड़ी ने 3-0 की बढ़त बना ली। इटली के मुसेटी ने मेडिकल टाइमआउट को लेकर जांघ का उपचार कराया। उसके बाद अल्कारेज ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। इस जीत से अल्कारेज का एटीपी रैंकिंग में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को हटाकर दूसरे स्थान पर आना तय हो गया है।


**23वें टूर फाइनल में पहुंचे थे अल्कारेज**

अल्कारेज ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने सेमीफाइनल में हमवतन एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी अल्कारेज अपने 23वें टूर फाइनल में पहुंचे थे। फ्रेंच ओपन और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने के बाद यह अल्कारेज का लगातार तीसरा क्ले कोर्ट फाइनल था।

## आर्चरी वर्ल्ड कप: तीरंदाजी विश्व कप में धीरज ने व्यक्तिगत कांस्य जीता



**ऑबर्नडेल (अमेरिका), एजेंसी।** भारत ने इस तरह से इस प्रतियोगिता में चार पदक जीते। भारत के अभियान में अभिषेक वर्मा पदक से चूक गए और कंपाउंड पुरुष व्यक्तिगत वर्ग में चौथे स्थान पर रहे। भारत ने रविवार को तीरंदाजी विश्व कप चरण एक में अपना अभियान चार पदकों के साथ समाप्त किया, जिसमें पुरुष रिकर्व टीम स्पर्धा में एक रजत और व्यक्तिगत रिकर्व वर्ग में धीरज बोम्मदेवरा का कांस्य पदक शामिल है। सेना के 23 वर्षीय तीरंदाज धीरज ने कांस्य पदक के लिए खेले गए मैच में जीत हासिल करने के लिए असाधारण धैर्य और संयम दिखाया। उन्होंने 2-4 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेन के एंड्रेस टेमिनो मेडिएल को पांच सेट के तनावपूर्ण मुकाबले में 6-4 से हराया। धीरज इससे पहले सेमीफाइनल में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता जर्मनी के फ्लोरियन उनरुह से 1-7 से हार गए थे। इससे पहले दिन में धीरज अनुभवी तरूणदीप राय और अतनु दास के साथ उस भारतीय तिकड़ी का भी हिस्सा थे, जिसने टीम स्पर्धा के फाइनल में चीन से 1-5 से हारने के बाद रजत पदक जीता था।



# नागजिला में

## दोहरी भूमिका में नजर आएंगे कार्तिक आर्यन

कार्तिक आर्यन हिंदी सिनेमा के सबसे मशहूर युवा अभिनेताओं में से एक हैं और उनके पास ऐसी कई फ़िल्में हैं, जिनसे बॉक्स ऑफ़िस पर धमाल मचाने की उम्मीद है। जहाँ वे अनुराग बसु के निर्देशन में अगली फ़िल्म में नज़र आने वाले हैं, वहीं वे तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी और नागज़िला में भी नज़र आएंगे, दोनों फ़िल्में करण जौहर द्वारा निर्मित हैं। युवा नायक को निर्माताओं द्वारा 50 करोड़ रुपये की पेशकश की जा रही है, जो उनकी स्थिति को मज़बूत करने का एक संकेत है। नागजिला में कार्तिक आर्यन दोहरी भूमिका में होंगे। एक सूत्र ने बताया, नागजिला मानव बनाम साँप संघर्ष पर एक प्रफुल्लित करने वाला रूप है, और सबसे बड़ा ट्विस्ट कार्तिक आर्यन की दोहरी भूमिका की यूएसपी से उपजा है। जवान में शाहरुख की तरह, कार्तिक के दो किरदार नायक और खलनायक होने के कगार पर होंगे, लेकिन एक हास्यपूर्ण मोड़ के साथ। नागजिला सभी फुकरे फिल्मों से भी ज्यादा मजेदार है, और निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा बतौर निर्देशक अपने करियर की सबसे महत्वाकांक्षी और रोमांचक यात्रा पर निकलने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। फिल्म को मृगदीप सिंह लांबा निर्माता महावीर जैन के साथ मिलकर विकसित कर रहे हैं, जिन्होंने इसे शानदार बनाने के लिए करण जौहर के साथ साझेदारी की। तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी की शूटिंग पूरी होने के बाद टीम सितंबर से शूटिंग शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है।



### भतीजे इब्राहिम अली खान को

# सोहा ने दी जरूरी सलाह

इन दिनों सोहा अली खान फिल्म 'छोरी 2' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में नुसरत भरुचा मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में महिलाओं, लड़कियों से जुड़े एक गंभीर मुद्दे के साथ हॉरर एंगल को जोड़ा गया है। इस फिल्म के प्रमोशन के दौरान ही सोहा अली खान ने करियर और निजी जीवन से जुड़े सवालों के जवाब भी दिए। खासकर अपने भतीजे इब्राहिम अली खान के एक्टिंग डेब्यू, सोशल मीडिया पर उसे मिल रही ट्रोलिंग को लेकर काफी कुछ कहा।

फिल्म 'नादानियां' से इब्राहिम अली खान ने एक्टिंग में डेब्यू किया, खराब एक्टिंग के लिए इस यंग एक्टर को सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया गया। इस ट्रोलिंग पर सोहा अली खान ने नयनदीप रक्षित के यूट्यूब चैनल पर कहा, 'इब्राहिम को अपने काम पर ध्यान देना चाहिए। ऐसे लोगों से दूर रहना चाहिए जो उसकी हां में हां मिलाते हों।'

**सोशल मीडिया कमेंट्स ना पढ़ने को कहा**

वह आगे कहती हैं, 'अगर कोई भी फिल्म इंडस्ट्री का हिस्सा बन रहा है तो उन्हें इस तरह की बातों के लिए तैयार रहना चाहिए। लोगों की राय को हजम करने की क्षमता होनी चाहिए। हां, सोशल मीडिया पर जो कमेंट्स मिलते हैं, उनको पढ़ने से जरूर बचना चाहिए। लेकिन कई बार मुझे लगता है कि ये कमेंट्स भी इंपॉर्टेंट साबित होते हैं। इनके जरिए आपको अपने काम में सुधार करना चाहिए, अपने क्राफ्ट पर काम करना चाहिए और आगे बढ़ना चाहिए।'

**क्या है छोरी में सोहा का रोल**

आज यानी 11 अप्रैल को ही ओटीटी पर फिल्म 'छोरी' रिलीज हुई है। इसमें सोहा अली खान ने दासी मां नाम का नेगेटिव शेड कैरेक्टर निभाया है, यह फिल्म की विलेन भी कही जा सकती है। इस फिल्म में सोहा दर्शकों को बहुत हद तक डराने में कामयाब रही हैं।

# आपको अगर ऐसे खुशी मिलती है तो...

## प्लास्टिक सर्जरी के दावों और ट्रोलिंग पर मौनी ने तोड़ी चुप्पी



अभिनेत्री मौनी रॉय को प्लास्टिक सर्जरी करवाने की खबरों के बाद ट्रोल किया जा रहा है। हाल ही में एक कार्यक्रम में उन्होंने लगातार हो रही ट्रोलिंग पर अपनी चुप्पी तोड़ी। अभिनेत्री मौनी रॉय अपनी प्लास्टिक सर्जरी करवाने की खबरों के वायरल होने के बाद से चर्चा में हैं। हाल ही में एक कार्यक्रम में अभिनेत्री ने पिछले कुछ महीनों से लगातार हो रही ट्रोलिंग पर अपनी चुप्पी तोड़ी। अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें उन बेकार ट्रोल्स की परवाह नहीं है, जो मतलबी टिप्पणियां पोस्ट करके खुशी पाते हैं।

### ट्रोलिंग पर मौनी की प्रतिक्रिया

हाल ही में मीडिया से बातचीत के दौरान एक पत्रकार ने उनसे ट्रोलिंग के बारे में पूछा। अपनी ट्रोलिंग के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, कुछ नहीं, देखती ही नहीं। सबको अपना काम करने दो। मैं ऐसी टिप्पणियों पर ध्यान नहीं देती। अगर आप दूसरों को ट्रोल करने के लिए पर्दे के पीछे छिपते हैं और अगर आपको इसमें खुशी मिलती है तो ऐसा ही हो।

### लुक चेंज होने पर ट्रॉल हुई थीं मौनी

मौनी रॉय हाल ही में अपनी आने वाली फिल्म भूतनी के ट्रेलर लॉन्च में शामिल हुईं। इस इवेंट में उनकी मौजूदगी ने ट्रोल्स को आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि मौनी के माथे में कुछ गड़बड़ है और कहा गया कि मौनी ने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है, जो गलत हो गई।



# सनी देओल के करियर की दूसरी सबसे बड़ी फिल्म बनी जाट, वीकेंड 40 करोड़ के पार

10 अप्रैल को सिनेमाघरों में पहुँची सनी देओल की फिल्म जाट सधे हुए कदमों से बॉक्स ऑफिस पर अपना सफल प्रदर्शन जारी रख रही है। फिल्म को दर्शकों द्वारा पसन्द किया जा रहा है। माउथ पब्लिसिटी के सहारे अब दर्शकों की पदचाप सिनेमाघरों में ज्यादा सुनाई दे रही है। दक्षिण भारत के ख्यातनाम प्रोडक्शन हाउस माइथ्री मूवी के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी ने किया है। फिल्म के एक्शन दृश्यों को दर्शकों द्वारा सराहा जा रहा है। हालांकि फिल्म को लेकर जो बज क्रिएट किया गया था, उसके अनुरूप फिल्म बॉक्स ऑफिस पर प्रदर्शन नहीं कर पा रही है। फिल्म ने अब तक 40 करोड़ रुपयों की कमाई कर ली है। सेकनिल्क रिपोर्ट में कहा गया है कि जाट ने रिलीज के चौथे दिन ?14.06 करोड़ कमाए। यह फिल्म का अब तक का सबसे अधिक एकल दिन का कलेक्शन है। साथ ही पहली बार जाट ने रिलीज के बाद से दोहरे अंकों का आंकड़ा हासिल किया है। रविवार को जाट की हिंदी ऑक्यूपेंसी 25.51% रही। सुबह के शो में ऑक्यूपेंसी 11.67% रही, जबकि दोपहर के शो में 30.93% रही। शाम के शो में ऑक्यूपेंसी थोड़ी बेहतर रही, जो 33.93% रही। बता दें कि सनी देओल स्टारर फिल्म गदर-2 इससे पहले रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की थी। अब सनी देओल की जाट ने भी लोगों का दिल जीता है। सेकनिल्क के आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने पहले दिन महज 9.75 करोड़ रुपयों की ओपनिंग की थी। अब फिल्म का कलेक्शन 4 दिनों में 40 करोड़ रुपयों के पार हो गया है। फिल्म ने पहले दिन ?9.5 करोड़ की कमाई की। दूसरे दिन, कलेक्शन ?7 करोड़ रहा, जबकि तीसरे दिन कलेक्शन ?9.75 करोड़ रहा।



## सलमान की कार को बम से उड़ाने की धमकी

जानेमाने अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। इससे पहले सिकंदर के प्रमोशन के दौरान अभिनेता ने लगातार मिल रही धमकियों पर कहा था कि भगवान, अल्लाह सब ऊपर हैं। जितनी उम्र लिखी है, उतनी लिखी है। साथ ही सुरक्षा के कारण आने वाली समस्याओं का भी जिक्र किया था। बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। इस बार मुंबई के वर्ली परिवहन विभाग के व्हाट्सएप नंबर पर धमकी भरा संदेश भेजा गया है। इसमें अभिनेता के घर में घुसकर जान से मारने की धमकी दी गई है। साथ ही धमकी देने वाले ने सलमान की कार को बम से उड़ाने की भी धमकी दी है। घटना के बाद वर्ली पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी फिलहाल धमकी देने वाले की तलाश में जुट गए हैं। संदेश कहां और कैसे भेजा गया? इसकी जांच भी शुरू कर दी गई है।



# ऋचा ने लोगों में बढ़ती उदासी के बारे में की बात

एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने अपने ताजा पोस्ट के माध्यम से लोगों में बढ़ती उदासी को दर्शाते हुए समाज को आईना दिखाया है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, पिछले कुछ महीनों से, मैं एक नई मां के रूप में अपने जीवन का अनुभव करते हुए, लगभग एक गवाह के रूप में, किसी चीज से जूझ रही हूं... और उसके साथ ही समुद्र की लहरों की तरह आने वाली भावनाएं। उच्च ज्वार (हाई टाइड) और निम्न ज्वार (लो टाइड)।

फुकरे की एक्ट्रेस ने आगे कहा, मैं चाहे किसी से भी बात करूं, चाहे वे भारत में रहते हों या नहीं, चाहे वे युवा हों या बूढ़े, चाहे वे किसी भी लिंग के हों, चाहे वे नास्तिक हों या ईश्वर-भक्त, चाहे वे कलाकार हों या सामान्य - एक अकथनीय उदासी है। आसन्न और आसन्न विनाश की भावना, एक प्रकार की सुन्न निराशा, जो संघर्ष से पैदा होती है। एआई के बढ़ते प्रभाव के बारे में बोलते हुए, उन्होंने आगे कहा, आर्थिक अनिश्चितता मदद नहीं करती है। एक भावना है कि या तो वे इस तेजी से बदलती दुनिया में प्रासंगिकता खो देंगे या उनकी नौकरी अप्रचलित हो सकती है। एआई के सामने यह एक बहुत ही वास्तविक डर है। मैं समझती हूं। युवाओं में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के तेजी से बढ़ने के बारे में बात करते हुए, ऋचा ने लिखा, भविष्य को लेकर चिंता व्याप्त है, चाहे आप इसे किसी भी नजरिए से देखें।

शायद महामारी ने हमें और हमारे आस-पास के माहौल को उससे कहीं ज़्यादा बदल दिया है, जितना हम खुद को स्वीकार कर सकते हैं। जहां तक स्वास्थ्य का सवाल है, अराजकता भी है। जबकि कई लोग इस वास्तविकता को स्वीकार कर रहे हैं कि प्रकृति ही धन का स्रोत है और विकास हमारे आवास की कीमत पर नहीं हो सकता, अधिकांश लोग इस बात से चिंतित हैं कि युवा भी मर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, कुछ बदल गया है। कुछ गड़बड़ है। शायद जिस दुनिया में हम रहते हैं, उसके बारे में जो कुछ भी बताया गया है, वह झूठ है। शायद हमें सच्चे मानव स्वभाव के बारे में जो कुछ भी नहीं बताया गया है, वह एक पागल, दुखी आदमी की कल्पना के अलावा और कुछ नहीं है। ऋचा ने निष्कर्ष निकाला, लोग खुश नहीं हैं।



## फैंस के लिए शाहरुख खान के बंगले में रात बिताने का मौका

शाहरुख खान अपने फैंस को एक अनोखा तोहफा दे रहे हैं। अब आप उनकी शाही लाइफस्टाइल को एक रात के लिए जी सकते हैं। कैलिफोर्निया के बेवर्ली हिल्स में उनका शानदार बंगला किराए पर उपलब्ध है। यह आलीशान घर मशहूर रोडियो ड्राइव से बस कुछ मिनट दूर है। इसमें छह खूबसूरत बेडरूम हैं, जो मेहमानों को एक शानदार अनुभव देगा।

**खर्च करने होंगे इतने रुपये**

आर्किटेक्चरल डाइजेस्ट की रिपोर्ट के अनुसार इस बंगले में मेहमान शानदार सुविधाओं का आनंद ले सकते हैं। इस घर में हर वह सुविधा है, जो एक सपनों के घर में होनी चाहिए। इसमें लोग चमकते स्विमिंग पूल में तैर सकते हैं, जकूजी में आराम कर सकते हैं, निजी केबिन में सुकून भरे पल बिता सकते हैं या टेनिस कोर्ट पर दोस्तों के साथ खेल सकते हैं। शाहरुख ने 2019 में इस घर की तस्वीरें एक्स पर साझा की थीं, जिसने सबका ध्यान खींचा था। अब जो लोग मोटी रकम खर्च कर सकते हैं, उनके लिए यह विला एक रात के लिए एक लाख 96 हजार रुपये में खुला है।

**शानदार है शाहरुख का बंगला**

विला का अंदरूनी हिस्सा देखकर आप हैरान रह जाएंगे। यह आधुनिक और पुराने डिजाइन का शानदार मिश्रण है। सफेद और बेज रंग की दीवारें शांति का एहसास कराती हैं। दीवारों पर सजी पेंटिंग्स, खूबसूरत आइने घर को और रौनक देते हैं। शानदार फर्नीचर इस घर को और भी खास बनाते हैं।

# साउथ फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर चर्चा में तमन्ना, इन हिंदी फिल्मों में भी निभाए अलग किरदार

➢ **तमन्ना भाटिया साउथ फिल्मों की एक मशहूर एक्ट्रेस हैं, वह दक्षिण भारतीय फिल्मों के अलावा हिंदी फिल्मों में भी अभिनय कर चुकी हैं। तमन्ना की अलग-अलग जॉनर की हिंदी फिल्मों, किरदारों के बारे में जानिए।**

जल्द ही तमन्ना भाटिया की एक दक्षिण भारतीय फिल्म 'ओडेला 2' रिलीज होगी। इस सुपरनेचुरल थ्रिलर में वह एक शिक्त भक्त बनीं, जो लोगों की मदद करती है। फिल्म में तमन्ना का लुक काफी चर्चा में बना हुआ। तमन्ना दक्षिण भारत में जितनी मशहूर हैं, उतनी ही फेमस वह हिंदी फिल्मों में भी हैं। जानिए, अब तक तमन्ना ने किस तरह की हिंदी फिल्में की हैं।


साल 2022 में तमन्ना भाटिया ने हिंदी फिल्म 'बबली बाउंसर' की, इस फिल्म में एक महिला बाउंसर का किरदार निभाया। फिल्म में वह एक हरियाणवी लड़की के रोल में दिखीं, जो बाउंसर बनती है और लोगों की मदद करती है। इस फिल्म को मधुर भंडारकर ने निर्देशित किया था। अक्षय कुमार की कॉमेडी फिल्म 'एंटरटेनमेंट( 2014 )' में तमन्ना ने कॉमिक रोल किया। फिल्म में वह अक्षय के किरदार की प्रेमिका बनीं। अक्षय के साथ तमन्ना की जोड़ी पर्दे पर खूब जमी थी। इस फिल्म को साजिद-फरहाद ने निर्देशित किया था।

### हिम्मतवाला

फिल्म 'हिम्मतवाला( 2013 )' में तमन्ना भाटिया ने कॉमिक रोल किया। फिल्म में अजय देवगन ने लीड रोल किया था। फिल्म को साजिद खान ने निर्देशित किया। यह फिल्म 1983 में रिलीज हुई जितेंद्र और श्रीदेवी की फिल्म 'हिम्मतवाला' का रीमेक थी।

### वेदा

फिल्म 'वेदा( 2024 )' में तमन्ना ने



जॉन अब्राहम के किरदार अभिमन्यु की पत्नी का रोल किया। फिल्म में तमन्ना का कैमियो रोल था लेकिन यह किरदार फिल्म की कहानी में अहम भूमिका निभाता है। इस फिल्म को निखिल आडवाणी ने निर्देशित किया था।